

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 गंभीर बोले-सिर्फ शतक नहीं, जीत जरूरी...

ग्रीस दौरे पर पहुंचे भारतीय वायुसेना प्रमुख एपी सिंह... 12

वर्ष : 13 | अंक : 76 | पटना, गुरूवार, 26 जून, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com

## स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए शुभांशु शुक्ला, फ्लोरिडा से एक्सिओम-4 मिशन लॉन्च

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत ने अंतरिक्ष की ओर नई उड़ान भरी है। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए हैं। फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर में कॉम्प्लेक्स 39ए से एक्सिओम-4 मिशन को लॉन्च किया गया। शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री एक्सिओम स्पेस के एक मिशन के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा पर निकले हैं। सफल लॉन्चिंग के बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सोशल मीडिया के जरिए अपडेट दिया। नासा ने एक्स पर लिखा, हमने एक्सिओम मिशन 4 की उड़ान भरी है। एक्स-4 मिशन 25 जून को सुबह 2:31 बजे (भारतीय समयानुसार, दोपहर 12:01 बजे) पर लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39ए से उड़ान भर गया, जिसमें चार निजी अंतरिक्ष यात्री 14 दिनों तक के मिशन के लिए स्पेस स्टेशन पर गए। एक्सिओम स्पेस ने भी पोस्ट किया है, जिसने लिखा, एएक्स-4 के लिए उड़ान। एएक्स-4 का चालक दल स्पेस स्टेशन की ओर बढ़ रहा है। इस मिशन में शामिल स्पेसएक्स ने जानकारी दी कि ड्रैगन फाल्कन 9 के दूसरे चरण से अलग हो गया है। नासा ने अंतरिक्ष यान के अलग होने की पुष्टि की। नासा ने लिखा, अपने स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में स्वतंत्र रूप से उड़ान भरते हुए एएक्स-4 के चालक दल स्पेस स्टेशन की अपनी यात्रा के एक कदम और करीब आ गए हैं। फाल्कन 9 रॉकेट पर लॉन्च होने के बाद क्रू नए स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट पर ऑर्बिटिंग प्रयोगशाला की यात्रा करेगा। ये 14 दिन का मिशन है। शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जैव प्रौद्योगिकी विभाग और नासा के संयुक्त सहयोग से विकसित उन्नत खाद्य और पोषण संबंधी प्रयोगों का संचालन करेंगे। बेटे को अंतरिक्ष में उड़ान भरते हुए देखकर शुभांशु शुक्ला का परिवार काफी भावुक हो गया। शुभांशु की मां की आंखों में आंसू भर आए। लखनऊ में शुभांशु शुक्ला के माता-पिता ने एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्चिंग की लाइव तस्वीरें देखीं। मिशन के उड़ान भरने पर वे जश्न मनाते हुए नजर आए।





### राष्ट्रपति मुर्मू व पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली/एजेंसी। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के एक्सिओम-4 मिशन के सफलतापूर्वक उड़ान भरने पर बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी। राष्ट्रपति ने इस मिशन को लेकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने भारत के लिए अंतरिक्ष में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। उनके अमेरिका, पोलैंड और हंगरी के साथी अंतरिक्ष यात्री साबित करते हैं कि दुनिया वास्तव में एक परिवार है। वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं। वह अपने साथ 1.4 बिलियन भारतीयों की इच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर चले हैं।उन्हें और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को सफलता की शुभकामनाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### जन सुराज को स्कूल बैग चुनाव चिन्ह आवंटित

पटना। जन सुराज पार्टी के पांच संकल्पों में पहली प्राथमिकता बिहार के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इसी को ध्यान में रखते हुए जन सुराज ने चुनाव आयोग से चुनाव चिन्ह स्कूल बैग की मांग की थी, जिसे आयोग ने स्वीकार कर लिया है। निर्वाचन आयोग ने जन सुराज पार्टी को चुनाव चिन्ह स्कूल बैग आवंटित कर दिया है। जन सुराज के सभी 243 प्रत्याशी स्कूल बैग के निशान पर चुनाव लड़ेंगे।

### बेगूसराय के प्रखंड कृषि पदाधिकारी निलंबित

पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा मक्का बीज वितरण में पाई गई अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। विभागीय स्तर पर पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें मक्का बीज वितरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। संयुक्त निदेशक कृषि, मुंगेर के द्वारा प्राप्त अनुशंसा के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि बेगूसराय जिले के एक प्रखंड में बीज वितरण में लापरवाही बरती गई है। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बेगूसराय (सदर) रत्नेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसानों के अधिकारों और योजनाओं के लाभ में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन जिलों में भी ऐसी अनियमितताओं की सूचना प्राप्त हो रही है, वहां संबंधित पदाधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज और अन्य संसाधनों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### अघोषित आपातकाल के दौर से गुजर रहा है देशः हरिप्रसाद

पटना। देश अघोषित आपातकाल के दौर से गुजर रहा है। यह अमृतकाल नहीं बल्कि देश के लिए राहुकाल है। बिहार में 33 घोटाले गिनाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कितने घोटालों की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की है, ये बातें कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य बी के हरिप्रसाद ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य बी के हरिप्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 51 वें बिहार दौरे पर 200 सभाएं करने वाले घोषणावीर प्रधानमंत्री के एक दौरे पर लगभग 100 करोड़ रुपए खर्च होते हैं। मेक इन इंडिया के नाम पर इंजन फैक्ट्री जिसे यूपीए ने शुरू किया अपना नाम दे दिया और चीनी मिल को चालू करने का वादा करने वाले पीएम अब तक बिहार के चीनी मिल के चीनी से चाय नहीं पी पाएं। उन्होंने इस दौर को अघोषित आपातकाल करार देते हुए कहा कि जो सवाल करेगा उसे जेल में भेजने का काम वर्तमान सरकार कर रही है। गुजरात मॉडल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जमीनी हकीकत कुछ और है लेकिन उसे छिपाकर हौव्वा बनाया गया है। देश को गांधी और गोडसे के बीच लाकर छोड़ दिया गया है। आपातकाल को गैर संवैधानिक कहने वालों को जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिकी दबाव में देश को अराजकता की ओर झोंकने वाले अमेरिकी पोषित नेताओं, गुंडों और अराजक तत्वों को जेल में संवैधानिक तरीके सेआपातकाल लगाकर पूर्व

## आपातकाल के 50 साल : पीएम और सीएम ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

## आपातकाल में कांग्रेस ने लोकतंत्र को किया कैद, प्रेस की आजादी छीनी : मोदी



प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर इसे देश के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय और संविधान हत्या दिवस बताया और आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को सलाम किया। श्री मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आज भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक, आपातकाल लागू होने के 50 साल पूरे हो गए हैं। भारत के लोग इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दिन, भारतीय संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, प्रेस की आजादी को खत्म कर दिया गया और कई राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया। ऐसा लग रहा था जैसे उस समय सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि द इमरजेंसी डायरीज में आपातकाल के वर्षों के दौरान मेरी यात्रा का वर्णन है। इसने उस समय की कई यादें ताजा कर दीं। श्री मोदी ने कहा, मैं उन सभी लोगों से अपील करता हूँ जो आपातकाल के उन काले दिनों को याद करते हैं या जिनके परिवारों ने उस दौरान कष्ट झेले हैं, वे अपने अनुभवों को सोशल मीडिया पर साझा करें। इससे युवाओं में 1975 से 1977 तक के शर्मनाक समय के बारे में जागरूकता पैदा होगी। उन्होंने आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को सलाम किया, जिनकी सामूहिक लड़ाई ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार को लोकतंत्र बहाल करने और चुनाव कराने पर मजबूर किया। उन्होंने कहा कि 42वें संशोधन में संविधान में व्यापक परिवर्तन किए गए जो आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस सरकार की चालों का एक ज्वलंत उदाहरण है, जिसे जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने बाद में पलट दिया था। गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों को विशेष रूप से निशाना बनाया गया और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाई गई। श्री मोदी ने कहा कि हम अपने संविधान में निहित सिद्धांतों को मजबूत करने और विकसित देश के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं। हम प्रगति की नई ऊंचाइयों को छूएं और गरीबों तथा दलितों के सपनों को साकार करें। यही हमारी प्रतिबद्धता है।

### भारत की नई पीढ़ी को कभी नहीं भूलना चाहिए

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, आपातकाल के दौरान मैं एक युवा आरएसएस प्रचारक था। आपातकाल विरोधी आंदोलन मेरे लिए एक बड़ा सीखने का अनुभव था। इसने हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को संरक्षित रखने की महत्ता को और मजबूत किया। साथ ही, मुझे विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं के लोगों से बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने उन अनुभवों को एक किताब के रूप में संकलित किया है, जिसकी प्रस्तावना एचडी देवेगौड़ा ने लिखी है, जो स्वयं आपातकाल विरोधी आंदोलन के एक मजबूत नेता रहे हैं। द इमरजेंसी डायरीज में मैंने आपातकाल (1975-1977) के दौरान के अपने सफर को साझा किया है। इसने उस समय की कई यादें ताजा कर दी। मैं उन सभी लोगों से आग्रह करता हूं, जिन्हें आपातकाल के वो काले दिन याद हैं या जिनके परिवारों ने उस समय कष्ट झेले, वे अपने अनुभव सोशल मीडिया पर साझा करें। इससे युवाओं में उस शर्मनाक दौर के बारे में जागरूकता बढ़ेगी। इस किताब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 जून 2024 को आपातकाल के काले दिनों को याद करते हुए दिए बयान का जिक्र किया गया है। इसमें कहा गया, भारत की नई पीढ़ी को कभी नहीं भूलना चाहिए कि कैसे संविधान को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया।

## तानाशाही का प्रतीक था आपातकाल : नीतीश

प्रातः किरण

पटना। आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और इसे तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार की तानाशाही का प्रतीक बताया। उन्होंने बताया कि आपातकाल में जनता की अभिव्यक्ति की आजादी पर पाबंदी लगा दी गई थी। हम सभी साथियों को तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाने के लिए जेल में बंद कर दिया गया था। सीएम नीतीश ने कहा कि बिहार ने हमेशा संविधान, न्याय, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय की भावना को अपने विकास का मार्ग बनाया है। हम संविधान के आदर्शों की रक्षा के लिए सदैव सजग एवं तत्पर रहेंगे। देश में आपातकाल के बुधवार को 50 साल पूरे हो गए। 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगाया गया था। इसी क्रम में सीएम नीतीश ने उस दौर को याद करते हुए अपनी बात रखी। सीएम नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 25 जून, 1975 का वो दिन हम सभी को याद है, जब देश में आपातकाल लागू हुआ था। इसे स्वतंत्र भारत के इतिहास का काला दिन कहा जाता है। साल 1975 का आपातकाल तत्कालीन



सरकार की तानाशाही का प्रतीक था। आपातकाल में जनता की अभिव्यक्ति की आजादी पर पाबंदी लगा दी गई थी। आपातकाल के खिलाफ लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी ने आंदोलन शुरू किया। मैंने भी अपने कई साथियों के साथ इस आंदोलन में भाग लिया तथा आपातकाल का सक्रिय विरोध किया। हम सभी साथियों को तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाने के लिए जेल में बंद कर दिया गया। लेकिन, देशवासियों ने एकता और साहस का परिचय दिया। एकजुट होकर हमने लड़ाई लड़ी। उन्होंने आगे लिखा, आप सभी को पता है कि लोकतंत्र के मूल में जनता की आवाज होती है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम हर परिस्थिति में उसकी रक्षा करें। बिहार ने हमेशा संविधान, न्याय, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय की भावना को अपने विकास का मार्ग बनाया है। हमारा यह संकल्प रहे कि हम संविधान के आदर्शों की रक्षा के लिए सदैव सजग एवं तत्पर रहेंगे।

### कांग्रेस सरकार ने संविधान की मयार्दा को तार-तार किया :

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर एक्स पोस्ट में लिखा, 25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक ऐसा काला अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। दंभ से भरी, निरंकुश कांग्रेस सरकार ने संविधान की मयार्दा को तार-तार किया, अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंटा। भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर विश्वास रखने वाले तथा देश के संविधान की गरिमा के प्रति समर्पित लोग, 25 जून को कभी भूल नहीं पाएंगे।

## कांग्रेस का आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर काला धब्बा: अनुराग

प्रातः किरण/एजेंसी

मोतिहारी/ पटना । पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने देश में कांग्रेस द्वारा लगाये गए आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर बिहार के मोतिहारी व मुजफ्फरपुर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आपातकाल के दौरान कांग्रेसी अत्याचारों पर विस्तार से अपने विचार रखे। श्री ठाकुर ने कहा कि इंदिरा गांधी ने संविधान को ताक पर रखा तो वहीं राहुल गांधी उसे जेब में रखते हैं। श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा आज से ठीक 50 साल पहले कांग्रेस की दमनकारी नीतियों,सत्ता पिपाशा व तानाशाही मानसिकता ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र के ऊपर कभी ना मिटने वाला धब्बा लगाया था। अपनी महत्वाकांक्षा के चलते उन्होंने रातों रात लाखों निरअपराध लोगों को जेलों में ठूँस दिया,प्रेस की आजादी पर ताला लगा दिया,लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी छीन ली।देशहित से ऊपर एक परिवार एक व्यक्ति के अहंकार को रखा गया। आपातकाल के विरुद्ध लाखों लोगों ने आंदोलन किया था। देशभर में युवाओं, पत्रकारों और कार्यकताओं को गिरफ्तारियां देनी पड़ीं,कई लोगों को जेल में रखा गया,अनेक यातनाएं दी गईं। इंदिरा गांधी ने संविधान को ताक पर रखा तो वहीं राहुल गांधी उसे जेब में रखते हैं। कहा कि 1975 के आपातकाल को भले ही 50 साल हो गए हों, लेकिन कांग्रेस के अन्याय, अत्याचार और तानाशाही की यादें अभी भी सभी के दिमाग में ताजा हैं।

## पद की गरिमा घटाने वाले करते हैं आपातकाल की बात : कांग्रेस

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि उन्होंने प्रधानमंत्री पद की गरिमा घटाई है और देश के संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं और अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संविधान बचाओ अभियान की लोकप्रियता से घबराकर आपातकाल की बात कर अपनी सरकार की विफलता को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं। श्री खरगे ने बुधवार को यहां पार्टी के नये मुख्यालय इंदिरा भवन में विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी देश में संघवाद की बात कर सभी राज्यों के साथ समानता की बात करते हैं, लेकिन सच यह है कि भारतीय जनता पार्टी और गैर-भाजपा शासित राज्यों के प्रति उनका नजरिया भिन्न-भिन्न होता है। श्री मोदी और उनकी सरकार संविधान और लोकतंत्र की सुरक्षा करने में असफल रही है और विपक्ष के साथ जबरदस्त भेदभाव कर देश को बर्बाद करने का काम कर रही है। उनका कहना था कि जब पूरा देश पहलगाम हमले के बाद एकजुट था और कांग्रेस सहित सारे विपक्ष ने सरकार के हर फैसले में उसका साथ दिया तो जवाब में मोदी सरकार जनता और लोकतंत्र के हितों को महत्व देने की बजाय आपातकाल की बात कर विपक्ष के खिलाफ साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी कह रहे हैं कि आपातकाल में देश के लोकतंत्र को खत्म कर दिया गया था और अब उसे बहाल किया जा रहा है। कमाल यह है कि संविधान बचाने की बात वे कर रहे हैं जिनका देश की आजादी के आंदोलन और संविधान निर्माण में कोई योगदान नहीं रहा। जिन लोगों ने इस संविधान को बनाने में सहयोग नहीं दिया।

## मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

## सीएम नीतीश ने 101 सहायक वास्तुविदों को सौंपा नियुक्ति पत्र

प्रातः किरण/एजेंसी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में भवन निर्माण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित 101 सहायक वास्तुविदों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त सहायक वास्तुविदों अंकिता प्रसून, नयन दीप, छोटू कुमार, आकाश कुमार, मो मेहंदी हसन एवं शालिनी साहा को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज के इस कार्यक्रम में बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित 101 सहायक वास्तुविदों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है, मैं आप सभी को बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ और आपसे



उम्मीद करता हूं कि आप अच्छे ढंग से अपने कार्य का निर्वहन करेंगे। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कई आईकोनिक भवन बनाये गये हैं जिसमें वास्तुविदों की प्रमुख भूमिका रही है। इन नये वास्तुविदों की नियुक्ति के बाद सरकार की परिकल्पना के अनुसार और भी बेहतर भवनों का निर्माण होगा तथा बिल्डिंग बाईलॉज के अनुसार भवनों के निर्माण में बेहतर अनुश्रवण हो सकेगा। राज्य में बड़े पैमाने पर हो रहे निर्माण कार्यों के अनुश्रवण के लिए वास्तुविदों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए भवन निर्माण विभाग अंतर्गत नए सिरे से वास्तुविद् सेवा संवर्ग का गठन किया गया है। नवनियुक्त वास्तुविदों की सेवा भवन निर्माण विभाग के अतिरिक्त गृह विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, शिक्षा विभाग, पथ निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग, उद्योग विभाग के अंतर्गत निगमों तथा प्राधिकरणों में स्वीकृत पदों के अनुरूप सौंपी जाएगी। 101 चयनित वास्तुविदों में प्लानिग में पी०जी० की योग्यता रखने वाले 31, आपदा जोखिम में विशेषज्ञता रखने वाले 02, अरबन डिजाईनिंग के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले 02 एवं लैंडस्केपिंग के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

ऐसे वास्तुविद जो विशेष योग्यता रखते हैं, उनकी योग्यता के अनुसार उनको कार्य आवंटित करने का प्रस्ताव है। वास्तुविदों का कार्य इमारतों की डिजाईन बनाने के साथ-साथ पूरी निर्माण प्रक्रिया का रचनात्मक एवं तकनीकी मार्गदर्शन करना होता है ताकि निर्मित भवन सुंदर तथा उपयोगी हो। साथ ही वहां धूप, हवा एवं रोशनी का संतुलन हो।

### ये रहें मौजूद :

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, भवन निर्माण विभाग के सचिव सह मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं नवनियुक्त सहायक वास्तुविद उपस्थित थे।

## आपातकाल की याद को जीवंत रखना जरूरीः शाह

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि जनता के मन में लोकतंत्र की महत्ता और आस्था को बनाए रखने के लिए आपातकाल की याद जीवंत रखना जरूरी है और यदि इसे भुला दिया जाए तो यह लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए एक बहुत बड़ा खतरा बन सकता है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री शाह ने आज यहां प्रधानमंत्री संग्रहालय में आपातकाल के 50 वर्ष विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया है। आपातकाल जैसी घटना, लोकतंत्र की नींव को हिला दिया था यदि उसकी स्मृति समाज के मन से मिटने लगे, तो यह किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए एक बहुत बड़ा खतरा बन सकता है। ऐसी घटनाओं की स्मृति युवाओं और किशोरों की चेतना से धीरे-धीरे मिटने लगती है, तब इस प्रकार की संगोष्ठियां और संविधान हत्या दिवस जैसे आयोजन उस स्मृति को पुनर्जीवित करने का कार्य करते हैं।

### आपातकाल कांग्रेस की सत्ता की भूख का अन्यायकाल :

केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने एक्स हैंडल पर कहा कि आपातकाल कांग्रेस की सत्ता की भूख का अन्यायकाल था। 25 जून, 1975 को लगे आपातकाल में देशवासियों ने जो पीड़ा और यातना सही, उसे नई पीढ़ी जान सके, इसी उद्देश्य से मोदी सरकार ने इस दिन को संविधान हत्या दिवस का नाम दिया। उन्होंने लिखा, यह दिवस बताता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है, तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 26 जून, 2025

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### 29 जून को राजगीर बहुजन भीम संकल्प समागम में आने का दिया निमंत्रण

फतुहा। लोजपा (रामविलास) के पटना पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत यादव इन दिनों 29 जून को राजगीर बहुजन भीम संकल्प समागम महासभा को सफल बनाने के लिए डोर-टू-डोर लोगों से मिल रहें हैं और 29 जून को राजगीर आने के लिए निमंत्रण भी दे रहे हैं। इस संबंध में रंजीत यादव ने बताया कि बुधवार को जिला पटना पूर्वी में बाढ़ प्रखंड के सभी पंचायतों में घर-घर जाकर निमंत्रण दिए। इसमें देवेन्द्र पासवान, नितीश कुमार, बैजनाथ पासवान, श्याम सुंदर एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

### शिक्षा ही जीवन का आधार है:उषा देवी

पटना। शिक्षा ही जीवन का आधार है ये बातें सारण जिला के बनियापुर प्रखंड के हंसराजपुर गांव में आस फाउंडेशन छपरा के फाउंडर श्रीमती उषा देवी ने बच्चों को निःशुल्क पढ़ाते हुए कही। वही बच्चों को पाठ्य सामग्री भी मुहैया कराया। आस फाउंडेशन द्वारा लगातार ग्रामीण इलाकों में लोगों को शिक्षा, सफाई के प्रति जागरुक किया जा रहा है। मौके पर चन्द्रहंस प्रसाद, मुन्ना कुमार, बिमला देवी, रामावती देवी, सबिता देवी अनीता देवी, मनोज कुमार एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### विभिन्न पदो की मतगणना कि तैयारी में जुटा प्रशासन

दानापुर। नगर के नौबतपुर नगर के अंतर्गत 30 जून को होने वाली नौबतपुर नगर पंचायत के विभिन्न पदो की मतगणना अलख वर्ग कैंट मध्य विद्धालय में तैयारी में प्रशासन जुट गया है। मतगणना को लेकर सुरक्षा एवं शांति को लेकर अनुमंडलाधिकारी ने निर्देश जारी किये है। मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद व 15 वार्डो के लिए अलग अलग 15 टेबल बनाये जा रहे है। जिसमें तीनो के लिए पांच-पांच टेबल होगे। शांतिपूर्ण मतगणना को लेकर अनुमंडलाधिकारी दिव्या शक्ति ने आगामी 29 जून से मतगणना समापति तक मतगणना स्थल से 200 गज की दूर तक निषेधाज्ञा जारी किया है। उधर मतगणना को लेकर तैयारी की जा रही है।

### बदमाश ने एक कार से लैपटाप व बैग निकल कर हुआ फरार

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत नासरीगंज पुलिस चौकी के निकट जाम का फायदा उठाते हुए बदमाश ने एक कार से लैपटाप व बैग निकल कर फरार हो गये। बदमाशो ने कार में कुछ स्प्रे किया। जिससे कार सवार सुमन सौरभ व अनुपमा बाहर निकल कर देखने लगी। तभी दूसरी ओर से बदमाश बैग निकाल लिया। सारी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। शिकायत पर पुलिस छानबीन मे जुटी। बताया जाता है की कंकड़बाग निवासी अनुपमा दानापुर के न्यू पाटलिपुत्रा सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक में प्रबंधक है। वो कार से सुमन सौरभ के साथ बैक आ रही थी। इस दौरान जाम में फंस गयी। जाम के कारण गाड़ी सड़कती रही इसी क्रम में नासरीगंज पुलिस चौकी के निकट किसी ने स्प्रे किया। जिससे दोनो खांसने लगे और कार से बाहर आकर देखने लगे तभी दूसरी ओर से बदमाशो ने कार लैपटाप व बैग ले भागे। बैग में मोबाइल का कुछ पैसे थे। प्रभारी थानाध्यक्ष सिंटू कुमार झा ने बताया कि घटना घटी छानबीन की जा रही है।

### फक्कर महतो घाट पर नहाने के दौरान डूबे युवक का शव बरामद

दानापुर। नगर के अंतर्गत नासरीगंज के फक्कर महतो घाट पर नहाने में दौरान डूबे युवक का शव बुधवार को बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शव का शिनाख्त नही हो सका है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि गंगा मे डूबे युवक का शव फक्कर महतो घाट के पास से बरामद किया गया है। मृतक काले रंग का फूलपैंट पहना है। शव शिनाख्त को लेकर प्रयाश किया जा रहा है। फिलहाल शव को सुरक्षित रखा गया है।

### 13वीं बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर लालू प्रसाद यादव को राजद कार्यकताओं ने दिया बधाई

फतुहा। बुधवार को फतुहा प्रखंड अध्यक्ष अरविन्द यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को 13वीं बार राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दिया है। इस अवसर पर अरविन्द यादव ने डा. भीमराव अंबेडकर के लालू प्रसाद यादव को दूसरे अंबेडकर की संज्ञा दी है। प्रखंड के सभी कमिटी, ग्राम पंचायत के सभी कमिटी द्वारा लालू प्रसाद यादव को बधाई दिया है। पटना जिला राजद के महासचिव भोला सिंह, महासचिव मनोज यादव, महेन्द्र यादव, उपाध्यक्ष ऋषिकेश यादव, प्रियरंजन सहाय, दिलीप मुखिया, विभू सिंह, पारस यादव, सूर्य प्रकाश कुमार, सातो मुखिया, पूर्व प्रमुख संजय राय, कुणाल कुमार, शंभू यादव, विजेन्द्र राय, मनोज राय सहित सैंकड़ों कार्यकताओं ने बधाई दिया है।

## 507 एचडब्ल्यूसी के नेशनल सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू

# एनक्वास सर्टिफिकेशन के लिए 542 स्वास्थ्य संस्थानों का होगा इंटरनल असेसमेंट

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। स्वास्थ्य संस्थानों पर सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए उनका सर्टिफिकेशन कराया जा रहा है। इसी कड़ी में राज्य के 542 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का इंटरनल असेसमेंट कराया जाएगा। यह इंटरनल असेसमेंट जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से की जाएगी।



असेसमेंट के दौरान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के 12 सेवाओं के गुणवत्ता की जांच कर प्रत्येक सेवाओं के लिए अंक दिए जाएँगे। राज्य की ओर से जिलों को उपलब्ध कराए गए एचडब्ल्यूसी के नाम में जिले बदलाव भी कर सकते हैं। इसके अलावा राज्य स्तर पर एनक्यूएएस से प्रमाणित 507 एचडब्ल्यूसी को राष्ट्रीय स्तर के प्रमाणीकरण के लिए आवेदित किया जा रहा है। एनक्यूएएस के नेशनल असेसर डॉ माहताब सिंह ने बताया कि प्राथमिक स्तर के एनक्यूएएस के सर्टिफिकेशन से वहां उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के साथ प्राथमिक स्तर की चिकित्सकीय सुविधाएं भी बढेंगी। ग्रामीण लोगों के समय और पैसे की बचत भी संभव हो पाएगी।

**2025 तक सभी कार्यरत एचडब्ल्यूसी को किया जाना है प्रमाणित**

मालूम हो कि स्वास्थ्य विभाग ने राज्य में कार्यरत सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को 2025 के अंत तक एनक्यूएएस से प्रमाणित करने का लक्ष्य रखा है। एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध कई सेवाओं की जांच की जाती है। यह जांच दो स्तर पर इंटरनल और एक्सटर्नल होती है। मूल्यांकन में जिन सेवाओं की जांच की जाती हैं उनमें सर्विस प्रोविजन, क्लीनिकल सर्विस, इंफेक्शन कंट्रोल, क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम, पेशेंट राइट्स सहित अन्य सेवाएं शामिल हैं। इन सभी सेवाओं में एक निर्धारित अंक स्वास्थ्य संस्थानों को हासिल करने के साथ इसे सस्टेन भी करना होता है। राज्य में जिला स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों से समुदाय स्तर के स्वास्थ्य संस्थानों की गुणवत्ता को बढ़ाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। इससे समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

## जेपी के सपनों का अपमान कर रहे हैं तेजस्वी यादव: ऋतुराज सिन्हा



● जातिवाद और झूठे वादों की राजनीति से बिहार के युवाओं को गुमराह कर रहीं विपक्ष

प्रात :किरण संवाददाता

पटना : संपूर्ण क्रांति आंदोलन की 50वीं वर्षगांठ के पर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने तेजस्वी यादव और उनकी राजनीति पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा, ह्यसमाजवाद के नाम पर जातिवाद और रोजगार के नाम पर केवल खोखली घोषणाएं यही तेजस्वी यादव की सियासत का सच है। जयप्रकाश नारायण और डॉ. राममनोहर लोहिया जिस समानता और भ्रष्टाचार-मुक्त भारत का सपना देख रहे थे, तेजस्वी यादव की राजनीति उस सोच से कोसों दूर है। ऋतुराज सिन्हा ने सवाल उठाया कि क्या तेजस्वी यादव समाजवादी आंदोलन की मूल आत्मा को आगे बढ़ा रहे हैं या उन महान नेताओं की विरासत का अपमान कर रहे हैं जिन्होंने बिहार और देश के लिए अपना सब कुछ समर्पित किया? उन्होंने कहा, कि 65 फीसदी आरक्षण की बात कर तेजस्वी जी नौजवानों को गुमराह कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि बिहार में कुल सरकारी नौकरियाँ 25 लाख से भी कम हैं, जबकि हर साल 50 लाख से अधिक युवा प्रतियोगी परीक्षाएँ देते हैं। ऐसे में सिर्फ आरक्षण का झुनझुना पकड़ा कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। श्री सिन्हा ने जोर देते हुए कहा कि बिहार को अब परिवारवाद, भ्रष्टाचार और जातिवाद की राजनीति से मुक्ति मिलनी चाहिए` तेजस्वी यादव का विकास मॉडल जातीय जनगणना, मुफ्त की घोषणाएं और भड़काऊ बयानबाजी मात्र है` ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि भाजपा का स्पष्ट मानना है कि बिहार को चाहिए अवसर, न कि भ्रम। जरूरत है समावेशी विकास की, न कि विभाजनकारी राजनीति की। जेपी के नाम पर सत्ता में पहुंचने वालों ने उनके ही सिद्धांतों को सबसे ज्यादा चोट पहुंचाई है। अब समय आ गया है कि बिहार की जनता असली और नकली समाजवादियों में फर्क करे।

## भाजपा ने आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया



प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। बुधवार को शहर के भाजपा कार्यालय में भाजपा संगठन जिला बाढ़ की ओर से आपातकाल के 50 वीं बर्षगांठ को काला दिवस के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में मनाया गया। संचालन जिला महामंत्री गजेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी एवं प्रर्दशनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम कृपाल यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने आपातकाल को काला दिन बताते हुए कांग्रेस सरकार और उस समय के प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जमकर अलोचना किया और बताया कि आपातकाल लगाकर काग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया था। उन्होंने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान में मिले आम लोगों को मौलिक अधिकार का भी हनन करने का काम किया। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज रंजन पटेल, संजय प्रसाद, रामानंद झा, डा. सिया राम सिंह, संजीव यादव, विजय यादव, ई. गोपाल शंकर सिंह, अरविंद यादव, भास्कर लाल पटवा, फतुहा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी सहित कई लोगों ने विचार व्यक्त किया।

## कार्यपालक पदाधिकारी जल जमाव वाले इलाके का जायजा लिया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत मोबाइल मानसुन व जल निकासी की समस्या के निदान को लेकर बुधवार को कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार ने संभावित जल जमाव वाले इलाके का जायजा लिया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी श्री कुमार स्वच्छता पदाधिकारी अर्पणा कुमारी, नगर प्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह, अमरेन्द्र कुमार कनीय अभियंता, सफाई निरीक्षक रंजीत कुमार व संजय कुमार के साथ बाजार समिति, घुडदौड़ रोड, कुसुमपुरम, नहर मार्ग के इलाके आदि का जायजा लिया। जगह जगह बुडको द्वारा नाला का पुरा निर्माण नही किये जाने से आ रही समस्या को देखा। इसको लेकर कार्रवाई करने की बात कही। कुसुमपुरम तीन मुहानी पर नाला निर्माण करने, नहर रोड के पाया संख्या 196 के निकट बने संप हाउस के स्टेक्चर पर लगाने व पाइप लगाने को निर्देश दिया। नगर प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि बुडको द्वारा नाला का निर्माण पूर्ण रूप से नही किया गया। जगह जगह नाला को छोड दिया गया है। उसका पुरा जुडाव नही होने से दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। साथ इससे पानी की निकासी की भी समस्या आ रही है। उन्होने कहा कि इसको लेकर विभाग को पत्र लिखने का निर्देश दिया गया है।

## नगर परिषद द्वारा लगाया गया वाटर एटीएम आरओ मशीन

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत नगर परिषद ने आने जाने वाले लोगो को स्वच्छ व शीतल जल निःशुल्क उपलब्ध कराने के दिशा में पहल करते हुए नगर परिषद द्वारा वाटर एटीएम आरओ मशीन लगाया गया। फिलहाल नासरीगंज प्राचीन देवी मंदिर एवं बीएस कॉलेज में इसकी शुरूआत की गयी। मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी वाटर एटीएम मशीन का उदघाटन किया। उन्होने कहा कि आम लोगो के सेवार्थ वाटर एटीएम मशीन दो स्थानो पर लगाया गया है। जल्दी ही गोलारोड, सगुना मोड़ व नहर टीप्वाईंट के पास लगाया जायेगा। ताकि आम लोग को शुद्ध व शीतल पेयजल मिल सके। इसके लग जाने से लोग शुद्ध व शीतल पेयजल ले सकेगे। कहा कि देखा जाता है कि यात्रियो व आम जनता को पेयजल के लिए बोतल बंद पानी लेने को विवश होना पडता था। गर्मी में समस्या अधिक होती थी। अब कोई भी आदमी यात्री आराम से पेय जल पा सकेगे। सार्वजनिक स्थल पर इसे लगाया गया है।

## शिक्षकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु ऑनलाइन व्यवस्था का पालन अनिवार्य

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। शिक्षा विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि शिक्षकों से प्राप्त विभिन्न प्रकार की शिकायतों के समाधान हेतु पहले से ही सुगम और प्रभावी ऑनलाइन प्रणाली ई-शिक्षाकोष पोर्टल के माध्यम से संचालित की जा रही है। इसके बावजूद यह देखा जा रहा है कि कुछ शिक्षकगण अपनी व्यक्तिगत समस्याओं के निराकरण हेतु सीधे राज्य मुख्यालय पहुंचकर विभिन्न पदाधिकारियों से संपर्क स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। ध्यान योग्य है कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों की संख्या लगभग 10 लाख है। यदि इनका आंशिक प्रतिशत भी राज्य मुख्यालय में अपनी समस्याएं लेकर आए, तो इससे न केवल शिक्षकों को असुविधा होगी, बल्कि विभागीय कार्यों के संचालन में भी बाधा उत्पन्न होगी। पूर्व में पत्रांक-27/गो०, 28.04.2025 द्वारा शिक्षकों को स्पष्ट निदेश दिया गया है कि किसी भी प्रकार की शिकायत केवल ऑनलाइन माध्यम से ही ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर दर्ज करायी जाए। विशेष रूप से हाल में संपन्न शिक्षक स्थानांतरण प्रक्रिया से संबंधित।

## पटना में स्पाइन क्लिनिक ओपीडी का हुआ उद्घाटन

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। पारस एचएमआरआई में बुधवार को स्पाइन क्लिनिक ओपीडी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार , स्पाइन सर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. गौतम आर प्रसाद, न्यूरोसर्जरी के डायरेक्टर एंड एचओडी डॉ. अंबुज कुमार , न्यूरोसर्जरी के चीफ कंसल्टेंट डॉ. वीर अभिमन्यु पंडित और न्यूरोसर्जरी के चीफ कंसल्टेंट डॉ.नीरज झा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। ओपीडी के बारे में बताते हुए स्पाइन सर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. गौतम आर प्रसाद ने बताया कि स्पाइन के मरीजों के लिए पारस एचएमआरआई, पटना में महीने के पहले और तीसरे गुरुवार को निःशुल्क ओपीडी की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इसके अंतर्गत डॉक्टरों द्वारा मुफ्त में परामर्श दी जाएगी। परामर्श के दौरान डॉक्टरों द्वारा लिखे गए टेस्ट में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस दौरान स्पाइन सर्वाइवर मीट का भी आयोजन किया गया, जिसमें राज्य भर के 30 स्पाइन सर्वाइवरों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्पाइन सर्वाइवर ने अपनी परेशानी और इलाज के दौरान आई परेशानियों के बारे में लोगों को बताया। कार्यक्रम में राहुल दयाल पारा नेशनल प्लेयर और मौजूद सभी लोगों ने मरीजों की हौसलाआफजाई की। हॉस्पिटल के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल में स्पाइन क्लिनिक ओपीडी की निःशुल्क सेवा मरीजों के लिए बेहतरीन साबित होगी। मरीजों को स्पाइन की हर परेशानी का यहां निदान होगा। हमलोग इस ओपीडी की शुरूआत का उद्देश्य स्पाइन के मरीजों को अत्याधुनिक इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इसके बारे में अत्यधिक जानकारी के लिए 8080808069 पर संपर्क कर सकते हैं। पारस एचएमआरआई के बारे में पारस एचएमआरआई पटना ने 2013 में परिचालन शुरू किया। यह बिहार का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है। जून 2024 में एक्सेस किए गए एनएबीएच पोर्टल के अनुसार, पारस एचएमआरआई अस्पताल, पटना 2016 में एनएबीएच मान्यता प्राप्त करने वाला बिहार का पहला अस्पताल था। 30 सितंबर 2024 तक इस अस्पताल की बेड क्षमता 350 बेडों की है, जिसमें 80 आईसीयू बेड शामिल हैं।

## वर्षा ऋतु में होने वाले सामान्य रोगों का आयुर्वेद में उपचार रामबाण : वैद्य प्रो. दिनेश्वर प्रसाद

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। वर्षा ऋतु को आयुर्वेद में ह्लदोषों की विकृति और रोगों की उत्पत्तिह्व की दृष्टि से संवेदनशील काल माना गया है। ग्रीष्म ऋतु में शरीर का जल तत्त्व नष्ट हो जाता है और वर्षा में वातावरण की नमी से वात दोष प्रबल हो जाता है। इसी कारण इस ऋतु में अनेक रोग उत्पन्न होते हैं। यथाजठराग्नि अग्नि मंदता जिसे समान्य भाषा में भुख में कमी कह सकते हैं।आयुर्वेद में (अजीर्ण) वात व पित्त दोष में वृद्धि, अनपच ,भूख न लगना, गैस, जुकाम-खांसी नमी, ठंडी हवाओं के चलने पर नाक बहना, सिरदर्द, गले में खराश जोड़ों का दर्द/गठिया वात का प्रकोप जोड़ों में अकड़न, सूजन त्वचा रोग (फंगल संक्रमण) नमी व गंदगी के कारण खुजली, चकत्ते, लालिमा विषम ज्वर (मलेरिया) डेंगू, वायरल फीवर ,मच्छरों के प्रकोप से बुखार, कंपकंपी, थकान उदर विकार (डायरिया, पेचिश) दूषित भोजन-पानी दस्त, पेट दर्द, कमजोरी इत्यादि की शिकायत होती है। आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से ऋतु अनुसार आहार-विहार का पालन में अनियमितता तथा ह्लऋतुचर्याह्व और ह्लदिनचर्याह्व का पालन न करने से दोषों का असंतुलन होता है।फलस्वरूप वात दोष का प्रबल होने से वर्षा ऋतु में विशेष रूप से वात दोष कुपित हो जाता है, जिससे वातज विकार बढ़ते हैं।जिससे मुख्य रूप से अग्नि मन्द्यः मंद जठराग्नि के कारण भोजन का पाचन नहीं हो पाता है जिसके कारण आमवृद्धि होती है जो रोगों का मूल कारण माना गया है।इन सबों से बचाव हेतु आयुर्वेदिक सुझाव के रूप में हल्का, सुपाच्य, गर्म एवं ताजा भोजन करें।यव (जौ), मूंग की दाल, चावल, सूप, ताजी सब्ज़ियाँ लें। अद्रक, काली मिर्च, अजवायन का प्रयोग करें।छाछ में सैंधव मिलाकर पियें।तैलीय, भारी एवं बासी व सड़क का भोजन न लें। शरीर को गीला न रहने दें, समय-समय पर कपड़े बदला करें।भींग जाने पर सिर और पैरों को तुरंत सुखायें।मच्छरदानी का नियमित उपयोग करें एवं रोग हो जाने पर तत्काल चिकित्सक से परामर्श लेकर ही दवाईयों का प्रयोग करने के लिए अमृत आयुर्वेद एवं पंचकर्म क्लिनिक, बेली रोड, शेखपुरा पटना में आयोजित एक संगोष्ठी में राजकीय आयुर्वेदिक कालेज एवं अस्पताल, पटना के पुर्व प्राचार्य वैद्य प्रोफेसर दिनेश्वर प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में पुरे देश, प्रदेश में ऋतु विपर्यय के कारण कोविड का संक्रमण बहुत तेजी से बढ़ रहा है, इस स्थिति में आयुर्वेद में वर्णित दिन चर्या, रात्रि चर्या ऋतु चर्या का पालन करने के साथ साथ नियमित रूप से योगासन (आसन प्राणायाम) कर इस मौसम में होने वाले विमारियों से बचा जा सकता है। उपचारात्मक उपाय के अन्तर्गतअजीर्ण या मंदाग्नि होने पर अदरक-नींबू का रस नमक के साथ लें। जीरा, अजवाइन का काढ़ा भी उपयोगी है। जुकाम व खांसी होने पर तुलसी, अदरक, काली मिर्च के काढ़े के साथ साथगर्म पानी से गरारे करें। जोड़ों का दर्द/गठिया होने पर नमक युक्त गर्म पानी से सेंक के अलावे त्रिफला + मेथी चूर्ण का सेवन करें। . त्वचा रोग (फंगल संक्रमण)होने पर मंजिष्ठा चूर्ण, पंचनिम्बादी चूर्ण के साथ नीम का क्वाथ पियें व स्नान जल में नीम का पता डाल कर उबाल कर उससे स्नान करे ,नीम व हल्दी का लेप भी किया जा सकता है। फिटकरी पानी से स्नान करना भी लाभदायक माना गया है। मलेरिया / वायरल फीवर होने पर गिलोय , कालमेघ, चिरायता या पंचतुलसी अर्क पानी में मिलाकर पियें।पपीता पत्ता का रस (डेंगू में उपयोगी) माना गया है। गिलोय के बेल का काढ़ा का भी प्रयोग किया जा सकता है। योग व पंचकर्मः योग में भुजंगासन, अर्ध मत्स्येन्द्रासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम के अतिरिक्त पंचकर्म के अन्तर्गत बस्ती कर्म वात रोग निवारण में श्रेष्ठ है। स्नेहन व स्वेदन झ जोड़ों के दर्द व त्वचा रोग में लाभकारी है। वमन व विरेचन झ दोष शुद्धि के लिए कराया जा सकता है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ की बैठक




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिलाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 01जुलाई की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर, स्पेशल इन्टेन्सिव रिवीजन), 2025 तथा मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण के संबंध में मान्यता-प्राप्त सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं अन्य के साथ बैठक हुई। इसमें आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट दिशा-निदेशों एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने गहन पुनरीक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मूल प्रयोजन है कि सभी पात्र नागरिकों का नाम निर्वाचक नामावली में शामिल हो ताकि वे संविधान द्वारा प्रदत्त अपने वयस्क मताधिकार प्रयोग कर सकें। साथ ही कोई भी अपात्र मतदाता निर्वाचक नामावली में शामिल न हों। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचक नामावली में निर्वाचकों के नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। सभी पात्र नागरिकों का नामांकन सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर सत्यापन किया जाएगा। गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के दरम्यान सत्यापन हेतु बीएलओ घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के लिए अंतिम गहन पुनरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 2003 में दिनांक 01.01.2003 को अर्हक तिथि मानते हुए किया गया था। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से विशेष गहन पुनरीक्षण, 2025 में सक्रिय सहभागिता प्रदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु सभी बीएलओ को ईआरओ द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। 01अगस्त को प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाएगा। दावा एवं आपति दाखिल करने की अवधि 01अगस्त से 01 सितंबर तक निर्धारित की गई है। 30 सितंबर को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को इस टाइमलाइन का अनुपालन करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए निर्वाचक नामावली (ईआर) की शुद्धता बनाए रखना आवश्यक है। त्रुटिरहित मतदाता सूची पूरे निर्वाचन प्रक्रिया का आधार है। इससे वीटीआर में भी वृद्धि होगी। संविधान द्वारा प्रदत्त सार्वभौम वयस्क मताधिकार हम सभी के लिए बहुमूल्य है। उन्होंने कहा कि चुनावों में उच्च मतदान प्रतिशत हमारे समृद्ध लोकतंत्र को एक नया आयाम देगा। उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स को सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान वास्तविक निर्वाचकों की हर सुविधा का ख्याल रखा जाएगा। सभी ईआरओ एवं बीएलओ को इसके लिए निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि आसन्न बिहार विधान सभा निर्वाचन, 2025 के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा आयोग के निदेशों के अनुसार तेजी से सभी तैयारी की जा रही है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान संवैधानिक एवं वैधानिक प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति करके उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को बीएलओ एवं बीएलए के बीच सार्थक समन्वय तथा सुदृढ़ संवाद स्थापित करने का निदेश दिया ताकि किसी भी तरह की त्रुटि एवं विसंगति को ससमय दूर किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को हरएक बीएलओ के कार्यकलापों का नियमित अनुश्रवण करने का निदेश दिया। जिलाधिकारी ने पदाधिकारियों को निदेश देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## मत्स्य कृषकों के द्वारा नवीनतम तकनीक अपनाकर आत्मनिर्भर बनने की ओर महत्वपूर्ण पहल

प्रात :किरण संवाददाता

पटना राज्य सरकार के द्वारा मत्स्य पालन को विकसित करने एवं मत्स्य कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग अंतर्गत मत्स्य निदेशालय द्वारा इन योजनाओं का क्रियान्वयन राज्य भर में किया जा रहा है। राज्य के मत्स्य कृषकों के लिए ह्यभ्रमण दर्शन कार्यक्रम की योजनाह्ल मात्स्यिकी के नवीनतम तकनीक से अवगत करना है, ताकि वे प्रेरित होकर इस तकनीक को अंगीकार करते हुए अपने-अपने जलस्त्रोंतो में लागू करते हुए लाभान्वित हो सकें। इस योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के कुल 5880 मत्स्य कृषकों को 294 बैचों में (20 मत्स्य कृषक प्रति बैच) मत्स्य प्रक्षेत्रों का एक दिवसीय भ्रमण दर्शन कराया जा रहा है। मत्स्य कृषिकों को राज्य के अन्दर भ्रमण दर्शन कार्यक्रम हेतु निबंधन शुल्क के रूप में 100 प्रति कृषक अपने संबंधित जिला के मत्स्य कार्यलय में जमा किया जाता है। इस योजना के तहत निजी/पट्टा अथवा सरकारी तालाब/जलकर में मत्स्य पालन करने वाले मत्स्य पालक, विभागीय विभिन्न योजना अंतर्गत आवेदनकर्ता, प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति के सक्रिय सदस्य, ऐसे प्रगतिशील मत्स्य पालक जो विभागीय योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर सफलतापूर्वक मत्स्य पालन का कार्य कर रहे हों एवं ऐसे कृषक जो मत्स्य पालन करना चाहते हों तथा उनके पास समुचित संसाधन उपलब्ध हो, वो मत्स्य कृषक लाभान्वित हो सकते है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति अधिकारिक बेवसाइट पर अथवा जिला मत्स्य कार्यालय में संपर्क कर सकते है। भ्रमण दर्शन कार्यक्रम की योजना न केवल राज्य के मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि मत्स्य कृषकों को नवीनतम तकनीक से अवगत करा रही है, ताकि बिहार मत्स्य पालन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बन सके।

## धनबाद-लोकमान्य तिलक-धनबाद स्पेशल के परिचालन अवधि में हुआ विस्तार

प्रात :किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर। बोकारो-लातेहार-डालटनगंज-गढ़वा रोड-सिंगरौली-कटनी साउथ -इटारसी के रास्ते धनबाद और लोकमान्य तिलक के मध्य चलायी जा रही गाड़ी संख्या 03379/03380 धनबाद-लोकमान्य तिलक-धनबाद स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है । अब गाड़ी संख्या 03379 धनबाद-लोकमान्य तिलक स्पेशल विस्तारित अवधि के पश्चात धनबाद से 01 जुलाई से 29 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को तथा गाड़ी संख्या 03380 लोकमान्य तिलक-धनबाद स्पेशल विस्तारित अवधि के पश्चात लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 03 जुलाई से 31 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जाएगी ।

## जलवायु अनुकूल कृषि के लिए बैठक, बीसा-पूसा बनेगा सेंटर ऑफ एक्सिलेंस

# एआई आधारित प्रणाली से फसल रोग पूवानुर्मान की तैयारी : विजय

## बोलें- दलहन, तेलहन और पोषक फसलों को बढ़ावा देने पर जोर

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को कृषि भवन पटना में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के योजना के सूत्रण से संबंधित एक बैठक आयोजित की गई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बीसा, पूसा, समस्तीपुर को जलवायु अनुकूल कृषि के लिए सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के रूप में विकसित किया जायेगा। बिहार के मौसम के अनुसार दलहन, तेलहन, पोषक तत्त्व वाले फसलों को बढ़ावा दिया जाये। जलवायु अनुकूल कृषि के क्षेत्र में एआई आधारित सिस्टम विकसित किया जाये, जिससे फसलों के लगने वाले रोग-कीट आदि के प्रभाव का पूवानुर्मान लगाया जा सके। फसल प्रत्यक्षण कार्यक्रम में फसल जाँच कटनी अवश्य कराई जाये। उन्होंने कहा कि किसानों के प्रशिक्षण एवं भ्रमण पर विशेष ध्यान दिया जाये, जिससे उनमें जलवायु परिवर्तन के प्रति समझ तथा जलवायु अनुकूल कृषि के तरफ ध्यान आकर्षित किया जा सके ताकि सीमान्त और लघु किसान जलवायु परिवर्तन से जुझने में सक्षम हो सके। साथ-ही-साथ इस योजना में जल एवं मृदा संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने निदेश दिया कि केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, राज्य के अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालय तथा अनुसंधान संस्थान आपस में समन्वय स्थापित करते हुए किसानों के हित में काम करेंगे। कृषि के क्षेत्र में युवाओं को आकर्षि करने के लिए नवाचार आधारित व्यवसाय आधारित मॉडल को विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाये। साथ-ही-साथ किसानों की लागत कम करने तथा आमदनी दोगुना करने का प्रयास किया जाये। जलवायु अनुकूल कृषि में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाये तथा किसानों को इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया जाये। प्रधान सचिव कृषि विभाग पंकज कुमार के साथ जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम तथा आगामी वर्षों में क्रियान्वित किए जाने वाले नवाचार गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस बैठक में कृषि निदेशक नितिन कुमार सिंह, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, अपर निदेशक (शष्य) धनंजय पति त्रिपाठी, सीमीट-बीसा के डायरेक्टर जॅनरल ब्राम गोवर्टस, बीसा के प्रबंध निदेशक मारूथी प्रसन्ना बोडूपली, सहायक निदेशक (शष्य) स्वाती सागर सहित विभाग के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# थैलेसीमिया से पीड़ित 350 मरीजों का होगा बोनमैरो ट्रांसप्लांट : मंगल

## पटना में 150 तथा मुजफ्फरपुर में 200 मरीजों की होगी एचएलए मैचिंग

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार में थैलेसीमिया से पीड़ित 350 मरीजों का बोनमैरो ट्रांसप्लांट किया जाना है। इसके लिए सीएमसी, वेल्लोर के साथ समझौता ज्ञापन किया गया है। इसी कड़ी में पटना के पीएमसीएच और मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में थैलेसेमिया मरीजों के बोनमैरो ट्रांसप्लांट के लिए उनके सिबलिंग का ूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन मैचिंग हेतु स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें पीएमसीएच में 150 तथा एसकेएमसीएच में 200 थैलेसीमिया मरीजों के ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन मैचिंग की व्यवस्था की गई है। इस स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन 5 जुलाई 2025 को पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पटना में और 4 जुलाई 2025 को श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर में आयोजित होगा। श्री पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा थैलेसीमिया के मरीजों के बेहतर उपचार के लिए अनेक स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। थैलेसीमिया एक आनुवंशिक रक्त विकार है जो शरीर में हीमोग्लोबिन के उत्पादन को प्रभावित करता है।

इस रोग के उचित निदान के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा थैलेसीमिया मरीजों का बोनमैरो ट्रांसप्लांट सीएमसी, वेल्लोर में कराया जा रहा है। इन शिविरों में मरीजों एवं उनके सिब्लिंग्स (डोनर्स) का ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन सैंपल लिया जाएगा ताकि बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन हेतु एचएलए मिलान सुनिश्चित की जा सके। इस स्क्रीनिंग प्रक्रिया में शामिल होने वाले सभी मरीजों को अपने साथ थैलेसीमिया से संबंधित चिकित्सकीय दस्तावेज तथा सिब्लिंग्स सहित माता-पिता का आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। श्री पांडेय ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि थैलेसीमिया जैसे रोगों का प्रभावी इलाज सुनिश्चित की जाए और जरूरतमंदों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। थैलेसीमिया मरीजों के इलाज के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। यह शिविर थैलेसीमिया के मरीजों को नया जीवन देने की दिशा में एक सार्थक पहल होगी।

### बिहार के बारे में असंवेदनशील बयान दुर्भाग्यपूर्ण : लोजपा आर

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे द्वारा बिहार को छोटा-मोटा राज्य कहने पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है डॉ भट्ट ने कहा कि बिहार छोटा राज्य नहीं है बल्कि उनकी मानसिकता छोटी है । डॉ राजेश भट्ट ने कहा कि खडगे जी को बिहार के स्वर्णिम इतिहास की बिल्कुल जानकारी नहीं है वे बिहार की प्राचीन विरासत से पूरी तरह अनभिज्ञ है। शिक्षा के क्षेत्र में एक ओर जहां बिहार के नालंदा विश्वविद्यालय से पूरे विश्व में शिक्षा का अलग जगा वही गणतंत्र की जननी है बिहार। डॉ भट्ट ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या करने वाले गणतंत्र और लोकतंत्र को भला क्या जानें। जिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का बयान सार्वजनिक तौर पर बिहार के बारे में इतना असंवेदनशील तरीके से कहा जाता हो उनके पार्टी के अन्य नेताओं का क्या हाल होगा यह समझ जा सकता है । इसी मानसिकता के कारण बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश में कांग्रेस राजनीतिक हासिए पर चल गई है। पूरे देश को भ्रष्टाचार और शिक्षा लिंग भेद और वर्ग भेद कर समाज को बांटने वाले लोग देश को बबार्दी के कगार पर पहुंचा दिए ।

# जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे तेजस्वी : उमेश

## कहा- नेता प्रतिपक्ष को नहीं दिखता बिहार का विकास



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वे राजनीतिक दृष्टिदोष के शिकार हो चुके हैं। यही वजह है कि उन्हें बिहार में हो रहा चौमुखी विकास दिखाई नहीं देता और न ही वे जमीनी हकीकत को समझने की स्थिति में हैं। श्री कुशवाहा ने कहा कि यदि तेजस्वी यादव में थोड़ी भी नैतिकता और राजनीतिक ईमानदारी शेष है, तो उन्हें चाहिए कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, आर्थिक प्रगति, रोजगार, पलायन और कानून व्यवस्था जैसे बुनियादी मुद्दों पर अपने माता-पिता के 15 वर्षों के शासन और नीतीश सरकार के 20 वर्षों की उपलब्धियों के बीच एक ईमानदार तुलना जनता के सामने रखें। उन्होंने कहा कि ऐसा करने का नैतिक साहस तेजस्वी यादव कभी नहीं जुटा पाएंगे, क्योंकि 1990 से 2005 के बीच का अतीत भय, भ्रष्टाचार, अपहरण, अराजकता और जंगलराज का प्रतीक रहा है। जनता आज भी उस दौर को याद कर सिहर उठती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि तेजस्वी यादव और उनकी पार्टी जंगलराज की सच्चाई को छिपाने के लिए बार-बार झूठ का सहारा लेकर जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब बिहार की जनता जागरूक है और सच्चाई जानती है। हालिया लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में विपक्ष की करारी शिकस्त यह स्पष्ट संकेत है कि जनता अब किसी भी प्रकार के भ्रमजाल में फँसने वाली नहीं है।

### जगदेव बाबू ने सामाजिक न्याय के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया : अभय

पटना। लोकसभा में राजद संसदीय दल के नेता सह औरंगाबाद से सांसद अभय कुशवाहा ने कहा कि अमर शहीद जगदेव प्रसाद बिहार में दलित शोषितों के प्रणेता थे और उन्होंने अपना जीवन सामाजिक न्याय के लिए न्योछावर कर दिया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि सौ में नब्बे शोषित हैं, और नब्बे भाग हमारा है... यह नारा बिहार की राजनीति में सिर्फ एक आंदोलन की पुकार नहीं था, बल्कि वह चिंगारी थी जिसने देशभर में वंचितों और पिछड़ों को अपनी हिस्सेदारी के लिए खड़ा होने की हिम्मत दी। इसी नारे की अपना जीवन बना लेने वाले क्रांतिकारी नेता बाबू जगदेव प्रसाद की जीवन गाथा पर आधारित है आगामी हिंदी फिल्म जय जगदेवः बैटल फॉर ब्रेड एंड रिस्पेक्ट, जो 2025 में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म द नेकस्ट सीन प्रोडक्शन के अंतर्गत विकसित की गई, जिसमें लेखन से लेकर प्री-प्रोडक्शन तक की हर बारीकी पर गंभीरता से काम किया गया।

## स्वतंत्रता सेनानी बत्तख मियां के जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

# सरकार बनी तो बत्तख मियां को मिलेगा उनका वाजिब सम्मान : तेजस्वी

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। जननायक सामाजिक विकास मंच के तत्वावधान में ए एन सिन्हा इंस्टिट्यूट पटना में स्वतंत्रता सेनानी और गांधीजी के जीवन रक्षक बत्तख मियां के जयंती के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने बत्तख मियां द्वारा गांधी जी के जीवन बचाने में उनके योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि इंडिया गठबन्धन के सरकार बनने की स्थिति में एक विशेष कमिटी का गठन कर बत्तख मियां जैसे तमाम गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों की खोज करते हुए उनके कृत्यों को संकलित करते हुए इन्हें सम्मानित करने के लिए सरकार के तरफ से प्रत्येक स्तर पर प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हिसामुद्दीन अंसारी ने कहा कि बत्तख मियां ने गांधी जी को नया जीवनदान देकर राष्ट्रीय आंदोलन को आगे बढ़ाने में महत्ती भूमिका निभाई। इस अवसर पर कई मांगे रखी गईं : बत्तख मियां के नाम से एक विवि की स्थापना किया जाय। उनकी आदमकद प्रतिमा की स्थापना राजधानी पटना में किया जाय। बत्तख मियां की जीवनी को पुनः बिहार के पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाए। अंग्रेजों द्वारा बत्तख मियां के जब्त किए गए संपत्तियों के समतुल्य संपति, मुआवजा के रूप में उनके परिजनों को दिया जाय ताकि गरीबी और बदहाली की जिंदगी से मुक्ति मिल सके। मंच का संचालन जमालुद्दीन ने किया तथा मुख्य अतिथि द्वारा बत्तख मियां के पोतों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं के अतिरिक सर्वश्री प्रणव चंद्रवंशी, गुलाब ठाकुर, इरशाद उल हक, तनवीर आलम, हसनैन अंसारी, डॉक्टर नूर हसन आजाद, अर्जुन ठाकुर, डॉ विनोद पाल आदि ने भी संबोधित किया।

### गजाधर सिंह पटेल सैकड़ों समर्थकों के साथ हुए जदयू में शामिल

पटना। प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के दौरान सिवान के पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं समाजसेवी गजाधर सिंह पटेल ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जदयू का दामन थामा। उन्हें पार्टी की सदस्यता बिहार सरकार के माननीय ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने पटेल सहित सभी नवागंतुकों का पार्टी में स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मौके पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह माननीय विधान पार्षद श्री रवींद्र प्रसाद सिंह, पूर्व मंत्री श्रीमती रंजू गीता, विधायक अशोक कुमार, पूर्व विधायक ललन कुमार, राजकुमार उर्फ कुक्कू समेत कई नेतागण उपस्थित रहे। श्रवण कुमार ने कहा कि गजाधर सिंह पटेल जैसे जमीनी नेतृत्व वाले सामाजिक कार्यकताओं के पार्टी में शामिल होने से सिवान सहित पूरे क्षेत्र में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

# पूर्व मंत्री रेणु कुशवाहा सहित कई ने राजद का थामा दामन

## ऐसा बिहार बनायेंगे जिसमें कोई अपमानित न हो : तेजस्वी

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री रेणु कुशवाहा सहित कई लोगों ने राजद का दामन थामा। बुधवार को राजद के प्रदेश कार्यालय आयोजित मिलन समारोह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के हाथों से पूर्व सांसद सह पूर्व मंत्री रेणु कुशवाहा, पूर्व सांसद प्रत्याशी विजय सिंह कुशवाहा, राजीव रंजन कोईरी, समाजवादी नेता और जाप के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह कुशवाहा, मो एहतेशामुल हक, सुरेन्द्र सिंह यादव, चितरंजन कुमार, कामेश्वर सिंह कुशवाहा, वाल्मिकी जी सहित सैंकड़ों लोगों ने राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि खुशी की बात है कि सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता की विचारधारा को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी लोग आज राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण किये हैं। इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। हम सभी लोगों को जो बिखरे हुए हैं उसको जोड़कर एक ऐसा बिहार बनायेंगे जिसमें कोई अपमानित न हो। तेजस्वी ने कहा कि दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा, आदिवासी समाज के लोगों को कथा सुनने का तो अधिकार है लेकिन कथावाचक होने का अधिकार नहीं मिला हुआ है। आखिर क्या कारण है कि इटावा उतर प्रदेश में कथा सुनाने पर कथावाचक का बाल छिल दिया जाता है, उन्हें नाक रगड़वाया जाता है और उन्हें अपमानित करने के लिए जिस तरह का कृत्य किया गया जो मानवता को शर्मसार करता है। श्री तेजस्वी ने आगे कहा कि बिहार से सामंतवाद को समाप्त करके दिल्ली के सामंतवाद को भी हम खत्म करेंगे। भाजपा और नीतीश कुमार ने मिलकर 65 प्रतिशत आरक्षण को 9वीं अनुसूची में नहीं शामिल कर कोर्ट कचहरी में मामले को फंसाकर 16 प्रतिशत आरक्षण की हकमारी की है जो शोषितों, वंचितों, पिछड़ों, अतिपिछड़ों, दलितों, आदिवासियों के साथ अन्याय है। नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि थाना से लेकर ब्लॉक तक बिना घुस के काम नहीं होता है। कुशवाहा समाज का पार्टी से जुड़ाव सामाजिक न्याय की विचारधारा को मजबूती प्रदान करेगा। अगर कुशवाहा समाज एक कदम आगे चलेगा तो तेजस्वी चार कदम साथ चलेगा। हमसभी मिलकर नया बिहार बनाने का संकल्प लें।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा कि सभी लोगों के दल में शामिल होने से लालू जी के विचारों को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, लोकसभा संसदीय दल के नेता अभय कुशवाहा, राज्यसभा सांसद संजय यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधायक बागी कुमार वर्मा, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, मधु मंजरी, इकबाल मोहम्मद शमी, प्रमोद कुमार सिन्हा, अरविन्द कुमार सहनी , प्रदीप मेहता एवं उपेन्द्र चन्द्रवंशी आदि थे।

# असत्य का सहारा लेकर जनता को गुमराह कर रहा है विपक्ष : श्रवण

प्रातः किरण संवाददाता




पटना। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि विपक्ष का काम केवल अफवाह फैलाना और असत्य का सहारा लेकर जनता को गुमराह करना है, लेकिन बिहार की जागरूक जनता सच्चाई को भली-भांति समझती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमारी सरकार जनता से किए हर वादे को पूरा कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग बिहार को बार-बार बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें राज्य की जनता आने वाले चुनाव में करारा जवाब देगी। मंत्री उक्त बातें बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान बिहार मीडिया से बातचीत करते हुए कही।

**आम लोगों के हित में निरंतर काम कर रही है नीतीश सरकार :**

कार्यक्रम में भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार आम लोगों के हित में निरंतर काम कर रही है, जबकि विपक्ष केवल भाषणबाजी में जुटा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि नीतीश कुमार द्वारा 101 वास्तुविदों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं, जिससे राज्य में प्रस्तावित आइकॉनिक भवनों के निर्माण में काफी मदद मिलेगी। इससे पहले मंत्रीगण ने विभिन्न जिलों से आए आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में पूर्व विधानपार्षद वाल्मीकि सिंह भी उपस्थित रहे।

## जेपी के सपनों का अपमान कर रहे हैं तेजस्वी : ऋतुराज

### जातिवाद की राजनीति से युवाओं को सिर्फ निराशा मिली है

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। संपूर्ण क्रांति आंदोलन की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने तेजस्वी यादव और उनकी राजनीति पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा, समाजवाद के नाम पर जातिवाद और रोजगार के नाम पर केवल खोखली घोषणाएं—यही तेजस्वी जी की सियासत का सच है। जयप्रकाश नारायण और डॉ. राममनोहर लोहिया जिस समानता और भ्रष्टाचार-मुक्त भारत का सपना देख रहे थे, तेजस्वी यादव की राजनीति उस सोच से कोसों दूर है। ऋतुराज सिन्हा ने सवाल उठाया कि क्या तेजस्वी यादव समाजवादी आंदोलन की मूल आत्मा को आगे बढ़ा रहे हैं या उन महान नेताओं की विरासत का अपमान कर रहे हैं जिन्होंने बिहार और देश के लिए अपना सब कुछ समर्पित किया? उन्होंने कहा, 65 प्रतिशत आरक्षण की बात कर तेजस्वी नौजवानों को गुमराह कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि बिहार में कुल सरकारी नौकरियाँ 25 लाख से भी कम हैं, जबकि हर साल 50 लाख से अधिक युवा प्रतियोगी परीक्षाएँ देते हैं। ऐसे में सिर्फ आरक्षण का झुनझुना पकड़ा कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। भाजपा नेता ने जोर देते हुए कहा कि बिहार का युवा अब यह पूछ रहा है—परिवारवाद, भ्रष्टाचार और जातिवाद की राजनीति से मुक्ति कब मिलेगी? क्या यही है तेजस्वी यादव का विकास मॉडल—जातीय जनगणना, मुफ्त की घोषणाएं और भड़काऊ बयानबाजी? ऋतुराज सिन्हा ने कहा, भारतीय जनता पार्टी का स्पष्ट मानना है कि बिहार को चाहिए अवसर, न कि भ्रम। जरूरत है समावेशी विकास की, न कि विभाजनकारी राजनीति की। जेपी के नाम पर सत्ता में पहुंचने वालों ने उनके ही सिद्धांतों को सबसे ज्यादा चोट पहुंचाई है।

## मेसर्स कुमार इंफ्राट्रेड एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड को लेटर ऑफ अवार्ड जारी

# होटल पाटलिपुत्र अशोक की 1.5 एकड़ भूमि पर बनेगा पांच सितारा होटल

## रखरखाव के लिए 60 वर्ष+30 वर्ष की अवधि के लिए लीजहोल्ड अधिकार

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। पटना में कुल तीन नए फाइव स्टार होटल निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। राजधानी के बीरचंद पटेल पथ स्थित होटल पाटलिपुत्र अशोक की लगभग 1.5 एकड़ भूमि पर 5 सितारा होटल का निर्माण किया जाएगा। इसके विकास, संचालन और रखरखाव के लिए 60 वर्ष+30 वर्ष की अवधि के लिए मेसर्स कुमार इंफ्राट्रेड एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, पटना को लीजहोल्ड अधिकार प्रदान किया गया है। चयनित एजेंसी को होटल पाटलिपुत्र अशोक की मौजूदा संरचना को ध्वस्त करना होगा और केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा प्रदान किए गए मानदंडों और दिशानिदेशों के अनुसार नए पांच सितारा होटल का निर्माण करना होगा। मेसर्स कुमार इंफ्राट्रेड एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड को पांच सितारा होटल निर्माण के लिए चयनित करने के बाद लेटर ऑफ अवार्ड जारी किया गया है। चयनित एजेंसी ने पर्यटन विभाग को सूचित किया है कि उन्होंने तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध 5 सितारा होटल ब्रांडों को होटल निर्माण हेतु सूचीबद्ध किया है। इन ब्रांड में जेडब्ल्यू मैरियट, हयात रीजेंसी तथा आईटीसी होटल शामिल है। एजेंसी होटल पाटलिपुत्र अशोक, पटना की भूमि पर न्यूनतम 100 कमरों वाले फाइव स्टार होटल संचालित करने के लिए उपरोक्त तीन ब्रांडों में से किसी एक को चयनित करेगी।

आरएफपी की शर्तों के अनुसार, चयनित एजेंसी को एमओयू पर हस्ताक्षर करने से पहले लेटर ऑफ अवार्ड की प्राप्ति की तारीख से 150 दिनों के भीतर एक प्रतिष्ठित 5 सितारा होटल ब्रांड के साथ ऑपरेशन एंड मैनेजमेंट हेतु अनुबंध फाइनल करना आवश्यक है, जिसके पास 5 सितारा श्रेणी के होटल को चलाने का प्रासंगिक ऑपरेशन एंड मैनेजमेंट का अनुभव है।

चयनित एजेंसी को 7.57 करोड़ रुपये का वार्षिक लीज प्रीमियम (करों और शुल्कों, जीएसटी आदि को छोड़कर) जमा करना होगा, जिसका अर्थ है कि हर साल सफल बोलीदाता द्वारा 60+30 साल (निर्माण अवधि के 4 साल को छोड़कर) तक बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम यानी बीएसटीडीसी को यह राशि चुकानी होगी।

यह वार्षिक लीज प्रीमियम राशि भी हर 5 साल में 10 प्रतिशत बढ़ जाएगी। इसके अलावा एजेंसी को 11 साल की अवधि में टश्फ मूल्य यानी 28.5 करोड़ रुपये का भुगतान बीएसटीडीसी को करना होगा। यदि यह राशि एकमुश्त दे दी जाती है तो यह ब्याजमुक्त होगी अन्यथा बकाया अग्रिम प्रीमियम राशि पर 9.5 प्रतिशत की दर से ब्याज देय होगा।

# हर सनातनी के घर तक पहुंचेगा हनुमान चालीसा : रणवीर

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो रणवीर नंदन ने कहा कि उनका प्रयास होगा की हर सनातनी के घर तक हनुमान चालीसा पहुंचे और उस घर में रहने वाले युवा सुबह उठकर हनुमान चालीसा का पाठ करें। प्रोफेसर नंदन गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति की ओर से आयोजित अपने सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रोफेसर नंदन ने कहा की हनुमान जी ही एक ऐसे देवता हैं,जो सतयुग द्वा त्रेता,द्वापर, और कलयुग में भी व्याप्त हैं।माता सीता ने हनुमान जी को अमरत्व का वरदान दिया है, और इनकी पूजा से बल ,बुद्धि , आरोग्य की प्राप्ति होती है। प्रोफेसर नंदन ने कहा की गर्दनीबाग ठाकुरबारी से उनके तीन पीढ़ी का रिश्ता है। यहां मेरे पिताजी और वे स्वयं इस ठाकुरबारी प्रबंध समिति के अध्यक्ष हैं। प्रोफेसर नंदन ने कहा कि धार्मिक न्यास परिषद, बिहार में सनातन धर्म का अलख जगाने हेतु प्रत्येक सनातनी को नित्य पूजा पाठ करने हेतू जागरूकता अभियान चलाएगा।दीघा क्षेत्र के विधायक संजीव चौरसिया ने कहा कि रणबीर नंदन जी के न्यास के अध्यक्ष बनने से बिहार के मठ मंदिरों की स्थिति में सुधार होगा।इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन गर्दनीबाग ठाकुरबारी प्रबंध न्यास समिति के सचिव डॉक्टर संजीव कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन पुलिस महानिरीक्षक रहे अशोक कुमार सिन्हा ने किया।

इस मौके पर पूर्व मुख्य सचिव अंजनी कुमार सिंह,ने कहा रणबीर नंदन के अध्यक्ष बनने से बिहार में धार्मिक कार्यों में जागरूकता होगी। इस अवसर पर डॉक्टर डॉ अमूल्य कुमार सिंह, समाजसेवी नम्रता नंदन, उपेंद्र सिंहा, डॉ अमलेश कुमार, डॉ नीता नाथ, पुजारी सत्य प्रकाश पांडेय ,वेद प्रकाश पांडेय , मुकेश रंजन झा, ऋषिकेश रंजन झा उर्फ रूणा बाबा, अमन कुमार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में गर्दनीबाग ठाकुरबारी से जुड़े हुए लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जीविका समूह की हुई बैठक

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के नामापुर पंचायत स्थित ग्राम रसलपुर बाघला में जीविका के शिक्षा जीविका स्वयं सहायता समूह की एक बैठक सी. एम. मंजू कुमारी की अध्यक्षता में किया गया।जिसमें पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर संजय कुमार शर्मा ने फलेरिया एवं कालाजार रोगों के बारे में सभी सदस्यों को विस्तृत पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि यह बीमारी मच्छर के काटने से फैलता है।फलेरिया का लक्षण दिखने में 5 से 10 साल लग जाते हैं।इस बीच लोगों को इस बीमारी के बारे में पता नहीं चलता। अतः सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया कि सरकार द्वारा साल में एक बार फलेरिया की दवा घर-घर पहुंचाने का काम एक अभियान चलाकर किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि जिन लोगों को फलेरिया की बीमारी हो जाती है। वह ठीक नहीं हो पाता अतः लोगों को इससे बचने की जरूरत है। फाइलेरिया ग्रसित मरीजों की विशेष देखभाल के लिए एमएमडीपी किट के प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में यह भी बताया गया कि फाइलेरिया से पीड़ित लोग यूडीआईडी के माध्यम से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाकर सरकारी पेंशन योजना का लाभ उठा सकते हैं। मौके पर चंदा कुमारी, खुशबू देवी, संगीता कुमारी, बीना देवी, पूनम देवी, रीना देवी आदि मौजूद थी।

### लूट की राशि के साथ दो गिरफ्तार

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के 19 जून को मंजिल मुबारक गांव से एक खटीक व्यापारी के पर्स में रखी 34 हजार रुपए एवं आधार कार्ड सहित मोबाइल बदमाशों द्वारा दिन दहाड़े लूट लिया गया था।जिस कांड का खुलासा बुधवार को अनुमंडल पुलिस कार्यालय डीएसपी 2विजय महतो ने कांड का खुलासा करते हुए कहा कि घटना के बाद दर्ज प्राथमिकी 216/25 के आलोक में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के नेतृत्व डीएसपी टू खुद कर रहे थे टीम में थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ,अपर थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा ,अवर निरीक्षक सिंपी कुमारी, गुड्डू कुमार, धर्मेंद्र कुमार ने लूट की नगद राशि 89 सौ लूट की राशि एवं एक मोबाइल के साथ एक आधार कार्ड भी बरामद कर लिया है। वहीं दो बदमाश भी गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मंजिल मुबारक गांव के मोहम्मद नौशाद के पुत्र मोहम्मद जाहिद उर्फ भुट्टो दूसरा बदमाश गांव के ही मोहम्मद उस्मान के पुत्र मोहम्मद बबलू को गिरफ्तार किया। आगे डीएसपी टू ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का अपराधिक इतिहास मोहम्मद जाहिद उर्फ भूटो का वारिसनगर थाना कांड 306/22 विरुद्ध दर्ज है ।दोनों गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### आकाशी बिजली गिरने से मुंगेर जिले में एक की मौत दो घायल तथा एक गाय की मौत

मुंगेर। जिले के अलग-अलग प्रखंडों में आकाशीय बिजली गिरने से हवेली खड़गपुर प्रखंड के बहिरा पंचायत के रघुनाथपुर नया टोला के समीप पीर बाबा स्थान के समीप तेज बारिश के बीच अचानक ठंडकागिरने से रघुनाथपुर नया टोला निवासी मुकेश यादव की 62 वर्षी पत्नी रंजना देवी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सूचना मिलनेपर 112 मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टमके लिए मुंगेर भेज दिया। वहीं जिले के असरगंज प्रखंड के में गांव में सोमवार को खेत में गाय चराने के दौरान आकाशी बिजली की चपेट में आने से दो लोग घायल हो गए दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए भागलपुर भेज दिया ।घायलों में ममई गांव के भूटोयादव एवं अजीत कुमार है। वही असरगंज प्रखंड के चोर गांव उत्तर वास ओला बाजार में बात की चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई। गाय सिकंदर यादव की थी।

# आपातकाल केवल एक निर्णय नहीं था, यह हमारे संविधान पर सीधा प्रहार था : मंगल पाण्डेय

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। डीएमसीएच ऑडिटोरियम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रो आदित्य नारायण चौधरी मन्ना की अध्यक्षता में आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण क्रांति दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो जेपी सेनानियों को बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय एवं राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी अंगवस्त्र ने सम्मानित किया। संपूर्ण क्रांति दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार के स्वास्थ्य व विधी मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि आज ही के दिन 50 वर्ष पूर्व 1975 में कांग्रेस की सरकार ने लोकतंत्र का अपमान करते हुए आपातकाल लागू किया, जब संविधान के मूलभूत अधिकारों और स्वतंत्र संस्थाओं को राजनीतिक स्वार्थ के लिए कुचल दिया गया।तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने न्यायपालिका और प्रेस की स्वतंत्रता का दमन कर अपनी अनैतिक सत्ता को दीर्घकाल तक बनाए रखने का प्रयास किया।आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने 39वें और 42वें संशोधनों के द्वारा संवैधानिक सुरक्षा कवच को कमजोर किया और संविधान की आत्मा को तोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान कितने तत्कालीन जनसंघ के हजारों कार्यकताओं, नेताओं, जयप्रकाश नारायण जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों को प्रताड़ित किया गया, देश की आम जनता को मूल अधिकारों से वंचित किया गया। कॉग्रेस काल की इस संविधान विरोधी कृत्य के विरोध में खड़े सभी लोगों को याद करते हुए 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित कर इस क्षतिपूर्ति और संविधान के प्रति जनता की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया है।यह काले अध्याय हमें लोकतंत्र की सतर्कता और संवैधानिक मूल्यों की सुरक्षा की सीख देता है, जिसे भाजपा दृढ़ता से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। 50 साल पहले लगाया गया आपातकाल केवल एक निर्णय नहीं था, यह हमारे संविधान पर सीधा प्रहार था। 25 जून का दिन भारतीय लोकतंत्र का वह काला दिन है, जब आजाद भारत में लोकतंत्र की हत्या करते हुए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने आपातकाल थोप दिया था। आज के हर युवा को कांग्रेस के इस काले कारनामे के बारे में जानना चाहिए, और आज बिहार में राजद उसी कांग्रेस के साथ खड़ी है।तेजस्वी जी, इस बार आपकी पूरी पार्टी का सूपड़ा साफ होना तय है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र का काला दिवस 1975 में आज ही के दिन कांग्रेस ने सत्ता के स्वार्थ व अहंकार में देश पर आपातकाल थोपकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की हत्या कर दी थी। एक परिवार के विरोध में उठने वाले स्वरों को कुचलने के लिए थोपा गया आपातकाल आजाद भारत के इतिहास का एक काला अध्याय है। 21 महीनों तक निर्दयी शासन की क्रूर यातनाएं सहते हुए देश के संविधान व लोकतंत्र की निरंतर रक्षा करने वाले सभी देशवासियों के त्याग व बलिदान को कोटि-कोटि नमन। ऐसे कठिन समय में असीम यातनाएं सहकर देश में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना हेतु संघर्ष करने वाले सभी महान लोकतंत्र सेनानियों को कोटिशः नमन करता हूँ।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री संतोष पोद्दार ने किया। इस अवसर पर विधायक डॉ रामचंद्र प्रसाद, जयकृष्ण झा, राजमंगल ठाकुर, नरेश सहनी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में पूर्वी भाजपा जिलाध्यक्ष विनय पासवान, जीवछ सहनी, विजय चौधरी, विकास चौधरी,सुनील चौधरी, श्रवण मिश्र, सोनी पूर्वे, राहुल पासवान,बालेन्दु झा,जेपी सेनानी रेवती रमन पाठक, पिंटू महासेठ,जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी,मीरा मेहता, संगीत साह, सपना भारती, अविनाश कश्यप, मनीष झा, लक्ष्मण कासंयकार,मदन कुमार यादव,प्रेमकुमार मिश्र रिंकू,संजय महतो,अविनाश कश्यप,राजू झा,सहित कार्यकर्ता एवं सैकडों जेपी सेनानी उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी ने संभावित बाढ़ एवं लगातार हो रही वर्षा को देखते हुए सड़कों की मरम्मति कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी आगामी बाढ़ और लगातार हो रही वर्षा को ध्यान में रखते हुए जिला पदाधिकारी आनन्द शर्मा द्वारा जिले के सभी कार्यपालक अभियंताओं, सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत सड़कों में बने गड्ढों एवं क्षतिग्रस्त पुल-पुलियों की अविलंब मरम्मति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। यह निर्देश उस स्थिति के मद्देनजर जारी किया गया है जिसमें दिनांक 23 जून 2025 को प्रातः हुई वर्षा के उपरांत कई सड़कों पर जलजमाव देखा गया, जिससे आमजन को भारी परेशानी हुई। जिलाधिकारी द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि सभी अभियंता अपने क्षेत्रों की सड़कों का निरीक्षण कर मरम्मति कार्य अविलंब प्रारंभ कराएं एवं कार्य की जियोटैग फोटोग्राफ संबंधित ग्रुप एवं जिलाधिकारी के व्हाट्सऐप पर भेजना सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त दिनांक 26 जून 2025 को प्रातः 07:00 बजे से सभी अभियंताओं को रोस्टर के अनुसार सड़क का भ्रमण कर मरम्मति कार्य का स्थल निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि लापरवाही के कारण किसी प्रकार की दुर्घटना या विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है, तो संबंधित अभियंता के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 56 के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि कई अभियंता बिना जिलाधिकारी की पूवार्नुमति के मुख्यालय छोड़ देते हैं, जो कि स्पष्ट रूप से सरकारी निदेशों का उल्लंघन है। भविष्य में यदि कोई अधिकारी बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ते हैं तो उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## फाइनेंस कर्मी को घर में किया कैद, पुलिस ने कराया मुक्त



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी बेनीपट्टी थाना क्षेत्र स्थित कटैया गांव में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी को एक युवक ने जबरन अपने घर में बंधक बना लिया। पीड़ित कर्मचारी की पहचान दरभंगा जिले के हरिहरपुर निवासी सूरज कुमार ठाकुर के रूप में हुई है, जो कंपनी के कार्य से बिस्फी प्रखंड से लौट रहे थे ।रास्ते में कटैया गांव के रतीश मुखिया ने सूरज को रोक लिया और उन्हें अपने घर के भीतर बंद कर दिया। आरोपी ने सूरज का मोबाइल फोन, बैग और बाइक की चाबी भी छीन ली। जब ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने रतीश से कर्मचारी को छोड़ने की अपील की, लेकिन उसने किसी की बात नहीं मानी ।बाद में किसी ने इस घटना की सूचना फाइनेंस कंपनी के प्रबंधक को दी, जो तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सहयोग लिया। मामले की जानकारी डायल 112 पुलिस सेवा को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, परंतु उसके पहले ही आरोपी युवक फरार हो चुका था ।पुलिस ने सूरज कुमार ठाकुर को सकुशल मुक्त करा लिया और उनका मोबाइल, चाबी व बैग भी वापस दिलाया गया। सूरज ने बताया कि उन्हें बिना किसी कारण बंधक बनाया गया। ग्रामीणों ने भी रतीश मुखिया के इस व्यवहार की निंदा की है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है ।फाइनेंस कर्मी अब सुरक्षित हैं और अपने कार्यस्थल लौट चुके हैं।

## बिहार को बर्बाद करने पर तुली हुई है डबल इंजन वाली सरकार : मनोज

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जन जन की है एक पुकार बदलो सरकार बदलो बिहार नारों के साथ निकले भाकपा माले का बदलो बिहार यात्रा आज बंदरा प्रखंड में प्रवेश किया प्रवेश करके बंदरा चौक पर इस यात्रा में शामिल तमाम नेताओ का स्वागत किया गया उसके बाद यात्रा बरियारपुर चौक स्थित एक मैदान में बदलो बिहार जन संवाद सभा में बदल गया। गायघाट विधान सभा स्तरीय ज अध्यक्षता जिला कमिटी सदस्य संजय दास ने किया एवं सभा का सफल संचालन बंदरा प्रखंड के सचिव रामबली मेहता ने किया जन संवाद सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले केंद्रीय कमिटी सदस्य और अगिआंव विधान सभा के पूर्व विधायक मनोज मंजिल ने कहा कि बिहार सरकार बिहार को बर्बाद करके रखी हुई है। पूरे बिहार को बेरोजगारी में धकेल दिया गया है । बिहार में अपराध का राज्य है इसलिए अब बिहार को बदलना है इसलिए हमारी पार्टी ने पूरे बिहार में बदलो सरकार बदलो बिहार का नारा दिया है और बदलो बिहार यात्रा का आयोजन कर जनता को इस डबल इंजन की सरकार की नाकामियों का पदार्फास कर रही है उन्होंने कहा , बिहार में होनेवाले विधानसभा चुनाव पर पूरे देश की नजर है। बीस सालों से रोजगार छीन रही सरकार को बदलने का समय आ गया है ।सभा को संबोधित करते हुए आईसा के पूर्व महासचिव प्रसनजीत कुमार ने कहा कि आरएसएस का कोटा राज्य में चल रहा है। क्या इस कोटा से विश्वविद्यालय में नियुक्ति भी हो रही है ।जन सभा को संबोधित करते हुए वारिसनगर विधान सभा के पूर्व महागठबंधन प्रत्याशी फूलबाबू सिंह ने कहा कि बिहार में जातीय जनगणना के बाद जो आंकड़े सामने आए है, उसको नीतीश सरकार खुले मन से स्वीकार नहीं कर पा रही है क्योंकि भाजपा की गोद में बैठने के बाद उनको दलित, पिछड़ों ,अल्पसंख्यकों की ये बड़ी जमात हमेशा नजरों में खटक रही है। इसीलिए 95 लाख गरीब परिवारों को 2 लाख रुपया सहायता नीतीश सरकार ने नहीं दिया। ।जन सभा को संबोधित करते हुए कल्याणपुर विधान सभा के महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी रणजीत राम ने कहां की पूरे बिहार में दलितों पर चौतरफा हमला भाजपाई सामंती ताकतों के द्वारा बढ़ा है। एक तरफ जहां हमारी मां बहनों के साथ सरेआम गैंग रेप की घटना घट रही हैं ,वहीं दूसरी तरफ दलित पिछड़ों की लगातार हत्या हो रही है। नीतीश सरकार की पुलिस पूरे बिहार में अपराधियों को पकड़ने के बजाय शराब ढूंढे फिर रही है और गरीबों को ही शराब पीने के नाम पर जेल भेज रही है ।जन सभा को संबोधित करते हुए जितेंद्र यादव ने कहा कि जिस तरह से पहले गांव में महाजन हुआ करते थे, वैसे ही आज उस महाजन की जगह इस सरकार ने माइक्रोफाइनेश कम्पनी का जाल बिछा रखा है ।तमाम गरीब परिवारों को कर्ज की जाल में बुरी तरह से फंसा दिया है ,जिसके कारण कई लोगों ने आत्महत्या कर लिया है । बरियारपुर से बदलो बिहार बदलो सरकार यात्रा निकलकर बड़गांव ,सिमरा, हरपुर ,पीरापुर, पियर, रामपुरदयाल, रतवारा , तेपरी होते हुए पूसा के लिए प्रस्थान किया ।जन संवाद सभा को खेग्रामस के राज्य सचिव शत्रुध्न साहनी इंसाफ मंच के राज्य उपाध्यक्ष नेयाज अहमद , पार्टी के दरभंगा जिला सचिव बैद्यनाथ यादव , ऐपवा नेत्री शनिचरी देवी , साधना तिवारी, रानी प्रसाद , प्रखंड सचिव रामबली मेहता , संजय कुमार दास, महेश महतो , नगर सचिव सूरज सिंह, विमलेश मिश्रा, अजीत कुमार सिंह, सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की बड़ी कार्रवाई, नेपाली शराब जब्त



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की एफ कंपनी को एक बड़ी सफलता मिली है। मंगलवार 25 जून की सुबह लगभग 6:35 बजे बीओपी परसा के जवानों ने विशेष गश्ती के दौरान 900 बोतल नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई सीमा स्तम्भ संख्या 298 से लगभग 200 मीटर भारत की ओर की गई ।गिरफ्तार तस्कर की पहचान मोहम्मद सितारे (उम्र लगभग 40 वर्ष)पिता मोहम्मद हैदर अली, निवासी डोनर जलावतपुर, पोस्ट मिल्कीचक, थाना बहादुरपुर, जिला दरभंगा बिहार के रूप में हुई है। तस्करी में प्रयुक्त एक बजाज ऑटो वाहन को भी जब्त किया गया है। जब्त शराब नेपाली सोफी ब्रांड की है, जिसकी मात्रा 375 एमएल की कुल 900 बोतल है ।पकड़े गए आरोपी और जब्त सामग्री को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए मधवापुर थाना को सौंप दिया गया है। कार्रवाई की सराहना करते हुए 48वी वाहिनी के कमांडेंट गोविन्द सिंह भण्डारी ने टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि तस्करी के विरुद्ध इस प्रकार की सतत कार्रवाई भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। वाहिनी भविष्य में भी पूरी सजगता और प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती रहेगी।

## एसएसबी 18वीं वाहिनी ने निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी राजनगर, नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अवसर पर दिनांक 25 जून 2025 को 18वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, राजनगर के तत्वावधान में एक भव्य नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारीगण, जवानों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया रैली का उद्देश्य समाज में नशे के बढ़ते प्रचलन को रोकना तथा युवाओं को इस बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। बलकर्मियों ने जागरूकता संदेशों के साथ पोस्टर व बैनर लेकर क्षेत्र में भ्रमण किया, जिससे आमजन तक एक सशक्त संदेश पहुंचाया जा सके ।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और उन्हें नशा मुक्त जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया ।कार्यक्रम का संचालन शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। एसएसबी की इस पहल की क्षेत्रीय लोगों ने सराहना की और इसे समाज हित में एक सराहनीय कदम बताया।

## स्वाभिमान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एसपी से की मुलाकात

### पूसा प्रखंड की विधि-व्यवस्था सुधार की मांग



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

स्वाभिमान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार राय ने बुधवार को पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ समस्तीपुर के पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पूसा प्रखंड में विधि व्यवस्था से संबंधित विभिन्न क्षेत्रीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और एसपी का ध्यान आकृष्ट कराया। सुनील कुमार राय ने कहा कि पूसा प्रखंड समस्तीपुर जिला का ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है, लेकिन यहां समय-समय पर कानून व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं सामने आती रहती हैं। ऐसे में स्थानीय पुलिस प्रशासन को सजग रहना चाहिए और क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में महमदा पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि रंजीत कुमार राय, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मला पाठक, रेणु देवी और अजीत प्रसाद भी शामिल थे। इन सभी ने भी अपने-अपने स्तर से स्थानीय समस्याओं को लेकर अधिकारियों को अवगत कराया और त्वरित समाधान की मांग की।

## शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों की नई सोच व आदर्श विचारों को प्राथमिकता दें : डॉ उत्सव मिश्रा

### सीएम कॉलेज, दरभंगा में नई सोच और आदर्श पर एक दिवसीय कार्यशाला

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए यह सुनहरा अवसर है कि आईआईटी दिल्ली स्टडीज द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पूरे देश में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें भारत सरकार छात्रों के नए विचारों और आदर्श विचारों को व्यवहारिक रूप देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी प्रदान करेगी और जिन छात्रों के विचार और विचार आदर्श होंगे, उन्हें पुरस्कार स्वरूप एक बड़ी धनराशि भी दी जाएगी। उक्त विचार डॉ उत्सव मिश्रा (निहू शिलांग) ने व्यक्त किए। डॉ मिश्रा स्थानीय सीएम कॉलेज में नए विचार और आदर्श विचार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें अपने छात्रों को ऐसी शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना चाहिए कि वे केवल सरकारी नौकरियों पर निर्भर न रहें बल्कि अपने लिए भी रोजगार के अवसर पैदा करें ताकि वे दूसरों को भी रोजगार प्रदान कर सकें और इसके लिए सरकार द्वारा कई सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों के उच्च शिक्षण संस्थानों में इस तरह की कार्यशाला आयोजित करने के लिए आईआईटी दिल्ली और सैमसंग के बीच समझौता हुआ है। सीएम कॉलेज में यह कार्यशाला भी इसी का एक हिस्सा है। कार्यशाला के अध्यक्ष कॉलेज के प्राचार्य प्रो मुश्ताक अहमद ने कहा कि सरकार का यह अभियान विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी है।

प्रोफेसर अहमद ने कहा कि आईआईटी दिल्ली तथा देश की बड़ी कंपनी सैमसंग के साथ समझौता करना तथा कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराना एक सराहनीय कदम है। इस कार्यशाला के पर्यवेक्षक डॉ ललित शर्मा, डॉ अबसार आलम और डॉ दोया शर्मा ने प्रकाश डाला। कार्यशाला में बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## भाजपा परिवार इस कठिन समय में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है : पप्पू सिंह



प्रात : किरण संवाददाता

अलीनगर(दरभंगा) ।अलीनगर विधानसभा अंतर्गत तारडीह प्रखंड के कठरा निवासी सीताराम महतो जी के 22 वर्षीय पौत्र राज कुमार महतो का मुंबई में हत्या की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार को मृत शरीर कठरा स्थित उनके आवास पर पहुंचते ही परिजनों और क्षेत्र के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। भाजपा संगठनात्मक जिला दरभंगा पूर्वी के जिला महामंत्री संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और जिज्ञासा किया। इस दौरान उन्होंने परिजनों से बातचीत कर घटना की जानकारी ली और प्रशासन से मांग की कि इस मामले में उचित कार्रवाई कर दोषी को सजा दिलाई जाए ।श्री सिंह ने कहा कि प्रशासन को इस मामले में संवेदनशीलता के साथ जांच करनी चाहिए और न्याय सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा परिवार इस कठिन समय में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और हर संभव मदद के लिए तैयार है। राज कुमार की आकस्मिक मृत्यु की खबर से क्षेत्र के लोगों ने भी इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है और प्रशासन से न्याय की मांग की है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी, मंडल अध्यक्ष पंकज कुमार कंठ,राहुल झा, नित्यानंद झा,पंकज झा,संतोष झा,राजीव शर्मा, हरेराम महतो, लाल महतो,राजा महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

## व्यापारी से लूटपाट मामले का पुलिस ने किया खुलासा, तीन अपराधी गिरफ्तार

- खुटौना थाना पुलिस को बड़ी सफलता, चाकू और मोटरसाइकिल के साथ लुटेरे चढ़े हत्थे

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी खुटौना थाना क्षेत्र में 14 जून 2025 की संध्या करीब 8 बजे एक व्यापारी के साथ लूटपाट की सनसनीखेज घटना को अंजाम दिया गया था। व्यापारी एकम्मा हटिया से सामान बेचकर वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में तीन अज्ञात अपराधियों ने मोटरसाइकिल से आकर उन्हें घेर लिया। अपराधियों ने न केवल व्यापारी से मारपीट की, बल्कि चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर लूटपाट कर फरार हो गए ।घटना की जानकारी मिलते ही खुटौना थाना पुलिस सक्रिय हो गई और त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी टीम की सहायता से मामले की गहन छानबीन शुरू की। पुलिस को बड़ी सफलता तब मिली जब 23 जून 2025 को इस लूटकांड का सफलतापूर्वक उद्भेदन कर लिया गया। पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से घटना में प्रयुक्त एक चाकू, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है ।गिरफ्तार अपराधियों की पहचान सत्तो कुमार चौपाल (24 वर्ष) भोगिन्द्र राम (27 वर्ष) और एक नाबालिग आकाश कुमार चौपाल (17 वर्ष) सभी निवासी मेनहा, थाना फुलपरास जिला मधुबनी के रूप में की गई है। मधुबनी पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास और भी मजबूत हुआ है।

## मनरेगा और अंचल कार्यालय बना लूट का अड्डा : भाकपा

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का बैठक नगर निगम क्षेत्र के मुक्तापुर पंचायत भवन पर प्रदीप झा के अध्यक्षता ,और राघवेंद्र यादव और भोला राय के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। बैठक में सीपीएम के अगले होने वाले संघर्षों पर चर्चा किया गया। जिसमें लोकल साथियों ने कई समस्याएं खुलकर सामने रखा जिसमें, कल्याणपुर अंचल कार्यालय एवं मनरेगा कार्यालय में भारी लूट खसोट पर चर्चा किया गया । वक्ताओं ने विस्तार से बताया की कल्याणपुर अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज, परिमार्जन ,रेंट फिक्सेशन में अलग-अलग रेट बंधा हुआ है। जो स्थानीय कर्मचारी एवं कार्यालय के मिली भगत से जनता से उगाही किया जा रहा है। जनता का काम भी समय से नहीं हो पा रहा है ।वहीं मनरेगा सिर्फ नाम का योजना रह गया है ।जिसमें ठेकेदार और कार्यालय के पदाधिकारी कर्मचारी मिलकर भारी लूट खसोट मचाए हुए हैं। बैठक में आगामी चुनाव को लेकर के भी चर्चा किया गया है। पर्यवेक्षक राघवेंद्र यादव ने बताया कि सभी बूथ पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करना है।

# नगर पालिका उपनिर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने को लेकर डीएम की समीक्षा बैठक

## सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी करने का आदेश

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेरः। आगामी 28 जून को होने वाले नगर पालिका उपनिर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने को लेकर बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा सभी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में 28 जून को होने वाले नगर पालिका उप निर्वाचन तथा 30 जून को मतगणना कार्य की बिंदुवार समीक्षा की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक सहित अन्य उपस्थित थे।

बैठक में जिलाधिकारी ने 28 जून को होने वाले नगर पालिका उप निर्वाचन से संबंधित सभी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 8 बूथों पर यह चुनाव कराया जाना है, इस लिए बूथ पर सभी प्रकार की आधारभूत सुविधाओं के साथ अन्य व्यवस्थाएं भी पूर्ण कर लें। ई.वी.एम. का रैण्डमाइजेशन हेतु आयोग के निदेर्शानुसार अक्षरशः करवाई करने का निर्देश दिया गया तथा उसके डिस्पैच हेतु आवश्यक वाहनों की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया।

सामग्री कोषांग को चुनाव संबंधी सभी सामग्री की पैकिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी सामग्री का समुचित पैकिंग कर लें, ताकि मैटेरियल हैंडओवर के दौरान कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि मतदान के पश्चात ईवीएम रखने के लिए बने स्ट्रॉग रूम की जांच कर लें तथा आरओ से इससे संबंधित प्रमाण पत्र ले लें।

उन्होंने कहा कि मतदान एवं मतगणना के दिन नियंत्रण कक्ष की तैयारी से संबंधित समीक्षा की गई ताकि पोलिंग की स्थिति का जायजा सहित अन्य जानकारी का आदान प्रदान किया जा सके। साथ ही मतदान के पश्चात ईवीएम प्राप्ति हेतु स्ट्रॉग रूम के पास ही उसके रिसिविंग की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इससे संबंधित प्रशिक्षण 27 जून को चुनाव कार्य में लगे पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक रूप से दे दें, ताकि मतदान के दिन किसी तरह की कोई शिकायत न मिले। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी को मतदान केंद्र तथा मतगणना केंद्र में सीसीटीवी संस्थापन कराने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने मतदान के दिन एक आदर्श मतदान केंद्र बनाए जाने का निर्देश निवार्ची पदाधिकारी को दिया। साथ ही मतगणना केंद्रों पर तकनीकि पदाधिकारियों के प्रतिनियुक्ति करने का भी निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतदान के दिन सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी तथा मतदान एवं मतगणना को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराया जाएगा।

# मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के निमित्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव के साथ डीएम ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता




मधेपुरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को न्यू एन आई सी हॉल में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम -2025 के तहत अर्हता तिथि -01-07-2025 के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण -2025 एवं मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के निमित्त सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव, मधेपुरा जिला के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में संबंधित बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सामाजिक समरसता एवं जनकल्याण हेतु महाकीर्तन का हुआ आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा नगर निगम क्षेत्र के शिक्षक कॉलोनी वार्ड नंबर 36 स्थित सर्वेश्वर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के सामने स्थित मैदान में मंगलवार को नीम करौली बाबा के शिष्य पंडित शिवम बाबा के सौजन्य से मंदिर स्थित हनुमान जी का विशेष पूजा, महाआरती, महाप्रसाद वितरण एवं देर शाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में भगवान के भजनों पर श्रोता झूमते रहे। लोक गायिका दीक्षा झा, डॉली कुमारी एवं शंकर बिहारी ने एक से एक भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया एवं दर्शक को झूमाकर भक्ति रस में डुबो दिया। कार्यक्रम कमिटी एवं मंदिर कमिटी के सदस्यों ने सभी कलाकार एवं आगंतुक अतिथि पंडित नीम करौली के अनन्य शिष्य पंडित शिवम झा बाबा, गजमोहन झा, विजय नाथ ठाकुर, पप्पू सिंह, गुणसागर कुमार, रौशन माधव एवं काजू सिंह को मिथिला परंपरा के अनुसार पाग चादर देकर सम्मानित किया। पंडित श्री झा ने बताया कि जनकल्याण एवं सामाजिक समरसता के लिए आज 43 वां कीर्तन भजन का आयोजन किया गया है। पिछले मंगलवार से बटराहा, शिक्षक कॉलोनी, वार्ड नंबर 36 स्थित बाबा बजरंगबली का विशेष पूजा एवं महाकीर्तन का आयोजन हनुमान जी की कृपा से हो रहा है, और आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा। मौके पर मंदिर कमिटी के दीनानाथ पटेल, सुमन कुमार वर्मा, भगवान जी झा, बीरेंद्र पोद्दार, अंशु झा, चंद्रकुमार झा, पंकज राय, रमानाथ पासवान, पंकज झा, अरुण कुंवर, अमन झा, मनोज यादव, दिनेश यादव, रमेश यादव, कुमुद झा, ललितेश्वर झा, संजय वशिष्ठ, विनोद यादव, बालशंकर भारतेन्दु, दीपक झा, विमल कान्त मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे। वही विधि व्यवस्था संधारण के लिए टीओपी टू प्रभारी सनोज कुमार, सब इंस्पेक्टर रामोतार यादव सदल बल मौके पर मौजूद थे।

## सीवरेज की समस्याओं का निदान नहीं होने से लोग परेशान

मुंगेर। नगर निगम प्रशासन की ओर से केलाबाड़ी की जन समस्याओं में सीवरेज का निदान नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केलाबाड़ी के लोगों ने बताया की मोहल्ले में ना तो नाला साफ सफाई कराई गई है और ना ही समुचित पेयजल की समस्याओं का समाधान हो पाया है। जर्जर सड़कों पर जल जमाव रहने से आवाजाही करने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विभिन्न पेंशन सहित शौचालय पीएम आवास राशन कार्ड सहित कई समस्याओं से मोहल्ले के लोगों को निजात नहीं मिल पाया है। लोगों ने कहा कि इस संबंध में नगर प्रशासन को जल्द से जल्द निजात दिलाने चाहिए। पिछले कई महीनो से विभिन्न गमों तथा शहरों की समस्याओं को अखबारों में प्रकाशित किया जा रहा है लेकिन जिला प्रशासन द्वारा और शहरी क्षेत्र में नगर निगम और प्रखंड और अनुमंडल स्तर पर नगर पंचायत और नगर परिषद में जन समस्याओं की समुचित निदान के लिए कोई कम नहीं उठा रहे हैं। लोगों के लिए चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का भी सही तरीके से लाभ लाभुकों को नहीं मिल पा रहा है हकीकत तो यह है कि लोगों के लिए चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का भी सही तरीके से लाभकों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है जब गांव का विकास नहीं होगा तब तक देश का विकास संभव नहीं है।

# आगामी विधान सभा चुनाव के मद्दे नजर अपराधियों और शराब तस्करों पर पुलिस की निगाहे शक्त

## नाटकीय अंदाज में पुलिस ने किया भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर भागने में कामयाब






प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा बिहार में शराबबंदी सिर्फ कागजों पर है हकीकत यह है कि तस्कर बेखौफ हैं... और शराब का अवैध धंधा जोरों पर है। ताजा मामला सहरसा से सामने आया है, जहाँ पुलिस ने एक शातिर तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। सदर थाना क्षेत्र के डुमरैल चौक के पास, गुप्त सूचना पर पुलिस ने एक संदिग्ध वैन को रोका और जैसे ही तलाशी शुरू हुई, पुलिस के भी होश उड़ गए। वैन के अंदर बोतलें ही बोतलें थीं... अंग्रेजी शराब की सैकड़ों बोतलें। तस्करों ने शराब को छिपाने के लिए पूरी वैन को अंदर से मॉडिफाई कर रखा था ऊपर से चदरा लगाकर सब कुछ सील कर दिया गया था, ताकि किसी को भनक तक न लगे। पुलिस ने जब मैकेनिक बुलाकर वैन को खोला, तो असलियत सामने आई। विभिन्न ब्रांड की महंगी अंग्रेजी शराब की भारी खेप बरामद हुई, जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। हालांकि तस्कर छापेमारी से पहले ही फरार हो गया, लेकिन पुलिस अब उसकी तलाश में है और पूरे नेटवर्क की कड़ियाँ जोड़ने में जुटी है। शराबबंदी के बीच इतनी बड़ी तस्करी की साजिश – क्या वाकई सिस्टम फेल है? या तस्कर सिस्टम से तेज?

# बीस सूत्री उपाध्यक्ष कर्यालय का उद्घाटन फीता काटकर जदयू जिला अध्यक्ष ने किया

प्रात : किरण संवाददाता



बरियारपुर (मुंगेर)। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर में स्थित पुराने भवन के कक्ष में प्रखण्ड बीस सूत्री उपाध्यक्ष के लिए मंगलवार के दिन कार्यलय खोला गया। इस का उद्घाटन संयुक्त रुप से जदयू के नेता नचीकेता मंडल सहित अन्य नेता द्वय ने फीता काटकर उदघाटन किया। इस अवसर पर चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर अनील कुमार सिन्हा, प्रखंड बिकास पदाधिकारी स्वेता कुमारी, के साथ करहरिया पच्शिमी पंचायत के मुखिया अशोक कुमार मंडल, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार टिट्टु जदयू प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश कुमार मंडल, फैयर प्राईस डीलर्स ऐसोसियन अध्यक्ष बिजय कुमार मंडल, उपाध्यक्ष उमेश कुमार मंडल के साथ अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 26 वर्षीय वार्ड सदस्य को गोली मारकर हत्या, परिजनों का रो रो के बुरा हाल

बरियारपुर (मुंगेर)। बिगत नो दिनों के अंन्तराल मे दो युवकों को गोली मारकर हत्या कर बरियारपुर पुलिस को अपराधियों ने चुनौती दे दिया हैं। बिगत दिन बरियारपुर राजस्व हाट के समीप नेपाली मंडल के पुत्र अशिश की हत्या गोली मारकर कर दिया गया बिजय नगर गांव के वार्ड सदस्य परमजीत कुमार मंडल के हत्या गोली मारकर कर दिया गया। दोनों हत्या के कारण समय रात्री के 8/30 मिनट बताया जाता है। क्या दोनों घटनाओं के हत्यारे बरियारपुर पुलिस के लिए एक चुनोती सावित हो रहा है। दोनों स्थानो पर भीड़भाड़ रहती हैं फिर भी हत्यारे हत्याकांड को अंजाम देकर बरियारपुर पुलिस के लिए चुनोती दे रहा है। हत्या की घटना को पुलिस रोक नहीं सकती है

# अवैध रूप से विद्युत चोरी करने के आरोप में 52 पर प्राथमिकी दर्ज और 1575 लोगों का कटा कनेक्शन

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिला अंतर्गत अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी की घटना की रोकथाम को लेकर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत सभी कनीय विद्युत अभियंता के नेतृत्व में एक जाँच दल का गठन कर 52 पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। वहीं बकाया नहीं जमा नहीं करने के कारण 1575 लोगों का कनेक्शन काटा गया। कनीय विद्युत अभियंता के द्वारा बताया गया की मीटर से पहले मुख्य सर्विस तार में कटिंग कर एवं एक अतिरिक्त तार जोड़कर मीटर बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर नौ लाख रुपये जिसमें विद्युत बकाया सहित जुमार्ना लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। आगे बताते चलें की विद्युत विभाग का बकाया राशि लंबित रहने पर लाइन काटने के उपरांत बिना बकाया राशि तथा पुनः विद्युत संयोजन शुल्क जमा किये अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी की जा रही है और राजस्व की क्षति हो रही है। विद्युत कार्यपालक अभियंता अमित कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है।

# मखाना के खेतों में लगे तीन मोटर पंप की चोरों ने कर ली चोरी, किसान परेशान

प्रात : किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के बुधामा ओपी अंतर्गत शहजादपुर पंचायत के बदरा चाप में एक किसान की मखाना की खेत में लगाए गए तीन मोटर पंप की चोरी हो गई।

मोटर पंप की चोरी होने से मखाना किसान हताश व परेशान है। इस संबंध में शहजादपुर पंचायत के गोरियारी निवासी मिट्ठू मंडल ने बताया कि मंगलवार रात को लगाए गए मखाना के खेत में पंप बंद कर घर आया था। बुधवार सुबह खेत जाने के बाद मोटर पंप नहीं देखने पर काफी खोजबीन की लेकिन कुछ भी पता नहीं चल सका। तत्पश्चात पीड़ित किसान ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मोटर पंप चोरी की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि आवेदन मिलने के उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# बिहार लोकल बॉडीज एम्प्लॉईज फेडरेशन दो फाड़ - संजय केशरी गुट का हुआ गठन

## अवैध कब्जा के कारण नगर निगम को दो करोड़ रूपयों से ज्यादा के राजस्व की क्षति

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। बिहार लोकल बॉडीज एम्प्लॉईज फेडरेशन के वर्तमान कर्ता-धताओं के कार्यकलापों से क्षुब्ध मुंगेर नगर निगम के सैंकड़ो कार्यालय कर्मियों, दैनिक कर्मियों, एनजीओ कर्मियों, जलकल कर्मियों एवं सेवानिवृत्त कर्मियों ने एक अलग गुट का गठन करते हुए ह्वबिहार लोकल बॉडीज एम्प्लॉईज फेडरेशन (संजय केशरी गुट)ह्व का गठन किया। लिखित रूप से इसकी जानकारी नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव, महापौर, निगमायुक्त, प्रमण्डलीय आयुक्त एवं जिलाधिकारी को दी गई हैं। इससे पहले अध्यक्ष संजय केशरी की अध्यक्षता में रामलीला मैदान दुर्गा स्थान, मुंगेर में सैंकड़ो निगम कर्मियों ने नगर निगम प्रशासन द्वारा मौखिक कानून के तहत दैनिक कर्मियों सहित अन्य कर्मियों का लगातार हो रहे दोहन-शोषण पर तीव्र आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि नया संगठन और अलग रजिस्ट्रेशन नहीं कराना है बल्कि इसी संगठन में अपना एक अलग गुट बनाकर काम करना है। इसके बाद सर्वसम्मति से ह्वबिहार लोकल बॉडीज एम्प्लॉईज फेडरेशन (संजय केशरी गुट)ह्व के गठन की घोषणा की गई जिसका उपस्थित निगम कर्मियों ने हाथ उठाकर, ताली बजाकर तथा प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर समर्थन किया। इस अवसर पर उपस्थित निगम कर्मियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष संजय केशरी ने कहा कि संजय केशरी गुट का कार्यक्षेत्र फिलहाल मुंगेर नगर निगम ही होगा लेकिन समय के साथ-साथ इसका विस्तार पूरे बिहार के नगर निकायों तक किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम प्रशासन एक नेता विशेष के इशारे पर काम कर रहा है और उन्हें गैरकानूनी तरीके से दो-ढाई वर्षों से टाउन हॉल में कार्यालय आबंटित किए हुए है जिससे नगर निगम को अनुमानतः दो करोड़ रुपए से भी ज्यादा के राजस्व की क्षति हुई है। श्री केशरी ने दैनिक कर्मियों की सेवा स्थाईकरण, दैनिक मजदूरी 654 रुपए करने, पेंशन सहित सेवांत लाभ, अनुकम्पा बहाली के साथ-साथ चतुर्थ, पंचम एवं षष्ठ वेतनमान का अंतर वेतन, सप्तम वेतनमान दिलाने, लंबित प्रोन्नति आदि पर जोरदार लड़ाई लड़ने की घोषणा की। इस अवसर पर दशरथ यादव, आनन्दी यादव, जुलूम यादव, जयनन्दन मंडल, ब्रह्मदेव केशरी, मुकेश मल्लिक, दिनेश मल्लिक, ओमप्रकाश यादव, बाल्मीकि यादव, सूरज डोम, विनय पासवान, नन्द किशोर कुमार, बिनोद राउत, नित्यानंद सिंह, सीता देवी, माला देवी, पारो देवी, रीना देवी, मनिया देवी, बिक्की मांझी, अमर मांझी, शिबू मल्लिक एवं युगल यादव सहित सैकड़ों निगमकर्मी उपस्थित थे।

# नीतीश कुमार ने पेंशन वृद्धि कर असहायों को दी रहता : जिला जदयू प्रवक्ता

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा पेंशन योजनाओं की राशि में 3 गुना वृद्धि किए जाने के निर्णय को लेकर मुंगेर जिला जदयू के प्रवक्ता मनोज कुमार रघु ने प्रेस बयान जारी कर इसे ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी कदम बताया हैं। ,प्रवक्ता रघु ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पूरा राजनीतिक जीवन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण को लेकर समर्पित रहा है ,चाहे वह शिक्षा स्वास्थ्य नाली या पुल पुलिया जैसी बुनियादी सुविधा हो या फिर वृद्ध विधवा और दिव्यांगजनों को मिलने वाली पेंशन योजनाएं नीतीश कुमार की योजनाएं सदा ही लोक कल्याण को केंद्र में रखती है, श्री रघु ने कहा की पूर्व में जो पेंशन राशि मिलती थी उससे असहाय लोगों का गुजारा करना बेहद कठिन था लेकिन अब 1100 की मानसिक पेंशन मिलने से पेंशनधारी को जीवन यापन में वास्तविक राहत मिलेगी ,इससे केवल लाभार्थी ही नहीं बल्कि उनके आश्रित परिवारजनों को भी मानसिक और आर्थिक सहारा मिलेगा, प्रवक्ता रघु ने कहा के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके इस संवेदनशील;और दूरदर्शी निर्णय के लिए धन्यवाद दिया और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह दीघार्यु हो स्वस्थ रहें तथा 2025 से 2030 तक पुनः बिहार के मुख्यमंत्री बनकर जन सेवा करते रहे यह निर्णय राज्य के लाखों जरूरतमंद नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला साबित होगा।

# घरेलू विवाद ने ली जानः मधुबनी में दो बच्चों की मां ने लगाई फांसी



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली थाना अंतर्गत कसमा मरार गांव में एक महिला ने घरेलू विवाद के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान वार्ड संख्या-3 निवासी अजीत चौधरी की 32 वर्षीय पत्नी संगीता देवी के रूप में हुई है। घटना मंगलवार देर शाम की बताई जा रही है, जब संगीता देवी ने घर के एक कमरे में साड़ी से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।जानकारी के अनुसार, संगीता की शादी वर्ष 2012 में हुई थी और वह दो बच्चों की मां थी, जिनकी उम्र क्रमशः 5 और 7 वर्ष है। घटना से ठीक एक दिन पूर्व उसके पिता आम और कटहल लेकर बेटी से मिलने आए थे तथा उसे मायके चलने का आग्रह भी किया, लेकिन संगीता ने मना कर दिया।मंगलवार की शाम संगीता का अपने पति के साथ किसी घरेलू विषय को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद वह कमरे में चली गई और काफी देर तक बाहर नहीं निकली। संदेह होने पर परिजनों ने जब दरवाजा तोड़ा तो देखा कि संगीता फंदे से लटकी हुई थी। आनन-फानन में मामले की सूचना पुलिस को दी गई।खजौली थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। मृतका के परिजन और पड़ोसी बताते हैं कि संगीता शांत और सौम्य स्वभाव की महिला थी तथा उसका किसी से कोई विशेष विवाद नहीं था। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत दर्ज नही कराई गई है।

# आपातकाल के काले अध्याय पर भाजपा का प्रहार, लखीसराय में कार्यक्रम आयोजित

- भाजपा नेताओं ने कहा- कांग्रेस की तानाशाही का परिणाम था आपातकाल

प्रात : किरण संवाददाता




लखीसराय !भारतीय जनता पार्टी पुरानी बाजार मंडल,लखीसराय द्वारा बुधवार को शहर के पुरानी बाजार स्थित कौशल्या रेजिडेंट होटल में आपातकाल पर चर्चा विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर लोकतंत्र के उस काले अध्याय को याद करते हुए वक्ताओं ने कांग्रेस की नीतियों की कड़ी आलोचना की और भारतीय लोकतंत्र की मजबूती के लिए सतर्क रहने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुकुल सिंह ने की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने आपातकाल को भारतीय संविधान और लोकतंत्र के मूल मूल्यों पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता बचाने के लिए देश को आपातकाल की जंजीरों में जकड़ दिया था। यह कदम न केवल विरोधियों की आवाज दबाने वाला था, बल्कि आम जनता की आजादी पर भी हमला था। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने भी आपातकाल के भयावह परिणामों को याद करते हुए कहा कि उस दौरान प्रेस की स्वतंत्रता छीन ली गई थी, विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया था और आम नागरिकों के मौलिक अधिकार खत्म कर दिए गए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा आज भी आपातकाल की मानसिकता का विरोध करती है और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मीडिया प्रभारी अजय कुशवाहा ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को आपातकाल के इतिहास से परिचित कराना जरूरी है ताकि वे जान सकें कि लोकतंत्र की कीमत क्या होती है और इसकी रक्षा कितनी आवश्यक है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, वरिष्ठ नागरिक और युवाओं ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में लोकतंत्र की रक्षा और उसके मूल्यों को बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# मोहर्रम पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) प्रखंड थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अंचल निरीक्षक अनिल सिंह ने किया। बैठक में सीओ विद्यानंद झा एवं आरो स्मिता झा मौजूद रहे। शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम का पर्व मनाये जाने को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श किया। बैठक को संबोधित करते हुए अंचल निरीक्षक सुरेश कुमार ने कहा कि यहां हर पर्व त्यौहार मिलजुलकर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने की परंपरा रही है। हमें उस परंपरा को कायम रखना है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने वाले पर होगी कार्यवाही। इस दौरान थाना अध्यक्ष राघव शरण में कहा कि जुलूस में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। तजिया जुलूस के सभी लाइसेंसधारियों से लाइसेंस नवीनीकरण के लिए आवेदन में तजिया निकलाने का रूट चार्ट की जानकारी देने के लिए कहा। जहां-जहां रेनगा कार्यक्रम आयोजित की जाएगी वहां पुलिस बल की मुस्तैद रहेगी। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव, कांग्रेस अध्यक्ष जैनूल आबदीन, राजद अध्यक्ष शिवधन शर्मा, मंडल अध्यक्ष रोशन कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि निर्मल ठाकुर, प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश पंडित, हिमांशु कुमार, पूर्व प्रमुख जवाहर मेहता, मुखिया मो वाजिद, पूर्व मुखिया पवन केडिया, गजेंद्र राम, जुबेर आलम, मो पप्पू, शहादत परदेसी, राजेश रोशन, मो शमशाद, मो नौशाद, मो मुबारक, मो शाकिर, मो सिकेंन्द्र, मो दिलावर, सुरेंद्र यादव, चंदन दास सहित अन्य मौजूद रहे।

सम्पादकीय

## चीन ने बनाया - मच्छर ड्रोन बदल सकता है युद्ध का तरीका

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

तकनीकी युग ने मानव जीवन को जितना आसान बनाया है, उतना ही युद्ध के मैदान को भी जटिल और खतरनाक। अब टैंक, मिसाइल और जेट विमानों की बजाय एक नया युग शुरू हो चुका है ह्लमाइक्रो वॉरफेयरह्व। इस दिशा में चीन ने एक और बड़ा कदम उठाया है, जब उसने मच्छर ड्रोन नामक बायोनिक माइक्रो ड्रोन का सफलतापूर्वक निर्माण किया है। यह ड्रोन इतना छोटा है कि एक उंगली पर रखकर उड़ाया जा सकता है, लेकिन इसके कार्य अत्यंत गंभीर हैं , निगरानी, जासूसी, डेटा कलेक्शन और यहां तक कि दुश्मन की पोजिशन का सटीक पता लगाने का कार्य भी यह मच्छर के आकार का डिवाइस कर सकता है ।मच्छर ड्रोन की लंबाई केवल 1.3 सेंटीमीटर, डिजाइन हूबहू मच्छर जैसा, पंख दो बायोनिक विंग्स जो मच्छर की तरह फड़फड़ाता है, पैर बाल जितने पतले तीन माइक्रो लैग्स, वजन इतना हल्का कि इंसान के बाल से भी कम है। इसमें हाई-डेफिनिशन कैमरा, रडार और नेविगेशन सेंसर, स्मार्टफोन से नियंत्रण, बायोनिक टेक्नोलॉजी आधारित विंग मूवमेंट, सोलर और माइक्रो बैटरी सपोर्ट (सीमित) लगा हुआ है। यह ड्रोन चीन की नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ डिफेंस टेक्नोलॉजी (ठवउ्ळ) के रोबोटिक्स विभाग ने तैयार किया है। इसका उद्देश्य सिर्फ दुश्मन की निगरानी करना नहीं है, बल्कि एक पूरा मिनिएचर रोबोटिक जासूस बनाना है ।ड्रोन में डुअल हाई-रेजोल्यूशन कैमरा सिस्टम लगा है, जो एक मच्छर की आंखों जैसा कार्य करता है। यह सिस्टम 360 डिग्री तक विजुअल डेटा कैप्चर कर सकता है। ड्रोन में मल्टी-सेंसर सिस्टम है, जिसमें तापमान मापने वाला सेंसर, एयर क्वालिटी मापक, वॉटर क्वालिटी एनालाइजर, माइक्रो रडार नेविगेशन सिस्टम है ।इस ड्रोन को स्मार्टफोन या टेबल्ट के जरिए नियंत्रित किया जा सकता है। इसके लिए विशेष एप्लिकेशन आधारित कंट्रोल इंटरफेस विकसित किया गया है ।यह ड्रोन दुश्मन के इलाके में बिना पता चले घुस सकता है और सेना को वास्तविक समय की इंटेलिजेंस दे सकता है। भारत-चीन, चीन-ताइवान जैसी संवेदनशील सीमाओं पर यह ड्रोन चीन की सेना को अग्रिम मोर्चे पर बड़ी बढ़त दे सकता है। यह ड्रोन विशेष कैमरा और सेंसर से किसी व्यक्ति की गतिविधियों की निगरानी कर सकता है, जो आतंकवाद निरोधी अभियानों में कारगर हो सकता है। ड्रोन वाई-फाई नेटवर्क, रेडियो फ्रीक्वेंसी और मोबाइल डेटा की निगरानी में भी उपयोग किया जा सकता है ।बायोनिक टेक्नोलॉजी वह विज्ञान है, जो जीवों के शारीरिक संरचना को तकनीकी मशीनों में उपयोग करता है। मच्छर ड्रोन इसका सबसे बेहतरीन उदाहरण है। यह दिखाता है कि किस तरह एक जीव की उड़ान प्रणाली, पंखों की गति, और ध्वनि-मुक्त उड़ान को मशीनों में बदलकर उपयोग किया जा सकता है ।छोटी बैटरी की वजह से यह ड्रोन बहुत लंबी उड़ान नहीं भर सकता है। इसमें किसी प्रकार का हथियार या अतिरिक्त उपकरण ले जाने की क्षमता नहीं है। हवा का बहाव अधिक होने पर उड़ान असंभव हो जाता है। अगर नियंत्रण प्रणाली को हैक किया गया तो यह ड्रोन दुश्मन के लिए खतरा बन सकता है ।इस ड्रोन के जरिए सीमाओं पर जासूसी की घटनाएं बढ़ सकती हैं। इसका उपयोग खुफिया जानकारी चुराने के लिए किया जा सकता है। छोटे ड्रोन यदि नागरिक क्षेत्रों में उड़ाए जाते हैं तो यह निजता के अधिकारों का उल्लंघन हो सकता है। इस मच्छर ड्रोन ने अमेरिका, रूस, भारत, फ्रांस जैसे देशों को भी ऐसे ही माइक्रो ड्रोन बनाने की दौड़ में झोंक दिया है ।भारत ने भी अपनी उ्ढरव२ और उ्र्छ्ढ के सहयोग से कई प्रकार के निगरानी ड्रोन विकसित किया हैं। लेकिन अब मच्छर ड्रोन जैसे बायोनिक सर्विलांस सिस्टम की दिशा में तेजी से काम करने की जरूरत है। माइक्रो ड्रोन टेक्नोलॉजी पर अनुसंधान को बढ़ावा, बायोनिक रोबोटिक्स प्रयोगशालाएं, क्क्र्रछ२, क्क्र्रू जैसे संस्थानों को फंडिंग, सामरिक नीति में माइक्रो वॉरफेयर की योजना पर काम हो रहा है ।अगर एक मच्छर ड्रोन से किसी साजिश का संचालन हो सकता है, तो कल्पना कीजिए कि हजारों ऐसे ड्रोन एक साथ उड़ते हुए किसी देश की राजधानी में घुस जाएं। इससे साइबर अटैक, डाटा चोरी, वीआईपी ट्रैकिंग, बायोलॉजिकल हथियार के वितरण जैसे कार्य किया जा सकता हैं। यह ड्रोन आने वाले युद्धों को ह्लमानव रहित और सूक्ष्मह्व (वल्लेंल्लल्ली & द्रू१ङ्क)ह्व बना देगा, जिसमें हथियारों से अधिक डेटा, तकनीक और निगरानी की भूमिका होगी ।चीन का मच्छर ड्रोन विज्ञान और तकनीक की चमत्कारिक क्रांति है, लेकिन यह एक चेतावनी भी है कि युद्ध अब सिर्फ बंदूक या बम से नहीं लड़ा जाएगा, बल्कि हवा में उड़ते अदृश्य खतरों से भी होगा। भारत सहित दुनिया के सभी देशों को अब इस दिशा में नई रणनीति, नई तकनीक और सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

## नशीली दवाओं के खिलाफ महत्वाकांक्षी युद्ध का आह्वान

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 26 जून को नशीली दवाओं मुक्त दुनिया को निर्मित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने, कार्रवाई और सहयोग को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य गलत सूचनाओं का मुकाबला करना और नशीली दवाओं के बारे में तथ्यों को साझा करना है। साथ ही साक्ष्य आधारित रोकथाम, स्वास्थ्य जोखिमों और विश्व नशीली दवाओं की समस्या, उपचार और देखभाल से निपटने के लिए उपलब्ध समाधानों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। अवैध ड्रग्स एवं तस्करी मानव के लिए बहुत बड़ी पीड़ा एवं संकट का स्रोत है। सबसे कमजोर लोग, खास तौर पर युवा लोग, इस संकट का खामियाजा भुगतते हैं। ड्रग्स का इस्तेमाल करने वाले लोग और नशे की लत से जूझ रहे लोग अंधेरी दुनिया में भटकते हुए कई चुनौतियों का सामना कर रहे है। नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के खुद के हानिकारक प्रभाव, उनके द्वारा झेला जाने वाला कलंक, स्वास्थ्य संकट और भेदभाव और अक्सर उनकी स्थिति के प्रति कठोर और अप्रभावी प्रतिक्रियाएं दुनिया को एक महासंकट में धकेल रही है। इसलिये नशे एवं नशीली दवाओं के बढ़ते प्रचलन एवं तस्करी को रोकने के लिये दुनिया को एकजुट होकर इस महत्वाकांक्षी युद्ध को सफल बनाना नितांत अपेक्षित है।


हर साल संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएनओडीसी) वैश्विक जागरूकता अभियानों और नीति सिफारिशों का मार्गदर्शन करने के लिए एक थीम निर्धारित करता है। 2025 की थीम है-जंजीरों को तोड़ना: सभी के लिए रोकथाम, उपचार और पुनर्प्राप्ति ह्यह नारा सामुदायिक समर्थन, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी से निपटने में वैश्विक एकजुटता की आवश्यकता पर जोर देता है। यूएनओडीसी की विश्व मादक पदार्थ रिपोर्ट 2020 के अनुसार, वर्ष 2018 में वैश्विक स्तर पर 269 मिलियन लोगों ने मादक पदार्थों का उपयोग किया, जो वर्ष 2009 की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है; तथा अनुमान है कि 35 मिलियन लोग मादक पदार्थ उपयोग विकारों से पीड़ित हैं। यह दिवस न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और वैकल्पिक आजीविका सहित रोकथाम में निवेश का आह्वान करता है-जो टिकाऊ लचीलेपन के निर्माण के साथ उन्नत एवं स्वस्थ मानव जीवन का आधार हैं।

दुनिया में सभी राष्ट्रों में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, सभी देशों में बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों को नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि दुनिया नशीले पदार्थों की राजनीति के युग से गुजर रही है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। जिससे समय के साथ दुनिया में हेरोइन, अफीम, गांजा, चरस के अलावा अन्य नशे के साथ कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन बढ़ने लगा है नशीली दवाओं का दुरुपयोग और अवैध तस्करी वैश्विक स्तर पर चिंता का विषय बनी हुई है, जिससे लाखों व्यक्ति, परिवार और समाज प्रभावित हो रहे हैं। इसीलिये यह दिवस एक स्वस्थ और नशीली दवाओं से मुक्त समाज बनाने के लिए साक्ष्य-आधारित नीतियों, सामुदायिक सहभागिता और नुकसान कम करने की रणनीतियों के महत्व पर प्रकाश डालता है। पिछले वर्ष विश्वभर में 15-64 वर्ष की आयु के 300 मिलियन से अधिक लोगों ने नशीले पदार्थों का उपयोग किया है। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकार से पीड़ित 8 में से 1 व्यक्ति को उपचार मिल पाता है,

# 57 देशों की भारत-विरोधी लामबंदी

**पाकिस्तान के दुष्प्रचार की असलियत बताने और भारत का पक्ष रखकर कूटनीतिक समर्थन जुटाने सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडलों का विभिन्न देशों में भेजा था। इन सारे प्रयासों की हकीकत यह है, जिन देशों में यह डेलिगेशन गये थे, उन्हीं देशों ने भारत के खिलाफ पारित प्रस्ताव पर दस्तखत किए हैं। कुवैत, सऊदी अरब, यूएई, बहरीन, मलेशिया, कतर, इंडोनेशिया, मिस्र, अल्जीरिया, गुयाना और सिएरा लियोन सहित 11 देशों ने भारत का पक्ष नहीं लिया उल्टे विरोध किया है**



सनत जैन

लेखक

57 इस्लामिक देशों के संगठन ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) की हालिया बैठक में भारत के खिलाफ सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव पारित किया गया है। जिसमें भारत की विदेश नीति और ऑपरेशन सिंदूर के निर्णयों को कठघरे में खड़ा किया गया हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर के विदेशी दौरे और विदेश नीति के साथ-साथ, 51 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल ऑपरेशन सिंदूर के बाद विभिन्न देशों में गया था। बहुचर्चित ऑपरेशन सिंदूर की साख पर भी ओआईसी के प्रस्ताव से तगडा झटका लगा है। 51 सांसदों को विदेशों में भारत का पक्ष रखने भेजा था। पाकिस्तान के दुष्प्रचार की असलियत बताने और भारत का पक्ष रखकर कूटनीतिक समर्थन जुटाने सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडलों का विभिन्न देशों में भेजा था। इन सारे प्रयासों की हकीकत यह है, जिन देशों में यह डेलिगेशन गये थे, उन्हीं देशों ने भारत के खिलाफ पारित प्रस्ताव पर दस्तखत किए हैं। कुवैत, सऊदी अरब, यूएई, बहरीन, मलेशिया, कतर, इंडोनेशिया, मिस्र, अल्जीरिया, गुयाना और सिएरा लियोन सहित 11 देशों ने भारत का पक्ष नहीं लिया उल्टे विरोध किया है। ओआईसी संगठन ने कश्मीर और सिंधु जल संधि जैसे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने वाले प्रस्ताव पर पाकिस्तान के पक्ष में समर्थन दिया है। जो भारत सरकार की विफल विदेश नीति को दशार्ता है।

यह केवल कूटनीतिक विफलता नहीं, बल्कि भारत के लिये एक शर्मनाक स्थिति है। करोड़ों करदाताओं के टैक्स में जमा सरकारी धन के खर्चे पर सांसदों के प्रतिनिधि मंडलों को विदेशों मे भेजा गया था। जिन देशों में यह प्रतिनिधिमंडल गए थे। वहां पर इसका कोई व्यावहारिक प्रभाव नहीं पड़ा। सरकारी मंच और मीडिया के माध्यम से जनता के बीच जरुर यह भ्रम फैलाया गया। भारत सरकार की यह कोशिशें बड़ी सफल रहीं है। सांसदों के प्रतिनिधि मंडल ने सभी देशों में जाकर भारत का पक्ष अच्छी तरह से रखा है। यह प्रचारित किया गया, सांसदों के प्रतिनिधिमंडल की यात्राओं ने भारत का डंका दुनिया के कई देशों में बजाया है। भारत के सामने पाकिस्तान अलग-थलग पड़ गया है। भारत को हर देश से समर्थन मिला है। ओआईसी के पारित प्रस्तावों ने यह सिद्ध कर दिया है। भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर अकेला पड़ गया है। भारत सरकार की तमाम कोशिशें एवं प्रचार-प्रसार मीडिया तक सीमित हैं। जमीनी स्तर पर उसका प्रभाव देखने को नहीं मिला।

प्रधानमंत्री मोदी की 150 विदेश यात्राएँ, जयशंकर की विदेश मंत्री के रूप में सक्रियता भारत की कूटनीति और सांसदों के डिप्लोमेसी टूर मैं जो बताया गया था, ठीक उसके विपरीत वर्तमान स्थिति है। भारत की इस फजीहत का क्या कारण है। वर्तमान स्थिति में देश के नागरिकों के मन में तीव्र जिज्ञासा है, जनता जानना चाहती हैं। क्या विदेश यात्राएँ राष्ट्रीय हित के लिए थीं। क्या इस तरह की विदेश यात्राएं राजनीतिक और व्यक्तिगत फायदे के लिये होती हैं।


देश को वर्तमान स्थिति को देखते हुए सरकार की आत्ममंथन करने की आवश्यकता है।

किसी भी राष्ट्र के साथ अपने संबंधों को बनाना, कूटनीति के साथ रिश्तों को राष्ट्रीय हित में बेहतर स्थिति में ले जाना, यह वास्तविक कार्य प्रणाली से ही संभव है। इवेंट मैनेजमेंट के जरिए रिश्तों का कोई फायदा नहीं होता है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह स्पष्ट हो गया है। भारत को विश्व गुरु के मुखौटे से बाहर निकलना होगा। हम 140 करोड़ की आबादी वाले देश हैं। इससे भी हमें बाहर निकालने की जरूरत है। रिश्ते दो पक्षों के बीच में बनते हैं। दोनों पक्ष एक दूसरे की आवश्यकता जरूरत और संबंधों के आधार पर रिश्ते प्रगाण होते हैं। नए वैश्विक समीकरणों को देखते हुए भारत को राष्ट्रीय हितों, कारोबार की नीतियों तथा संबंधों की स्पष्टता को ध्यान में रखते हुए विदेश नीति बनानी होगी। तभी दुनिया भारत के ऊपर विश्वास करेगी।

# जातिगत जनगणना: लोकतंत्र की आत्मा या सत्ता का समीकरण?

**आजादी के 75 वर्ष बाद भी जाति भारतीय समाज की संरचना, अवसरों की उपलब्धता, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और संसाधनों के वितरण का निर्धारक बनी हुई है। ऐसे में जातिगत जनगणना केवल एक प्रशासनिक कवायद नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र की आत्मा से जुड़ा हुआ सवाल है**





सोनम लववंशी

लेखिका

बीते दिनों केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने की मंजूरी दे दी है। पहली बार देश में डिजिटल जनगणना होगी जो अपने आपमें स्वागतयोग्य कदम है, क्योंकि जो दिखता नहीं, वो गिना नहीं जाता और जो गिना नहीं जाता, वो सत्ता और संसाधनों की दौड़ में कहीं पीछे छूट जाता है। भारत में जाति एक सामाजिक सत्य है, जिसे नजरअंदाज करना असंभव है। आजादी के 75 वर्ष बाद भी जाति भारतीय समाज की संरचना, अवसरों की उपलब्धता, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और संसाधनों के वितरण का निर्धारक बनी हुई है। ऐसे में जातिगत जनगणना केवल एक प्रशासनिक कवायद नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र की आत्मा से जुड़ा हुआ सवाल है।

भारत में पहली बार व्यवस्थित जातिगत जनगणना 1871 में की गई थी, जिसे बाद की जनगणनाओं में 1931 तक जारी रखा गया। लेकिन 1951 के बाद से स्वतंत्र भारत में जातिगत आंकड़ों को जानबूझकर इकट्ठा नहीं किया गया। केवल अनुसूचित जातियों और जनजातियों की गणना होती रही। 1931 के बाद से ओबीसी की जनसंख्या का कोई प्रामाणिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। मंडल आयोग ने 1931 की जनगणना के आधार पर ओबीसी आबादी का अनुमान 52 फीसदी लगाया था, पर यह अनुमान आज के संदर्भ में प्रासंगिक नहीं रह गया है। लगभग एक सदी पुराने आंकड़ों के आधार पर सामाजिक न्याय की नीतियां बनाना न केवल अवैज्ञानिक है, बल्कि लोकतंत्र के मूल्यों के विरुद्ध भी है।

जातिगत जनगणना सामाजिक न्याय के लिए आधारभूत आवश्यक है। यह जानना जरूरी है कि कौन सी जातियाँ कितनी संख्या में हैं, उनकी सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति क्या है। सामाजिक न्याय का अर्थ केवल आरक्षण देना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर, सम्मान और भागीदारी प्राप्त हो। जब तक पिछड़े वर्गों की वास्तविक स्थिति का आंकलन नहीं होगा, तब तक नीतियों की प्रभावशीलता संदेहास्पद रहेगी। जातिगत जनगणना के बिना यह जानना संभव नहीं कि-

1) कौन सी जातियाँ आरक्षण का वास्तविक लाभ ले रही हैं?
2) किन समुदायों को आज भी हाशिए पर रखा गया है?
3) क्या वर्तमान आरक्षण नीति सामाजिक न्याय के लक्ष्यों को पूरा कर रही है?

आर्थिक आधार पर पिछड़ापन तय करने की मांग लगातार उठती रही है। लेकिन भारतीय संदर्भ में यह तर्क अधूरा है। गरीब तो सभी वर्गों में हो सकते हैं, लेकिन हर गरीब की सामाजिक स्थिति समान नहीं होती। एक सवर्ण गरीब और एक दलित गरीब के बीच जमीन-आसमान का फर्क होता है। दलित या ओबीसी गरीब को सामाजिक भेदभाव, उत्पीड़न, और प्रतिनिधित्व आदि वंचनाओं का सामना करना पड़ता है। इसके उलट, सवर्ण गरीब को सामाजिक नेटवर्क, सम्मान और अवसरों की सांस्कृतिक पूंजी प्राप्त होती है। इसलिए केवल आर्थिक पिछड़ेपन को आधार बनाना, जातिगत असमानताओं की अनदेखी करना है। जाति और आर्थिक स्थिति दोनों को समग्रता में समझना होगा। और इसके लिए जातिगत आंकड़े अनिवार्य हैं ।भारतीय संविधान में सामाजिक न्याय की अवधारणा निहित है। अनुच्छेद 15(4) और 16(4) में राज्य को यह अधिकार दिया गया है कि वह सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए विशेष प्रावधान करे, लेकिन सवाल यह है कि बिना आंकड़ों के हम यह कैसे तय करेंगे कि पिछड़ा वर्ग कौन है और कितना पिछड़ा है? क्या यह उचित है कि 90 साल पुराने आंकड़ों के आधार पर 140 करोड़ की आबादी के लिए नीतियां बनाई जाएं? जातिगत जनगणना संविधान की उस आत्मा को सशक्त करती है जो समानता, स्वतंत्रता और न्याय की बात करती है। लोकतंत्र का अर्थ केवल मतदान का अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को बराबरी के अवसर देना भी है ।जातिगत जनगणना केवल सामाजिक नहीं, बल्कि एक राजनीतिक मुद्दा भी है। यह चुनावी गणित और सत्ता संतुलन को प्रभावित कर सकती है। यही कारण है कि केंद्र की सरकारें वर्षों से इसे टालती रही हैं। अगर जातिगत आंकड़े सामने आ जाए और यह साबित हो जाएगा कि ओबीसी वर्ग की आबादी 50 फीसदी से कहीं अधिक है।

## भारतीय कामगारों का सशक्तिकरण : रोजगार में बढ़ोतरी और श्रमिक कल्याण के डिजिटल उपाय



वी. अनंत नागेश्वरन

भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार

आधुनिक डिजिटल युग में, चैटबॉट, पोर्टल, ऑनलाइन शिकायत निवारण व्यवस्था और प्रबंधन सूचना प्रणालियों द्वारा संचालित ई-गवर्नेंस पोर्टल ने सरकार को लोगों के बेहद करीब ला दिया है। प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार रोजगार वृद्धि और कामगारों की सामाजिक सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने को फिर से परिभाषित और पुनर्संयोजित कर रही है। अब प्रक्रियाएं अधिक कुशल, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बन रही हैं। योजना से संबंधित पोर्टल अब ऑल-इन-वन (एकल सुविधा) प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य कर रहे हैं, जो धोखाधड़ी, मैन्युअल प्रक्रियाओं और प्रशासनिक बोझ कम करते हुए कार्यक्रमों के बारे में निर्बाध ज्ञान प्रवाह और लाभ मापन की सुविधा प्रदान करते हैं। योजनाओं को आधार कार्ड से जोड़े जाने और विभिन्न योजनाओं के साथ इसके अंतसंबंध से किसी को दो बार लाभ लेने से रोकने के साथ ही यह सुनिश्चित होता है कि लाभ समय पर लक्षित लोगों तक ही पहुंचें। आपस में जुड़े पोर्टल कामगारों को लाभकारी योजनाओं तक पहुंचने और आवेदन की स्थिति जानने, रोजगार के अवसरों का पता लगाने और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं। जबकि ये नियोक्ताओं को राष्ट्रीय प्रतिभा पूल के उपयोग में सहायता प्रदान करते हैं, जिससे कौशल और अनुभव के आधार पर कामगारों की भर्ती संभव हो पाती है। इसके अतिरिक्त, ये पोर्टल असंगठित श्रमिकों, नौकरी के इच्छुक कामगारों, नियोक्ताओं और रोजगार के अवसरों का व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने में योगदान देते हैं, जिससे नीति निमार्ताओं को सूचित, डेटा-समर्थित निर्णय लेने की सहूलियत मिलती है। किसी बड़े संकट के समय, महामारी इत्यादि के दौरान, ये डेटाबेस बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे, जिससे जरूरतमंदों की शीघ्रता से पहचान और समय पर सहायता सुनिश्चित हो सकेगी। यह डिजिटल शासन में परिवर्तन को सुव्यवस्थित कर रहा है, नागरिकों को सशक्त बना रहा है और कल्याणकारी प्रयासों की व्यापकता और प्रभावशीलता बढ़ा रहा है। इन पहल के कुछ उदाहरणों की यहां चर्चा की गई है।

राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल इस परिवर्तनकारी पहल का एक उल्लेखनीय उदाहरण है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 2015 में आरंभ किए गए इस पोर्टल ने रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को संबंधित सेवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 5 करोड़ 50 लाख से अधिक कामगारों के पंजीकरण के साथ, यह एक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्मह्व के रूप में काम कर रहा है जो नौकरी पाने के इच्छुक व्यक्तियों को देश भर में रोजगार के अवसरों से जोड़ता है। इस पर उन्हें करियर काउंसलिंग, जॉब मैचिंग, इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षुता), कौशल विकास पाठ्यक्रम आदि की जानकारी प्रदान की जाती है। किसी राज्य विश्वविद्यालय से तुरंत स्नातक होने वाला छात्र पहले मोबाइल फोन के जरिए देश भर में नौकरी के अवसरों को जानने की कल्पना भी नहीं कर सकता था। पर आज, एनसीएस की मदद से कोई भी व्यक्ति आसानी से स्थान के हिसाब से पीएम गतिशक्ति के साथ एकीकरण के जरिए, देश भर में नौकरियों की खोज कर सकता है, करियर और नौकरी संबंधी परामर्श प्राप्त कर सकता है और यहां तक कि स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) पोर्टल के जरिए आवश्यक कौशल भी हासिल कर सकता है। यह सब उसे फोन पर या स्थानीय रोजगार मेलों में शामिल होकर मिल सकता है।

एनसीएस परियोजना के अंतर्गत अब तक लगभग 57 हजार रोजगार मेले आयोजित किए जा चुके हैं। इसके अलावा, एनसीएस पोर्टल को स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच), उद्यम, ई-श्रम, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), पीएम गतिशक्ति, डिजीलॉकर और अन्य के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे हितधारकों की उन तक पहुंच और दक्षता में वृद्धि हुई है। यह पोर्टल लगभग 30 राज्यों और निजी रोजगार पोर्टलों से भी जुड़ा हुआ है, जिससे कामगारों को नौकरी के अवसरों तक व्यापक पहुंच हो रही है। इसी तरह, श्रम सुविधा और समाधान पोर्टल, उद्योग और व्यापार के लिए अनुपालन और व्यापार सुगमता को बढ़ाते हैं तथा विवादों का तेजी से समाधान और दावे तथा श्रमिकों की शिकायतों का निपटान सुनिश्चित करते हैं। ईएसआईसी धनवंतरी मॉड्यूल अस्पतालों और औषधालयों को मरीजों का रिकॉर्ड (परीक्षण इत्यादि) पिछले मामले के इतिहास आदि की बेहतर उपलब्धता प्रदान करने में सक्षम बनाता है, जिससे रोगी की बेहतर देखभाल सुनिश्चित होती है। ये पहल सरकार के संकल्प के स्पष्ट प्रमाण हैं कि प्रौद्योगिकी के लाभ से विभिन्न पहल द्वारा सभी के लिए अधिक सुलभ, कुशल और पारदर्शी सेवा मुहैया कराने के कल्याणकारी उपायों में कोई भी पीछे न छूटे ।रोजगार का दूसरा पहलू सामाजिक सुरक्षा है। भारत में एक बड़ा अनौपचारिक, असंगठित क्षेत्र है जो रोजगार प्रदान करता है। ऐसे रोजगार में नियोक्ता द्वारा कोई लिखित अनुबंध और सामाजिक सुरक्षा नहीं होती। इन कामगारों के लिए, बीमारी, चोट, दुर्घटना, नौकरी छूटना या अन्य आपात स्थिति जैसी कोई भी घटना तुरंत विपत्ति में बदल सकती है। अब सरकार के सामाजिक सुरक्षा के उपाय अस्थायी संकट को आजीवन कठिनाई में बदलने से रोकते हैं। सरकार के निरंतर प्रयासों से इसमें महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और सबको सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। हाल तक लाखों असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभों तक जागरूकता और पहुंच सीमित थी। पर ई-श्रम पोर्टल ने इस चुनौती का समाधान किया है। असंगठित श्रमिकों को अब सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एक विशिष्ट पहचान मिला है। वर्ष 2021 में आरंभ किए गए इस पोर्टल पर 30 करोड़ 70 लाख से अधिक असंगठित श्रमिक पंजीकृत हैं। यह पोर्टल लगभग 13 सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को एक ही स्थान पर एकीकृत कर श्रमिकों के लिए ह्लएकल समाधानह्व के रूप में कार्य करता है, जिससे लाभों को लक्षित रुप से पहुंचाना, उन तक बेहतर पहुंच और योजना संतृप्ति (योजना लाभ) संभव हो पाता है। केंद्रीय बजट 2025-26 में गिग श्रमिकों (अल्पकालिक, अनुबंध-आधारित नौकरी करने वाले) का ई-श्रम से पंजीकरण कर विशिष्ट पहचान पत्र प्रदान किया गया है और उन्हें पीएम जन आरोग्य योजना के दायरे में लाकर सामाजिक सुरक्षा प्रदान की गई है। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ श्रमिकों का विवरण साझा करके, पोर्टल राज्य स्तर पर श्रमिक कल्याण कार्यक्रमों की बेहतर योजना और कार्यान्वयन को सक्षम बनाता है। इसके अलावा, पोर्टल को राष्ट्रीय करियर सेवा, स्किल इंडिया डिजिटल हब, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना आदि है।

# आपदा से नुकसान कम से कम हो, ये हम सबका प्रयास होना चाहिए : प्रभारी सचिव

## संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ आपदा से निपटने हेतु सभी तैयारियां पूरी रखने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। बी. कार्तिकेय धनजी, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार-सह-प्रभारी सचिव, पश्चिम चम्पारण जिला की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में संभावित बाढ़ एवं सुखाड़-2025 के पूर्व तैयारी हेतु समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुयी। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार एवं अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार रविन्द्र द्वारा पावर प्रजेंटेशन के माध्मय से संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ से निपटने के लिए अबतक की गयी तैयारियों से प्रभारी सचिव को अवगत कराया गया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि उनके द्वारा कई तटबंधों का निरीक्षण किया गया है और संबंधित यअभियंताओं को मुस्तैदी से तटबंधों की निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही आपदा प्रबंधन की बैठक का तैयारी की समीक्षा की गई है।उन्होंने बताया कि आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी एसओपी के अनुरूप जिलास्तर से लेकर पंचायतस्तर तक तैयारियां की जा रही है। अधीक्षण अभियंता, शीर्ष कार्य



प्रमंडल वाल्मीकिनगर गंडक बराज से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा से संबंधित प्रतिवेदन प्रतिदिन 12-12 घंटे पर उपलब्ध करा रहे हैं। जल संसाधन विभाग एवं बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल से संबंधित सभी कार्यपालक अभियंता तटबंधो की सुरक्षा/देखरेख हेतु स्थानीय स्तर पर स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति कर दिये हैं तथा उसकी सूची संबंधित अंचल अधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन शाखा को उपलब्ध करा दिये हैं। सभी अंचलाधिकारी अपने क्षेत्र अंतर्गत तटबंधों पर प्रतिनियुक्त कनीय अभियंता/सहायक अभियंता एवं स्वयंसेवकों के साथ बैठक कर लिये हैं। उन्होंने बताया कि सभी एसडीएम एवं प्रखंड के वरीय प्रभारी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी सामुदायिक रसोईयां केन्द्रों, बाढ़ राहत केन्द्रों एवं बाढ़ आश्रय स्थलों का भौतिक सत्यापन क रहे हैं। सभी एसडीएम अपने अनुमंडल अंतर्गत बाढ़ के दौरान राहत सामग्रियों के वितरण हेतु न्यूनतम दस हजार पैकिंग के लिए सुरक्षित एवं रौशनी वाले उपर्युक्त स्थलों का चयन कर लिये हैं तथा उसका भौतिक सत्यापन भी कर लिये हैं। सिविल सर्जन जिलान्तर्गत सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सक उल का गठन तथा वहां सभी आवश्यक दवाओं की आपूर्ति की व्यवस्था, जिला पशुपालन पदाधिकारी पशु चिकित्सक दल का गठन एवं आवश्यक सभी दवाओं, पशु चारा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिलास्तर पर आपातकालीन संचालन केन्द्र एवं नियंत्रण कक्ष 247 कार्यरत है। आपातकालीन संचालन केन्द्र का संपर्क नंबर-06254-247003 एवं मोबाईल नंबर-8757547904 है। इसके साथ ही जिला आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा-सह-प्रशिक्षण केन्द्र मझौलिया अंचल अंतर्गत धोकराहां पंचायत अंतर्गत शिकारपुर गांव में अवस्थित है। इस केन्द्र में एसडीआरएफ की 25 सदस्यों की एक टीम 06 मोटरबोट के साथ नियमित रूप से आवासित है, जो आपातकालीन परिस्थिति से निपटने हेतु 247 तैयार रहते हैं। उन्होंने बताया कि पॉलीथिन शीट्स का वेयर हाउस बेतिया प्रखंड के प्रांगण में अवस्थित हैं, जिसमें लगभग 11000 पॉलीथिन शीट्स भंडारित है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में प्राइवेट नावों की संख्या 116, लाईफ जैकेट 71 की उपलब्धता है। इसके साथ ही 177 गोताखोर, 107 राहत एवं बचाव दल की सूची, 281 सामुदायिक रसोई, 281 बाढ़ राहत शिविर तथा 15547 पॉलीथिन शीट्स की उपलब्धता है। टी बी. कार्तिकेय धनजी सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार-सह-प्रभारी सचिव पश्चिम चम्पारण ने कहा कि सभी पदाधिकारियों एवं अभियंताओं की जिम्मेवारी अलग-अलग है लेकिन उदेश्य एक ही है। आपदा से नुकसान कम से कम हो, ये हम सबका प्रयास होना चाहिए। आपदा से निपटने हेतु सभी विंग्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। तैयारी पूरी रखनी है। समीक्षा के क्रम में उन्होंने निर्देश दिया कि पॉलीथिन शीट्स अंचलों को जरूरत के अनुरूप उपलब्ध करा दें। रेस्ट पॉलीथिन शीट्स वेयर हाउस में रखें और आवश्यकतानुसार उपयोग करें। सभी सीओ सम्पूर्ति पोर्टल पर डाटा अपडेशन की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि वर्षा मापक यंत्रों की साफ-सफाई तथा फंक्शनालिटी की निरंतर जांच करते रहें। गंडक बराज का नियमित रूप से निरीक्षण के साथ ही ग्रिसिंग, मरम्मति पर भी विशेष ध्यान दें।

# डेंगू-चिकनगुनिया की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, अस्पतालों में बनेगा डेंगू वार्ड

प्रात : किरण संवाददाता


छपरा। डेंगू और चिकनगुनिया जैसे मच्छर जनित रोगों की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के द्वारा वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रशासन, नगर निकायों, स्वास्थ्य महकमे और अन्य संबद्ध विभागों के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान जिलाधिकारी अमन समीर, उप विकास आयुक्त यतेंद्र पाल, नगर आयुक्त सुनिल कुमार पांडेय, सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह शामिल थे। इस दौरान लावीसाइडल दवा का छिड़काव, जल जमाव को समाप्त करने, अस्पतालों में डेंगू-चिकनगुनिया के इलाज की विशेष व्यवस्था करने का निर्देश दियाग या। शहरी क्षेत्र में नगर निगम और नगर परिषद्, नगर पंचायत के द्वारा फॉगिंग कराया जायेगा। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा छिड़काव होगा। सदर अस्पताल में 10, अनुमंडलीय अस्पताल में 5 तथा सभी पीएचसी में 2 बेड का डेंगू वार्ड बनेगाः इस दौरान जिलाधिकारी अमन समीर ने कहा कि डेंगू और चिकनगुनिया से निपटने के लिए सदर अस्पताल में 10 बेड, अनुमंडलीय अस्पताल में 5 बेड तथा सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 2 बेड सुरक्षित रखें। सभी बेड को मच्छरदानी युक्त रखने का निर्देश दिया है। संबंधित मरीजों के उपचार के लिए पर्याप्त मात्रा में दवा की व्यवस्था सभी अस्पतालों में हमेशा उपलब्ध रखें। डेंगू के मरीज की पुष्टि होने पर मरीज के निवास स्थान के 500 मीटर के रेडियस में फागिंग कराने का निर्देश दिया गया है। इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के द्वारा एक्टिव सर्विलांस कराने का निर्देश भी दिया गया है ताकि नए मरीजों की खोज की जा सके। जिलाधिकारी ने आदेश दिया कि मेडिकल कॉलेज से समन्वय स्थापित कर प्लेटलेट्स की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी निर्देश पर डीसीसी और और नगर आयुक्त के द्वारा सदर अस्पताल का भ्रमण किया गया और जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए आवश्यक उपाय बताये गये। एडीज मच्छर के काटने से होता है डेंगूः जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि जिले में डेंगू के रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारी की गयी है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू के जांच के लिए कीट की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है। फॉगिंग के लिए नये मशीन की खरीदारी हुई है। बैठक आयोजित कर निर्देश दिया जा चुका है। जल्द हीं जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की जायेगी। एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह मच्छर दिन में काटता है और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द और आंखों के पीछे दर्द हो तो सतर्क हो जाएं। त्वचा पर लाल धब्बे या चकते का निशान, नाक-मसूढ़ों से या उल्टी के साथ रक्तस्राव होना और काला पखाना होना डेंगू के लक्षण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो तत्काल सदर अस्पताल जाएं और अपना इलाज करवाएं। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को पहले डेंगू हो चुका है तो उसे ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे व्यक्ति दोबारा डेंगू बुखार की आशंका होने पर सरकारी अस्पताल या फिर डॉक्टर से संपर्क करें।

## संक्षिप्त खबरें

### लालू प्रसाद को पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर राजद नेताओं में खुशी की लहर

छपरा कार्यालय। सारण जिला राजद के नेताओं ने 13 वीं बार लालू प्रसाद को सर्वसम्मति से निर्विरोध राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है। सारण जिला राजद प्रवक्ता हरेलाल यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय,धर्मनिरपेक्षता के प्रतीक एवं गरीबों दलितों शोषितों वंचितों अतिपिछड़ों पिछड़ों तथा अल्पसंख्यकों के मान सम्मान के प्रतीक श्री लालू प्रसाद जी को निर्विरोध राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने से जिले के राजद नेताओं एवं कार्यकताओं में खुशी और उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने हमेशा कार्यकताओं के प्रति जो मान सम्मान और स्नेह देने का भाव रखा वह स्पष्ट रूप से गौरव की बात है। इनके पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से राजद गठबंधन प्रचंड बहुमत से बिहार में तेजस्वी यादवके नेतृत्व में आसन्न विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने का काम करेगी। खुशी जाहिर करते वालों में वरीय राजद नेता राधेकृष्ण प्रसाद पूर्व प्राचार्य शंकर प्रसाद पूर्व विधायक मुद्रिका राय हीरामणि तांती पूर्व प्रत्यासी मदन राय जीलानी मोबीन सुरेंद्र प्रसाद यादव रामलाल राम राजू यादव टिम रोहिणी के संयोजक मंडल के सदस्य संध्या राय जिला राजद महिला अध्यक्ष धर्मेंद्र राय सुमित्रा चौरसिया आकाश राय हरेलाल यादव जिला राजद प्रवक्ता चंद्रावती यादव प्रीतम यादव प्रतिमा कुशवाहा रवि प्रकाश राम अयोध्या राय मुखिया दिनेश प्रसाद यादव मुखिया ब्रह्मदेव नारायण ज्ञानी अनिल राय गौतम यादव सहित काफी लोग शामिल थे।

### सारण की शान अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देगी कत्थक की प्रस्तुति



छपरा सदर। सारण की शान अनीशा राष्ट्रिय स्तर पर अपना झंडा बुलंद करने के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुति देने जा रही हैं। दिव्य युवा मंच के तत्वाधान में हरियाणा के ऐलनाबाद में चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय युवा विकास सम्मेलन -4 का अयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें भारत के भिन्न भिन्न राज्यों के साथ साथ 10 देशों के प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं। जिसमें सारण की कुमारी अनीषा बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी। अनीशा को कत्थक की प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया। सभी आए प्रतिनिधि अपने अपने में किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा करेंगे। अपनी अपनी संस्कृति से रूबरू करायेंगें। अनीषा इसके पहले भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मंचो पे भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। जैसे प्रवासी भारतीय दिवस, इन्दौर मध्य प्रदेश, ऑल इंडिया म्यूजिक एंड डांस फेस्टिवल कोलकाता , सुबह ए बनारस, वाराणसी इत्यादि कई मंचों पर प्रस्तुति देती आ रही हैं। अभी हाल ही में 9 जून को दूरदर्शन केन्द्र पटना ने भी उनको कत्थक के लिए आमंत्रित किया था। संस्कृति के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी अपना नाम कर चुकी हैं। आठ सालों से निःशुल्क शिक्षा केंद्र चला रही हैं।

# शौच करने गए युवक पर मगरमच्छ का हमला एक पैर को चबाया, जीएमसीएच रेफर

बगहा। बगहा में नहर किनारे शौच करने गए एक युवक पर मगरमच्छ ने हमला बोल दिया है।मगरमच्छ ने युवक का पैर बुरी तरह चबा लिया है। जिसके कारण उसके पैर में फिलहाल मूवमेंट नहीं हो रही है। लिहाजा चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जीएमसीएच रेफर कर दिया है। बतादें कि उमेश राम नाम का व्यक्ति विशुनपुरवा गांव से होकर गुजरने वाली हरहा नहर में शौच करने गया था। इसी बीच मगरमच्छ ने नहर से निकलकर उमेश राम पर हमला कर दिया, मगरमच्छ युवक का पैर पकड़कर नहर में उसे खींचने लगा था जिसके बाद युवक ने उसके जबड़े पर हाथ से प्रहार किया। ऐसे में मगरमच्छ ने पैर छोड़कर हाथ पकड़ने की कोशिश की,इसी बीच युवक ने मगरमच्छ से खुद को छुड़ा लिया।गंडक नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद सहायक नहरों में लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। लिहाजा मानसून के इस सीजन में नदी,नालों,नहरों और तालाबों में भी मगरमच्छों की तादाद बढ़ गई है।यहीं वजह है कि आए दिन मगरमच्छ जलाशयों किनारे जाने वाले लोगों पर हमला कर रहे हैं। इससे पहले पिछले हफ्ते भी एक बुजुर्ग पर मगरमच्छ ने हमला किया था।अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ विनय कुमार ने बताया कि इस हमले में मगरमच्छ बुजुर्ग का हाथ चबा गया था।फिलहाल वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि बरसात के समय जलाशयों के किनारे जाने पर सतर्कता बरतें. वहीं, उमेश राम के परिजनों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है. मगरमच्छ युवक के पैर का मांस बुरी तरह चबा गया है, जिससे टांका लगाना मुश्किल है। लिहाजा प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित को जिला अस्पताल बेतिया रेफर कर दिया गया है।

# एसएसबी 65 बटालियन के जवानों ने बगहा के एकेडमी छात्रों संग वृक्षारोपण और नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

प्रात : किरण संवाददाता




बगहा। बुधबार को 65 वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट कोजा राम लोमरोड़,द्वितीय कमान अधिकारी के मार्गदर्शन में बगहा स्थित डी.एम.एकेडमी के विद्यार्थियों हेतु ह्लएक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं नशा मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डी. एम. एकेडमी बगहा के प्राचार्य राकेश कुमार यादव ने सर्वप्रथम विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया । उन्होंने संबोधित करते हुए एसएसबी 65 वीं बटालियन वृक्षारोपण एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने 65 वीं बटालियन के द्वारा भारत-नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय जन साधारण को पर्यावरण के संरक्षण हेतु वृक्षारोपण एवं विशेषकर युवा वर्ग को नशे की लत से बचाने के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों की प्रशंसा की एवं इस पुनीत कार्य में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम के दौरान डी.एम. एकेडमी बगहा के प्राचार्य राकेश कुमार यादव,शिक्षकगण, विद्यार्थीगण एवं बड़ी संख्या में एसएसबी के जवान उपस्थित रहे।

# लिपिक संवर्ग द्वारा अपने 10 सूत्री मांगो को लेकर काला बिल्ला लगाकर कार्य किया गयो




बनियापुर। प्रखंड के अनुसचिवीय संवर्ग कर्मचारी ( गोप गुट संबद्ध) कर्मचारियों ने अपनी 10 सूत्री मांगो के समर्थन मे काला बिल्ला लगा कर दिनभर कार्य किया,जहाँ कर्मचारियो ने बताया कि हम सभी लिपिक संवर्ग अपने दस सूत्री मांगो के समर्थन मे 27 जून तक काला बिल्ला लगा कर संघ के राज्य व्यापी आह्वान पर इस सरकार के उदासीनपूर्ण रवैए के विरोध मे काला बिल्ला लगार कार्य कर रहे है,इस दौरान सरकार हमारी मांगो यथा ग्रेड पे,वेतन विसंगति,आवासन की सुविधा सहित दस मांगो को मंजूर नही करती तो हम लिपिको का आंदोलन तेज होगा।जहा आरिफ खान सहित कई लिपिको ने बताया कि सरकार को हमारी दस सूत्री मांगो को पुरा करना ही होगा,हमारी राज्य व्यापी आंदोलन का 27 जून के बाद स्वरूप बदल जाएगा ।जहा मौके पर अतुल कुमार ललित श्रीवास्तव राहुल कुमार सिंह विजय कुमार सोनू कुमार रविंद्र कुमार विनय कुमार सिंह सहित अन्य शामिल थे।

# क्लबफुट के बच्चों के इलाज में आरबीएसके की पहल

## आरबीएसके के सहयोग से क्लबफुट के बच्चों का पटना में हो रहा है निःशुल्क ईलाज

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया, बच्चों के जन्मजात विकारों में क्लब फुट एक ऐसा रोग है जिसमें बच्चे के पैर या पैर के टखने का आकार या स्थिति सामान्य से अलग होती है। इसे चिकित्सकीय भाषा में कंजेनाइटल टेलिप्स इक्विनोवेरस ह्व कहा जाता है। इस स्थिति में पैर अंदर की ओर मुड़ जाता है, जिससे बच्चा सामान्य रूप से खड़ा नहीं हो पातें हैं। यह कहना है- जिले के सीएस डॉ विजय कुमार का। उन्होंने बताया की यदि समय पर इसका उपचार न किया जाए, तो यह बच्चे के चलने की क्षमता को भी प्रभावित कर सकता है। यह विकार लगभग 1,000 नवजात शिशुओं में से 01 में पाया जाता है और लड़कों में इसके मामले अधिक देखे जाते हैं। क्लब फुट का कारण अनुवांशिक, पर्यावरणीय कारक या गर्भावस्था के दौरान भ्रूण के विकास में बाधा, मांसपेशियों और नसों की असामान्यता हो सकता है। वहीं जिला समन्वयक डॉ रंजन मिश्रा ने बताया की जिले में ऐसे बच्चों की पहचान व ईलाज को लेकर स्वास्थ्य विभाग काफी गंभीर है, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ( आरबीएसके ) के तहत क्लबफुट से पीड़ित 04 बच्चों का फॉलोअप किया जा रहा है। वहीं इस सप्ताह 08 बच्चों को निःशुल्क बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना भेजा गया। उन्होंने बताया की इन बच्चों का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में किया जाता है। जहां ईलाज के बाद बच्चे के जीवन में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जगती है। शुरूआती चरण में पहचान कर ईलाज जरूरी : जिले के एसीएमओ डॉ रमेश चंद्रा ने कहा की क्लबफुट जैसी जन्मजात विकृति का समय पर इलाज अत्यंत आवश्यक है। हमारा उद्देश्य हर जरूरतमंद बच्चे तक सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना है। मैं सभी अभिभावकों से अपील करता हूं कि वे अपने बच्चों को समय पर स्वास्थ्य जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्र लाएं ताकि उन्हें समय पर उपचार मिल सके। स्वास्थ्य विभाग का यह प्रयास समाज के कमजोर वर्गों के लिए एक बड़ी राहत है। क्लबफुट जैसी विकृति से पीड़ित बच्चों को समय पर इलाज और देखभाल प्रदान करके उन्हें सामान्य जीवन जीने का अवसर दिया जा रहा है। यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ावा देती है, बल्कि आरबीएसके की भूमिका है। आरबीएसके डीआईसी प्रबंधक सह जिला समन्वयक डॉ रंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि हमारी टीम नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर क्लबफुट और अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों को चिह्नित करती है। इन बच्चों को इलाज के लिए सरकारी संस्थानों में ले जाने और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाता है। हमारी टीम का उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे।

# आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के अवसर पर मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती को दी गई श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। एक भरोसा, एक विश्वास, ना किसी से दुःख लो और ना ही किसी को दुःख दोह्व जैसे वाक्यों को अपनाने वाली मम्मा एक तीव्र बुद्धि की मालिक होने के साथ- साथ बाबा की मुरली सुनकर ज्ञान और मंथन करने वाली मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती प्रजापिता ब्रह्मा की पुत्री थी। उक्त बातें प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय इकाई की मुख्य संचालिका ब्रह्मा कुमारी अनामिका दीदी ने ओम राधे उर्फ.जगदंबा सरस्वती मातेश्वरी अम्मा की 60 वीं स्मृति दिवस के अवसर पर बी के भाई और बहनों से कही। उन्होंने यह भी कहा कि आज के दिन पूरे विश्व के लगभग 140 से अधिक देशों में आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। बीके अनामिका दीदी ने बताया कि 24 जून 1965 को मातेश्वरी जी ने शरीर को त्याग किया था। उनका प्रसिद्ध कथन था -गुणवान बनना है, गुण देखना है और गुण दान करना है। यह शिक्षाएं आज भी लाखों लोगों को आत्मिक उन्नति की राह दिखा रही हैं। पंजाब के अमृतसर में पिता पोकर दास और माता रोचा के घर जन्मी मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती को प्यार से ह्यमम्माह्न कहा जाता था। क्योंकि आध्यात्मिकता, त्याग और नारी सशक्तिकरण की प्रतीक थीं। कार्यक्रम के दौरान मातेश्वरी जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। जिसमें सैकड़ों से अधिक भाई- बहनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और आत्म- सुधार का संकल्प लिया। स्थानीय सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी अनामिका दीदी सहित सैकड़ों भाई और बहनों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मम्मा का व्यक्तित्व बहुत ही शक्तिशाली था। क्योंकि उन्होंने ऐसी स्थिति प्राप्त कर ली थी कि उनकी मात्र एक दृष्टि से सामने वाली आत्मा का मन पवित्र और शांत हो जाता था। 28 वर्षों के निरंतर ज्ञान मंथन और तीव्र पुरुषार्थ के बाद जून 1965 में मम्मा संपूर्ण बन गई। विश्व परिवर्तन के इस महान कार्य अर्थ, शिव बाबा का दाहिना हाथ बन सूक्ष्म वतन तक उड़ गई। जिस कारण इस परिवार में आज भी प्रेरणा के लिए मम्मा का जीवन, उनके गुण, वचन और कर्म याद किया जाता हैं। उन्होंने ना सिर्फ.स्वयं को कमेंद्रीजीत व स्वराज्यधिकारी बनाया। बल्कि अंत आत्माओं का भी आध्यामिक उत्थान कर मनुष्य से देवता बनने की कला सिखाई है। मम्मा की दृष्टि से ही अनेकों प्रकार की विकार छोड़ने और समान श्रेष्ठ बनाने की प्रेरणा मिल जाती हैं। प्रमंडलीय मुख्यालय सारण के छपरा शहर स्थित भगवान बाजार थाना से दक्षिण गुदरी राय के चौक के समीप प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय इकाई द्वारा मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 60वीं पुण्यतिथि मनाई गई।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर 10 फाइलेरिया के मरीजों के बीच एमएमडीपी कीट का हुआ वितरण




छपरा। जिले में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हाथीपांव के मरीजों के बीच एमएमडीपी कीट का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के दरियापुर प्रखंड के सुतिहार आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर 10 हाथी पांव के मरीजों के बीच एमएमडीपी कीट का वितरण किया गया। इसके साथ हीं वीबीडीएस घनश्याम यादव औ सीएचओ नंदन कुमार के द्वारा सेल्फ केयर के बारे में जानकारी दी गयी। मरीजों को एमएमडीपी किट के माध्यम से टब, टॉवल, साबुन, क्रीम, लोशन विशेष प्रकार की चप्पल जैसे कई महत्वपूर्ण सामग्री दी जा रही है। जिससे की फाइलेरिया पीड़ित मरीज एमएमडीपी किट से खुद को स्वच्छ रख अपना बचाव कर सकें। वहीं इस बीमारी से दिव्यांग हुए मरीजों को चिह्नित कर उनका ऑनलाइन पंजीकरण किया जा रहा है और सरकार योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिया जा रही है। इस पहल का उद्देश्य है कि फाइलेरिया से दीर्घकालिक रूप से प्रभावित मरीजों को सरकारी योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा लाभ का पूरा हक मिल सके, जिसके लिए विकलांगता प्रमाण पत्र आवश्यक होता है। 5 से 15 वर्ष में दिखते फाइलेरिया के लक्षणः वीबीडीएस घनश्याम यादव ने बताया कि क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता है। लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे या तो व्यक्ति को हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। महिलाओं को स्तन के आकार में परिवर्तन हो सकता है। फाइलेरिया ग्रसित अंगों की साफ-सफाई रखने से इंफेक्शन का डर नहीं रहता है और सूजन में भी कमी रहती है। क्या हैं एमएमडीपी किट के फायदेः वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह के अनुसार हाथीपांव से पीड़ित मरीजों के लिए एमएमडीपी किट काफी फायदेमंद होता है। क्योंकि, इस किट में कई सामान और दवाइयां होती है. जिसके इस्तेमाल से हाथीपांव से पीड़ित मरीजों को राहत मिलती है। उन्होंने बताया कि इस किट का इस्तेमाल करने के लिए भी हाथीपांव के मरीजों की समय-समय पर प्रशिक्षण आयोजित कर जानकारी दी जाती है। इस किट में एक विशेष प्रकार का चप्पल भी होता है जो हाथीपांव के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद होता है। क्योंकि, हाथीपांव के मरीजों को इंफेक्टेड हिस्से को धूल और गंदगी से बचाना होता है। इसके अलावा उस हिस्से को साफ करने के लिए साबुन और लगाने के लिए क्रिम भी दिया जाता है।

# 42 वीं जिला एथलेटिक्स मीट गरखा में पांच व छह जुलाई को

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। सारण जिला एथलेटिक्स संघ की आपात बैठक कार्यकारी जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उनके आवासीय परिसर में आयोजित की गयी. बैठक में सचिव गजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 42 वीं जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता पांच और छह जुलाई को गरखा के बसंत उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा. कार्यकारी सचिव नीलाभ गुंजन राका ने बताया कि पूर्व में उक्त प्रतियोगिता 28 व 29 जून को एकमा में आयोजित करने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी. परंतु एकमा नगर पंचायत का उप चुनाव होने के कारण आयोजन को स्थगित कर दिया गया. बैठक में विचार विमर्श के पश्चात नई तिथि और स्थान को स्वीकृति प्रदान करते हुए सर्वसम्मति से गरखा प्रखंड को मेजबानी सौंपी गयी. श्री सिंह ने बताया कि एथलेटिक्स संघ के पत्रांक पांच दिनांक 25 जुन के अनुसार गरखा को मेजबानी सौंपते हुए नारायण सिंह को आयोजन अध्यक्ष बनाया गया. जल्द ही उनके द्वारा आयोजन समिति गठित कर ली जाएगी. उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष जिला प्रतियोगिता की मेजबानी अलग-अलग प्रखंड इकाइयों को सौंपी जाती है. मौके पर जिला भर से जुटने वाले खिलाडियों के आवासन, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया. श्री सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा. उन्होंने बताया कि जिला प्रतियोगिता में अंडर 14 व 16 के बालक तथा बालिका समेत पुरुष और महिला वर्ग के खिलाड़ी विभिन्न प्रतिस्पर्धा में भाग ले सकेंगे. चूंकि नेशनल के लिए ऑन द स्पॉट चयन होगा. इसलिए खिलाड़ियों को अपने जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड के साथ आने का निर्देश दिया गया है. बैठक में न्यु यूथ क्लब के निर्मल ठाकुर, संजय सिंह खलपुरी, रूपेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राजू मिश्रा, श्यामदेव सिंह, ब्रजकिशोर सिंह, नवीन पूरी, राज किशोर तिवारी, संजय कुमार सिंह, कमलजीत कुमार, आयुराज, कुंदन कुमार, अंकित कुमार पूरी, विशाल कुमार, भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव डॉ शहजाद आलम, फहीम अख्तर आदि उपास्थित थे.

# दो मोबाईल चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ा

परसा थाना क्षेत्र अंतर्गत बंटुआ गांव में मोबाइल चोरी करते दो चोरों को पड़कर स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर पिटाई शुरू कर दी. जिसके बाद इस घटना की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ से बचा कर दोनों मोबाइल चोरों को गिरफ्तार कर थाना ले गई. बताया जा रहा है कि दो मोबाइल चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ा. पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने दोनों युवकों को रस्सी से बांध दिया और जमकर पिटाई की. परसा थाना क्षेत्र अंतर्गत बंटुआ गांव में मोबाइल चोरी करते दो चोरों को पड़कर स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर पिटाई शुरू कर दी. जिसके बाद इस घटना की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ से बचा कर दोनों मोबाइल चोरों को गिरफ्तार कर थाना ले गई. बताया जा रहा है कि दो मोबाइल चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ा. पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने दोनों युवकों को रस्सी से बांध दिया और जमकर पिटाई की. जिसके बाद मामले की सूचना स्थानीय थाना को दी गई.

# नगर निगम ने गुदरी चौक पर वर्षो से जल -जमाव की समस्या से मुक्ति दिलाया

## जिलाधिकारी के पहल पर महापौर,उप महापौर और नगर आयुक्त ने की त्वरित कर्वाई



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। महापौर लक्ष्मीनारायण गुप्ता, उप महापौर रागिनी कुमारी एवं नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय के संयुक्त प्रयास से गुदरी बाजार मे बर्षो से जल- जमाव से झेल रहे मुहल्लावासी को छोटी पुलिया का निर्माण कर राहत दी है क एक सप्ताह से लगातार गुदरी बाजार में जल- जमाव और छोटी पुलिया टूट जाने से बाजार में जल- जमाव हो गया था। इस संबंध में शिकायत जिलाधिकारी के पास किया गया था क जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय से इस समस्या का समाधान तुरंत कराने को कहा था क रविवार को सुबह नगर आयुक्त ने महापौर लक्ष्मीनारायण गुप्ता एवं उप महापौर रागिनी कुमारी सहित नगर निगम टीम द्वारा स्थल का निरीक्षण कर त्वरित कार्य करने का निर्देश दिया गया। बता दें कि नल -जल का पाइप टूट जाने से गुदरी में पानी का अत्यधिक जमाव होने लगा था। जिसे स्थानीय लोगों को काफी कठिनाइयों हो रही थी।निरीक्षण के बाद नगर आयुक्त ने पम्प को तत्काल बंद करवाया, ताकि पानी अवैध रूप से बाहर नहीं गिरे करविवार से हीं लगातार गुदरी मे कार्य शुरू करा दिया गया क मंगलवार को रात्रि में छोटी पुलिया का निर्माण कर आवागमन शुरू करा दिया गया है स्थानीय शहरवासी इस कार्य से बहुत खुश है कबार -बार गुदरी की शिकायत रहती थी, जो नगर निगम के अथक प्रयास से दूर कर दिया गया है नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय ने सभी इंजीनियरिंग शाखा एवं सभी पदाधिकारियों को इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया इस कार्य में महापौर लक्ष्मीनारायण गुप्ता, उप महापौर रागिनी कुमारी, नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय, स्वछता पदाधिकारी, सुमित कुमार, संजीव मिश्रा, सिटी मैनेजर वेद प्रकाश वर्णवाल, अरविन्द कुमार,कार्यपालक अभियंता,सहायक अभियंता, कनीय अभियंता आदि का अहम-योगदान रहा

## पूर्व प्रधानमंत्री की मनायी गयी जयंती

लहलादपुरः प्रखंड क्षेत्र के लहलादपुर गांव स्थित आर. के. एस. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के परिसर में एक जयंती समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की जयंती मनायी गयी.

समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी सुजीत कुमार कुशवाहा ने किया, जबकि मंच संचालन प्रोफेसर उपेंद्रनाथ यादव ने किया. समारोह को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने वी. पी. सिंह के जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि सिंह ने अपने प्रधानमंत्री रहने के दौरान मंडल कमीशन लागू कर गरीबों, वंचितों, पिछड़ों, शोसीतों को समानता दिलाने का कार्य किया. समारोह के उद्घाटन से पूर्व सर्वप्रथम वी. पी. सिंह के तैल चित्र पर मालयार्पण किया गया. समारोह को सम्बोधन करने वालों में जन सुराज के युवा नेता विकास कुमार सिंह, प्रो॰ बृजकिशोर दूबे, अशरफ रजा खां, तारकेश्वर सिन्हा, हेमनारायण शर्मा आदि मुख्य थे.

## अमनौर पुलिस को बड़ी सफलताः डकैती की साजिश नाकाम

### कुख्यात राकेश नट सहित दो गिरफ्तार, लाखों के जेवरात बरामद

प्रात : किरण संवाददाता



अमनौर, 25 जूनः सारण जिले की अमनौर पुलिस ने मंगलवार देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए न केवल डकैती की एक बड़ी साजिश को नाकाम किया, बल्कि चार गृहभेदन (घर में सेंधमारी) के मामलों का भी खुलासा करते हुए कुख्यात अपराधी राकेश नट सहित दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर लाखों रुपये के चोरी हुए सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अमनौर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यह सफलता हासिल की।

डकैती की योजना का खुलासाः

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अमनौर थाना क्षेत्र के धर्मपुर जाफर स्थित मनोज सिंह के बासबाड़ी के समीप, कुख्यात राकेश नट और शिवनाथ नट सहित कुल आठ अपराधी एकत्रित होकर अमनौर बाजार में किसी सोने-चांदी की दुकान में डकैती डालने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर छापेमारी की। पुलिस को देख अपराधी भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर राकेश नट (उम्र 30 वर्ष, पिता स्व. रामचंद्र नट, ग्राम-ओलहनपुर, थाना-मढ़ौरा) और शिवनाथ नट (उम्र 47 वर्ष, पिता स्व. भूखल नट, ग्राम-धर्मपुर जाफर, थाना-अमनौर) को पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अमनौर बाजार में डकैती डालने की फिराक में थे। इस संबंध में अमनौर थाना कांड संख्या-197/25, दिनांक 24.06.25 को भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा-310(4), 310(5), 310(6), 111, 317(3), 317(4), 338, 336(3), 340(2) और शस्त्र अधिनियम की धारा-25 (1-बी) ए/26/35 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**चोरी के आभूषण बरामद, चार गृहभेदन कांडों का उद्भेदनः**

इस सफल अभियान में थानाध्यक्ष कुंदन कुमार के अलावा पु.अ.नि. मो. अख्तर खां, पु.अ.नि. राकेश झा, पु.अ.नि. जयंत कुमार सिंह, प्र.पु.अ.नि. आयुष कुमार, स.अ.नि. दिनेश कुमार, स.अ.नि. हरेन्द्र सिंह, सिपाही-943 रवि राज रंजन, चौ0-5/1 रोहित कुमार सिंह, चौ0-3/8 अरुण कुमार राय, चौकादार-1/12 सरोज राय और थाना के अन्य पदाधिकारी व कर्मी शामिल थे।

## बहुत जल्द दूर होगी छावनी-राज ड्योढ़ी रोड की बदहालीःगरिमा

### रोड के जल ग्रहण क्षेत्र की मरम्मती कर के सड़क को मोटरेबल बनाने का दिया आदेश

- हल्की बरसात में भी जल जमाव हो जाने को लेकर मौके पर दल बल सहित छावनी-राज ड्योढ़ी रोड में पहुंचीं महापौर
- अधूरा नाला निर्माण और अतिक्रमण से बाधित जल निकासी दुरुस्त करने के लिए हुई कार्रवाई की शुरूआत

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया। हल्की बरसात में भी छावनी राज ड्योढी रोड में जल जमाव हो जाने को लेकर महापौर गरिमा देवी सिकारिया बुधवार को दल बल सहित मौके पर पहुंचीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बहुत जल्द दूर इस छावनी-राज ड्योढ़ी रोड की बदहाली दूर हो जाएगी। श्रीमती सिकारिया ने कहा कि जिला योजना से बनी सड़क और बिना अतिक्रमण हटाए नाला का अधूरा निर्माण करा देने के कारण लाखों खर्च हो जाने के बावजूद आपेक्षित जल निकासी बाधित है। इसको दुरुस्त करने के लिए उन्होंने नाले की वॉल में बने होल को खोलने की कार्रवाई की शुरूआत भी अपनी उपस्थिति में करवाया। इसके साथ नगर निगम के निरीक्षक मोहम्मद तबरेज को कहा कि जल निकासी व्यवस्था सुचारू नहीं होने पर स्लैब को हटाकर जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वही महापौर ने कहा कि ऐसी मुख्य सड़क पर अभी के समय में जल ग्रहण क्षेत्र की मरम्मती कर पाना संभव नहीं होगा। उन्होंने सड़क पर आवागमन की रफ्तार के कुछ कम होने पर गड्ढों और लो लैंड की फिलिंग कर के इस सड़क को मोटरेबल बनाने का आदेश दिया। इसके साथ स्थानीय लोगों से कहा कि इस नाले को सिवरेज वाले नाले के पुल तक पहुंचाए बिना समस्या सही से निदान नहीं हो पाएगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने सड़क और नाले को अतिक्रमण मुक्त करने आम जनता से सहयोग करने की अपील की।

## एसएसपी ने किया थाना का वार्षिक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बुधवार को अकिलपुर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इससे पूर्व पुलिस बल द्वारा एसएसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। थाना निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना के विभिन्न मामलों की गहनता से निरीक्षण करते हुए पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्याओं से भी अवगत हुए। वही थाना के सभी अभिलेखों एवं पंजीयों की जाँच कर अभिलेखों व पंजीयों के संधारण में मिली त्रुटियों के सुधार करने, लंबित कांडो का समीक्षा कर त्वरित निष्पादन करने, कार्यालय एवं थाना में साफ-सफाई रखने सहित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना में महिला हेल्प डेस्क में प्रतिनियुक्त महिला पुलिस पदाधिकारी, कर्मी को महिला परिवादी से शालिनता पूर्वक व्यवहार करने तथा उनके समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक विधि-सम्मत कार्रवाई करने की बात कही। स्पीडी ट्रायल हेतु कांडो का चयन करने एवं दागी का नियमित जाँच करने का निर्देश दिया गया। थाने में पांच साल से अधिक पुराने गंभीर कांडो का प्रभार थानाध्यक्ष द्वारा स्वयं लेकर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है। थाना के एक-एक कर्मी पर नजर रखना, डायरी को अद्यतन करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने अपराध के ग्राफ को भी देखा। न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने, हत्या और अन्य मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया, एवं थानाध्यक्ष, पुलिस कर्मी द्वारा आम जनता से अच्छा व्यवहार और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो जिससे प्रशासन की प्राथमिकताएं होगी।

## समाहरणालय कर्मियों ने अपनी मांगों को ले काला बिल्ला लगाकर कार्य को किया संपादित

### 10 सूत्री मांगों को लेकर कर्मियों ने की जमकर नारेबाजी

प्रातः किरण संवाददाता




छपरा। देश की आजादी के बाद मुफस्सिल कार्यालयों मे अनुसचिवीय कर्मचारियों के वेतन भत्ते एवं प्रोन्नति के शोपानो में दिनों- दिन कटौती हो रही हैं। इस वेतन की विसंगति को दूर करने को लेकर बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (गोप गुट ) राज्य संघ के आवाहन पर अपनी दस सूत्री मांगो को लेकर पुरे बिहार में एक आंदोलन शुरू कर दिया है। इसी क्रम में बुधवार को अनुसचिवीय कर्मचारी संघ गोप गुट सारणी इकाई द्वारा अपने 10 सूत्री मांगों को लेकर काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया। राज्य संघ के आह्वान पर आगामी 25 जून 2025 से 27 जून 25 तक आंदोलन किया जाएगा। राज्य संघ के घोषित आंदोलन के तहत समाहरणालय एवं अंचल प्रखंड में काम करने वाले लिपको के द्वारा कार्यालय अवधि में काला बिल्ला लगाना था तथा लंच अवधि अवधि में अपने कार्यालय के बाहर मांगो की प्रतिपूर्ति को लेकर तथा मांगो के समर्थन में नारा लगाना था। राज्य संघ द्वारा घोषित आंदोलन कार्यक्रम के तहत मांगो की प्रति पूर्ति हेतु सारण जिला सहित सभी समवर्गीय लिपकों ने समाहरणालय एवं प्रखंड अंचल में कार्य करने वाले लिपिको ने काला बिल्ला लगा कर अपने कार्यों को सम्पादित किया। तथा दस सूत्री मांगो के समर्थन में सारण समाहरणालय तथा प्रखंड अंचल के मुख्य द्वार पर जमकर नारेबाजी की। इस आंदोलन कार्यकर्म का नेतृत्व बीएमओए के जिला सचिव निखिल कुमार सिंह तथा अध्यक्ष संजय कुमार यादव ने किया। इस पुरे कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट के जिला सचिव सय्यद मोहम्मद नजमी, सम्मानित अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समाहरणालय में कार्यरत बड़ी संख्या में कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर कार्यों को संपादित करते हुए आंदोलन में शामिल हुए।

## आंगनबाड़ी केंद्रो पर हुई सामाजिक अंकेक्षण की बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

मशरक । मशरक प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रो पर बुधवार को सामाजिक अंकेक्षण समिति की बैठक वार्ड सदस्य की अध्यक्षता मे हुई। बैठक मे पोषक क्षेत्र के लाभुक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

समाज कल्याण विभाग पटना के निर्देश पर आयोजित सामाजिक अंकेक्षण समिति की बैठक मे पूरक पोषाहार, टीएचआर, दवाओ की आपूर्ति,टीकाकरण, पोषण की स्थिति,कुपोषित एवम अतिकुपोषित बच्चो की संख्या सहित अन्य गतिविधियो की समीक्षा की गयी।आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका द्वारा केन्द्र संचालन से संबंधित सभी गतिविधियो से क्षेत्र के लाभुक सहित अन्य को अवगत कराया गया।और विभाग के निर्देश पर सामाजिक अंकेक्षण की सारी गतिविधियो को कार्यवाही पुस्तिका मे अंकित कर सभी को पढ़कर सुनाया गया। सीडीपीओ श्वेता कुमारी के दिशा-निर्देश पर सामाजिक अंकेक्षण की बैठक मे एलएस लवली कुमारी, तृप्ति रानी,ज्योति नवीन सहित अन्य विभागीय कर्मी शामिल होकर पारदर्शिता के साथ बैठक का आयोजन करवाया। इस दौरान पोषक क्षेत्र के लाभुको से आंगनबाड़ी केंद्र के सभी सेवाओ का फीडबैक लिया गया। बैठक मे क्षेत्र के लाभुको द्वारा केंद्र संचालन से संबंधित कई मुद्दो पर चर्चा करते हुए अपने अपने सुझाव दिए गए।

## सलीमपुर में लगाए गए कैंप के माध्यम से 50 से अधिक उपभोक्ता के बिजली बिल का हुआ सुधार




मढ़ौरा के सलिमापुर में मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना ठाकुर के प्रयास से मंगलवार और बुधवार को सलीमपुर पंचायत भवन परिसर में विद्युत आपूर्ति विद्युत विपत्र का सुधार तथा अन्य समस्याओं का समाधान हेतु कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के द्वारा लगाए गए कैंप में 50 से अधिक उपभोक्ताओं के बिजली बिल का सुधार हुआ और कृषि के लिए 20 लोगों का नया कनेक्शन दिया गया इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों के द्वारा कर्मचारियों को कई नए पल हलने का आदेश भी दिया गया। इस मौके पर बिजली विभाग से आए अधिकारियों के अलावे स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना ठाकुर व कई ग्रामीण भी मौजूद थे।

## धन जुटाने और रिटायरमेंट प्लानिंग की जरूरतों को पूरा करेगा टाटा एआईए के दो नए फंड्स

TATA AIA LIFE INSURANCE

पटना। दुनिया की चौथी सबसे सबसे बड़ी वित्त व्यवस्था बनने की दिशा में भारत के बढ़ते कदमों का साथ देते हुए टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस जीवन बीमा से जुड़े निवेश उत्पादों के जरिए आपके धन को बढ़ाने और भविष्य को सुरक्षित करने का एक मजबूत अवसर लेकर आयी है। भारत की वृद्धि के पूरे लाभ उठाने के लिए डिजाइन किए गए दो नए फंड्स टाटा एआईए टॉप 200 अल्फा 30 इंडेक्स और टाटा एआईए टॉप 200 अल्फा 30 पेंशन फंड पेश की है। ये फंड 23 जून को निवेश के लिए खुलेंगे और 30 जून तक निवेश के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस न्यू फंड ऑफर अवधि के दौरान हर यूनिट की कीमत केवल 10 रुपये रहेगी। निवेश कंपनी की यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस योजनाओं के माध्यम से किया जाएगा, जिससे आपको जीवन बीमा कवरेज और संभावित धन वृद्धि के दोहरे लाभ मिलेंगे। ये फंड प्रदर्शन, सुरक्षा और विकास का आदर्श संयोजन प्रदान करते हैं।

चीफ बैंक इंश्योरेंस ऑफिसर कमल भारद्वाज ने बताया कि हमारे नए फंड वित्तीय सुरक्षा को बढ़ाने और मजबूत, जोखिम-समायोजित रिटर्न्स के जरिए निवेशकों को लक्षणीय दीर्घकालिक मूल्य देने के लिए डेटा विश्लेषण का उपयोग करते हैं।

## लॉयल्टी प्रोग्राम फ्लिपकार्ट प्लस का अनावरण

वर्धमान। घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने उन्नत लॉयल्टी प्रोग्राम फ्लिपकार्ट प्लस का अनावरण किया है, जो ग्राहकों को स्मार्ट तरीके से खरीदारी करने में सक्षम बनाने के लिए शानदार बचत और खरीदारी विशेषाधिकार प्रदान करता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सुपरकॉइन है, जो पहली बार सभी फ्लिपकार्ट उत्पादों पर अतिरिक्त 5% की छूट देता है। यह कार्यक्रम अतिरिक्त बैंक ऑफर, सभी प्रमुख शॉपिंग इवेंट्स तक विशेष पहुंच और ऑर्डर के बाद सुनिश्चित सरप्राइज ट्रीट्स (जैसे उपहार कार्ड और कूपन) जैसे विशेषाधिकार प्रदान करता है, जिससे उन्हें सीधे पुरस्कृत किया जाता है। फ्लिपकार्ट के वाइस प्रेसिडेंट- लॉयल्टी, राहत पटेल ने कहा, फ्लिपकार्ट प्लस का लक्ष्य अपने ग्राहकों को हर दिन बेजोड़ मूल्य प्रदान करना है। प्रोग्राम का हिस्सा बनने वाले हमारे सबसे ज्यादा जुड़े हुए ग्राहक हर ऑर्डर पर सुपरकॉइन कमाते हैं।

## आपातकाल भारतीय इतिहास का काला अध्याय : लाल सिंह आर्या

प्रातः किरण संवाददाता

चपरा कार्यालय। स्थानीय स्नेही भवन में बुधवार को आयोजित आपातकाल के 50 साल भारतीय इतिहास का काला दिन आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद भाजपा के एससी एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्या ने संगोष्ठी में आए जेपी सेनानीयों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आपातकाल भारतीय इतिहास का काला दिन है ।

आज से पचास साल पहले कांग्रेस ने तानाशाही करते हुए भारत के संविधान को कलंकित करने का काम किया है आपातकाल में लोगों का जबरदस्ती नसबंदी सरकारी पदाधिकारी करते थे आज कांग्रेस संविधान बचाने की बात करती है वहीं कांग्रेस संविधान को बार-बार संविधान को अपमानित करती है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने की। संचालन महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने किया । भाजपा पश्चिमी के जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह संयुक्त रूप से कार्यक्रम में शामिल थे सम्मानित जेपी सेनानी, विनोद कुमार सिंह ,अरुण कुमार सिंह ,विद्रोही जी शंभू नाथ सिंह ,शंभू कमलाकर मिस्त्र ,वेद प्रकाश उपाध्याय ,बंशीधर तिवारी, ललन देव तिवारी, , राजनंदन पांडे ,सुदामा तिवारी आदि को सम्मानित किया

संगोष्ठी को बिहार प्रदेश एससी एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष लखविंदर पासवान भाजपा के मुख्य सचिव सचेतक तरैया विधायक जनक सिंह विधायक डॉ सीएन गुप्ता, पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह को विधायक ज्ञानचंद जी , पूर्व अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय ,बंशीधर तिवारी जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास सिंह,महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह , मीरा देवी, ममता मिश्रा, मंत्री अर्धेंदु शेखर, बलवंत सिंह, सत्यानंद सिंह, शांतनु कुमार, रमाशंकर शांडिल्य , ,आदी

छपरा परिषद में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद एससी एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्या ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस दिखावा हुआ करती जब जब मौका मिला संविधान की हत्या करने का काम कांग्रेस पार्टी और उसकी नेताओं ने किया है ।

आज से 50 साल पहले देश पर आपातकाल ठोक कर कांग्रेसियों ने संविधान की हत्या की देश के सभी नेताओं को जेल में डाल दिया आम जनता को पकड़ के जबरदस्ती नसबंदी करने का काम किया गया देश में तानाशाही किया गया जिसमें संविधान की हत्या की वह संविधान बचाने की बात करता है है और जेपी आंदोलन से निकले लालू यादव उसी कांग्रेस के गोद में बैठकर जयप्रकाश जी के आदर्श को गला घुटने का काम कर रहे हैं ।भाजपा कार्यालय पर लाल सिंह आर्या ने वृक्षारोपण भी किया ।

तत्पश्चात नैनी गांव के दलित बस्ती में भरत माझी एवं जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह एवं बृजमोहन सिंह के साथ दलित बस्तियों में जाकर दलितों के साथ बातचीत उनकी समस्याओं को समझा पत्रकार वार्ता में राज्यसभा सांसद एससी एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य के साथ पार्टी के मुख्य सचेतक जनक सिंह बिहार प्रदेश एससी एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष लखविंदर पासवान जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह महामंत्री विवेक कुमार सिंह धर्मेंद्र शाह पर वक्त सुशील कुमार सिंह बलवंत सिंह अंकित कुमार सिंह शुभम वर्मा चंदू सिंह चरणदास आदि उपस्थित थे।।

## पर्यावरण संरक्षण पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गया में पोस्ट का विमोचन किया गया

प्रातः किरण संवाददाता



गया। पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एसएफडी आयाम द्वारा 28, 29 और 30 जून को गया में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय कार्यशाला सीताकुंड के पास स्थित आज निजी हॉल में आयोजित की जाएगी ।इस कार्यशाला में बिहार के विभिन्न जिलों से आए 100 से अधिक युवा भाग लेंगे, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी समझ को विकसित करने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में विशेषज्ञों के व्याख्यान, समूह चचाएं, कार्य योजना निर्माण और व्यवहारिक सत्र जैसे अनेक गतिविधियाँ आयोजित होंगी ।एसएफडी आयाम के प्रदेश संयोजक सूरज सिंह ने बताया कि, यह कार्यशाला न केवल पर्यावरणीय मुद्दों को समझने का अवसर देगी, बल्कि युवाओं को धरातल पर कार्य करने के लिए प्रेरित भी करेगी। हमारी कोशिश है कि हर प्रतिभागी अपने जिले में पर्यावरण जागरूकता का वाहक बने।

उल्लेखनीय है कि एसएफडी लंबे समय से छात्रों के बीच वैकल्पिक विकास मॉडल, जलवायु संकट, जैव विविधता, स्वच्छ ऊर्जा और प्रकृति-संवेदनशील जीवनशैली को लेकर सक्रिय रहा है ।इस कार्यशाला में पर्यावरण विषयों पर काम कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, वानिकी विशेषज्ञ और एसएफडी के राष्ट्रीय पदाधिकारी भी मार्गदर्शन हेतु उपस्थित रहेंगे।

## राष्ट्रीय महिला आयोग पीड़ित को तुरंत न्याय दिलवाने का पुरा प्रयास करती है : विजया किशोर राहतकर



गया जी ।राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष विजया किशोर राहतकर के द्वारा जनसुनवाई का कार्यक्रम गया जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित किया गया है। इसमें राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष ने कहा कि हम प्रयास करते है कि राष्ट्रीय महिला आयोग में तुरंत न्याय मिले इसकी पुरी कोशिश करते हैं ।इस जनसुनवाई में हम भी यह भी देखते हैं कि सभी महिलाए आती ही नही,उनकी केसेस पेंडिग नही रहे, उचित न्याय मिले,इसलिए आज गया जिला मे जन सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया है ।हमारे पास पहले भी पचास कंप्लेंट आइ थी। जो पंजीकृत थी । राष्ट्रीय महिला आयोग के वेबसाइट से उसकी आज सुनवाई हुई है। स्वयं गया जिला एस एस पी आनंद कुमार,जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मोजुद थे। इसके साथ साथ वर्किंग कम्पलेन भीआज आई हुई है ।जिसकी तुरंत जनसुनवाई की गई है ।इस जनसुनवाई में कल का भी केस देखी है राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष ने,इस संबंध में जानकारी मिडिया को देते हुए कहि कि पिडीता के साथ बातचीत करते हैं। पुलिस ने इसपर क्या काम किया उसकी रिपोर्ट मांगी जाती है ।कल कि घटना पर एक व्यक्ति गिरफ्तारी हो चुकी है और तिन दिन में इसका रिपोर्ट पेश करने को कही है। महिला को सक्षम करने वाली एवं सम्मान देने वाली जो योजनाएं हैं उस योजना का क्रियान्वयन कैसे हो रहा है ।उसकी भी जानाकारी ली गई है। जिले कि लोकल कमेटी और इंटरनल कमेटी का बहुत बढा रोल होता है। इस जनसुनवाई के पहले विभाग के साथ भी मिटीग हुई है। महिला अपने हक के लिए जागरूक हो रही है जो अच्छी बात है। मुझे लगता है कि महिलाओं को लडाई लडने के लिए उन्हें जागरूक होना भी बहुत जरूरी है ।इसकी समय समय पर जांच होती है ।आगे भी अधिकारियों को निर्देश दिए जाते है ।सुबह में सबसे पहले गया जेल का निरीक्षण किया गया राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष द्वारा हमने महिला कैदी से भी जाकर मिलीं साथ में छोटे बच्चे के साथ रहने वाली महिला केदी से भी मिलीइनके साथ श्यामा सिह, डा अर्पणा मिश्रा,पिकी कुशवाहा एवं अनंत धीश अमन भी साथ में जेल और कार्यक्रम में साथ थे।

## आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर बीजेपी ने मनाया काला दिवस

### आपातकाल के समय की घटनाओं को चित्रों के माध्यम से जनता के सामने रखा गया

प्रातः किरण संवाददाता



मशरक । आपातकाल के 50 साल होने पर जेपी सेनानी संघ मशरक के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 25 जून को ह्यकाला दिवसह्ण के रूप में मनाया। मशरक के पारस सेवा सदन में में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सेपी सेनानी संघ के अध्यक्ष बिक्रमा सिंह ने की।

समारोह में आपातकाल के समय की घटनाओं और कांग्रेस सरकार की तानाशाही नीतियों को चित्रों के माध्यम से जनता के सामने रखा गया। चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से आपातकाल के दौरान हुई लोकतंत्र की दमनकारी घटनाओं को उजागर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मशरक कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रो महेन्द्र सिंह ने कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला दिन था, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू कर लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास किया। यह अवधि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा पर कुठाराघात थी।ह्व जेपी सेनानी संघ के अध्यक्ष बिक्रमा सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि आपातकाल के 21 महीनों (25 जून 1975 से 21 मार्च 1977) के दौरान लाखों राष्ट्रभक्तों को जेलों में डाला गया और उन पर अमानवीय अत्याचार किए गए। उन्होंने कांग्रेस की तुलना ब्रिटिश हुकूमत से करते हुए कहा कि उस दौर में जो दमन हुआ, वैसा जुल्म अंग्रेजों ने भी नहीं किया था। डॉ श्रीनिवास चौधुर, सुनिल कुमार पाण्डेय, अहमद खॉ सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के लिए कलंक बताया। मौके पर लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में चन्द्रमा सिंह, प्रो महेन्द्र सिंह, छबिनाथ तिवारी, बिजय कुमार ओझा, रमाशंकर तिवारी, श्यामशरण सिंह, अहमद खॉ, श्रीनिवास चौधुर, सहित दर्जन भर सेनानियों को शाल ओढ़ाकर और पुष्प भेंट कर सम्मानित किया गया।

## प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर हरे राम सिंह ने प्रदेश नेतृत्व को आभार व्यक्त किए

गया जी। वजीरगंज विधानसभा के जनसंघ से सेवा भाव से सम्प्रति हरे राम सिंह को नये कमेटी बिहार प्रदेश भाजपा द्वारा प्रदेश कार्य समिति का सदस्य बनाया गया है इसके लिए हरे राम सिंह ने दिल से प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल जी एवं संगठन महामंत्री बिहार भीखु भाई दलसानिया जी तथा क्षेत्रीय प्रभारी संगठन महामंत्री नागेंद्र और गयाजी पूर्वी के जिला अध्यक्ष विजय मांझी सभी प्रदेश के नेता एवं जिला के नेता सभी कार्यकताओं का सहयोग और आशीर्वाद मिला है जो मुझे प्रदेश के द्वारा जो दायित्व मिला है मैं पूर्ण रूप से निर्वहन करने का प्रयास करूंगा।सिह ने कहा कि मै एक छोटा सा कार्यकर्ता को यह दायित्व दिलाने में सभी का सहयोग आशीर्वाद मिला है मैं सभी को अपने दिल से आभार व्यक्त किए हैं हरे राम सिंह।

# डीएम ने की विधानसभा निर्वाचन 2025 की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक

**मतदाता सूची को अद्यतन करते हुए मतदाता सूची में नाम जोड़ने आदि कार्य निष्पादन करने का निर्देश दिया गया**

प्रातः किरण संवाददाता




अरवल। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव की अध्यक्षता में बिहार विधान सभा निर्वाचन 2025 की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर में आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये। वीडियों कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से जुड़े प्रमुख बिंदू से संबंधित पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। जाँचोपरांत मूलभूत सुविधाओं जैसे- पानी, बिजली, शौचालय आदि की कमी पाई गई, उसे तत्काल ठीक करने का निर्देश दिया गया। मतदाता सूची को अद्यतन करते हुए मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए प्राप्त फार्म 6. 7 और 8 का समयबद्ध निष्पादन करने का निदेश दिया गया। आवेदन रद्द होने के कारणों का रजीस्टर संधारित करने का आदेश दिया गया। मृत व्यक्तियों के नाम सत्यापन के बाद मतदाता सूची से हटाने का निदेश, मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधियों को तेज करने का आदेश, स्वीप प्लान कैलेंडर तैयार करने और उसका पालन सुनिश्चित करने का निदेश, राजनीतिक दलों की भागीदारी, राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करने और उनके नाम देने का निदेश दिया गया। आगामी बिहार विधान सभा चुनाव के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। मौके पर अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आपातकाल के दौरान छात्रों पर भी चली थी लाठियां

प्रातः किरण संवाददाता




शेरघाटी। भाजपा के द्वारा शहर के नारनीलिया अग्रवाल धर्मशाला भवन में बुधवार को आपातकाल एक विविधता पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गया जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह ने की वहीं बैठक के दौरान मंच का संचालन महामंत्री गजेंद्र दास के द्वारा किया गया। जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ भीम सिंह चंद्रवंशी उपस्थित रहे,

अपने भाषण के दौरान आपात काल पर चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस की तानाशाह के कारण उपज के कारण देश भर में आपातकाल लगा था जिसमें जीवन जीने पर प्रतिबंधित लगा दिया गया था। भारत के संविधान को कलंकित करने का कार्य जिसतरह से कांग्रेस के द्वारा किया गया था यह बहुत ही भयावह थी। जबकि उक्त दौरान आंदोलन कर रहे छात्राओ पर गोली चलाई गई। जिसकी शुरूआत गया जी शेरघाटी से छात्र आंदोलन की शुरूआत हुई जो कि पूरे बिहार में शुरू हो गई थी। जिस तरह से आपातकाल के खिलाफ छात्रों ने संगठित होकर कांग्रेस को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया था आज उसी हास्य पर कोंग्रेस पहुँच चुकी है उसी का परिणाम आज है कि देशभर भी कांग्रेस मुक्त हो गई है छात्र आंदोलन मे लालू यादव को जेल जाना पड़ा उसी दौरान नाराजगी जताते हुए यादव को जिस तरह से निशा कानून के तहत उन्हें जेल जाना पड़ा उसी दिन बेटी का जन्म हुआ जिसका नाम निशा भारती और देश बिहार की आंख के आंख में धूल झोंककर कांग्रेस के साथ राजद अपना गला मिला लिया जबकि इस आंदोलन में जनसंघ के कार्यकर्ताओं ने भी आंदोलन के हिस्सा बना था। इसके बाद कांग्रेस का काला अध्याय आपातकाल के नाम लिखा गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष डॉ अनुज सिंह, मंत्री अशोक सिंह, युवा नेता रोबिन सिंह, अरुण चंद्रवंशी अजीत कुमार मिश्रा विनय कुशवाहा सुधांशु सिंह, नगर अध्यक्ष राधेश्याम सिंह प्रखंड अध्यक्ष रवि सिंह अजय सिंह तपेश्वर सिंह नरेश यादव अनंत दागी समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे

# टाउन गया मे माई बहन योजना को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह:डॉ देविका सरयार

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी। शहर के पंचायती अखाड़ा वार्ड न 7,8, में जिला कांग्रेस कमिटी की महासचिव और गया जी टाउन विधानसभा की भावी प्रत्याशी डॉ देविका सरयार मिश्र के नेतृत्व में और जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्र की उपस्थिति में इस मुहल्ले में कांग्रेस पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे माई बहिन मान योजना के अंतर्गत सैकड़ों महिलाओं का फॉर्म भरा गया एवं उन्हें पंजीकृत किया गया है।इस कार्यक्रम में गया टाऊन के प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह उर्फ लाबी सिंह,जिला सचिव मो साजिद आलम,जिला सचिव आयुष मिश्रा ने अहम भूमिका निभाई है। इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए महिलाओं के अंदर काफी उत्साह देखा गया है।महिलाएं नीतीश सरकार से परेशान दिखी और उन्होंने रोजगार न होने का दुख जताया। डॉ देविका और डॉ गगन ने उन्हें बताया कि यही महागठबंधन की सरकार बनेगी कि रोजगार के अवसर तो मिलेंगे हीं ओर साथ प्रत्येक महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए प्रदान किए जाएंगे उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम गया टाउन के हर मुहल्ले में चलाया जायेगा और हर कीमत पर इस बार गया जी में कांग्रेस की जीत को सुनिश्चित किया जाएगा और डॉ देविका के नेतृत्व में जिला में कमसे कम 20 हजार महिलाओं को माई बहिन योजना से जोड़ा जाएगा और उनका पंजीकरण कराया जाएगा।

# आपातकाल की याद में लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मान

**आपातकाल केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा आघात था: डॉ मनीष पकंज**

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।25 जून 1975 को भारत के इतिहास का वह काला दिन था, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में पूरे देश में आपातकाल लागू किया गया। यह आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों–स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति, प्रेस की आजादी और नागरिक अधिकारों–को कुचलने वाला निर्णय था। लोकतंत्र की आवाज को दबाने के लिए हजारों राजनीतिक कार्यकताओं, सामाजिक कार्यकताओं, पत्रकारों और विचारशील नेताओं को बिना किसी मुकदमे के जेलों में बंद कर दिया गया है।

उस समय अनेक ऐसे वीर सपूत थे, जिन्होंने तानाशाही के विरुद्ध आवाज उठाई, जेल की यातनाएँ सहीं, लेकिन लोकतंत्र की लौ को बुझने नहीं दिया है।इन्हीं लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित करने के लिए इस वर्ष 25 जून 2025 को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा की ओर से लोकतंत्र सेनानियों अघोरी निरंजन प्रसाद सुरेश प्रसाद अनिल कुमार सिन्हा प्रभात कुमार सिन्हा को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं विष्णु चरण देकर आदर पूर्वक सम्मानित किया गया है।

इस कार्यक्रम के दौरान डॉ. मिश्रा ने कहा कि आपातकाल केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा आघात था। ऐसे समय में जो लोग अपनी आजादी के लिए लड़े, वे सच्चे लोकतंत्र के रक्षक हैं। उन्होंने उन सेनानियों को ह्लचलते-फिरते लोकतंत्र के प्रतीकह्व की संज्ञा दी।कार्यक्रम में उपस्थित अघोरी निरंजन प्रसाद प्रभात कुमार सिंहा सहित लोकतंत्र सेनानियों ने आपातकाल के दौरान जेल में बिताए अनुभवों को साझा किया। किसी ने बताया कि किस प्रकार रातों-रात उन्हें घर से उठा लिया गया, तो किसी ने यातनाओं और मानसिक दबाव की कहानियाँ सुनाईं।

मगर सबके मन में एक ही भावना थी–देश के संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि आज की पीढ़ी को यह जानना आवश्यक है कि भारत में जो लोकतंत्र हमें आज सहजता से मिला हुआ दिखता है, वह अनेक संघर्षों और बलिदानों का परिणाम है। यदि आपातकाल के समय इन वीरों ने आवाज न उठाई होती, तो शायद आज भी देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का कोई अर्थ न होता।यह कार्यक्रम न केवल लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान का प्रतीक था, बल्कि यह एक प्रेरणा बनकर उभरा कि हर नागरिक को संविधान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सदैव सजग रहना चाहिए। लोकतंत्र के इन सच्चे रक्षकों को नमन करते हुए कार्यक्रम का समापन और भारत माता की जय के नारों के साथ हुआ। आज के कार्यक्रम में पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर कमल सिन्हा मंटू कुमार बबलू गुप्ता आदि

# बागेश्वरी गुमटी पर आरओबी के निर्माण को लेकर आया नया अपडेट, सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन करने पहुंची टीम



देवब्रत मंडल गया

गया जी शहर के उत्तरी हिस्से में बागेश्वरी रेलवे गुमटी के पास आरओबी के निर्माण कार्य को लेकर बुधवार को एक नया अपडेट आया है। बुधवार को सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन(एस.आई.ए) करने के लिए एक टीम पावरगंज तथा बागेश्वरी रोड स्थित मकान मालिक एवं भूमि मालिकों से पूछताछ की है। इस दौरान कई लोगों ने बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता एवं मूल्यांकन करने आई एक संस्था के लोगों के समक्ष अपनी अपनी जमीन के मालिकाना हक के बारे में जानकारी दी है।

240 प्लॉट वाली सूची तैयार, लोग अपना नाम रहे थे देख पॉवरगंज रोड स्थित कई मकानों के मालिकों ने सर्वे के बाद अद्यतन सूची में अपना अपना नाम देखना चाहा है। पुल निर्माण निगम के अभियंताओं ने मिल रहे लोगों को आवश्यक जानकारियां दे रहे थे। बताया गया कि करीब 240 प्लॉट भूस्वामियों की सूची तैयार की गई है। इस सूची में दर्ज नाम के अनुसार उनके मालिकों ने अपनी बातें रखी। टीम में शामिल अभियंताओं एवं सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट करने वाली संस्था के लोग सभी को उनकी बातें सुनने के बाद संतोषप्रद जवाब और जानकारी दे रहे थे। यह टीम भूमि अधिग्रहण के बाद प्रभावित परिवारों का आर्थिक एवं सामाजिक प्रभाव का मूल्यांकन करने पहुंची थी।

**टीम ने कहा- किसी तरह का बदलाव तकनीकी या अन्य दृष्टिकोण से उचित नहीं**

इसी बीच ये बात सामने आई कि कुछ लोग बागेश्वरी-पॉवरगंज रोड से आरओबी नहीं बनाए जाने तथा विकल्प के तौर पर रेलवे के मालगोदाम(पूर्व में कभी था) से बैरागी,जनता कॉलोनी मोहल्ले से होकर आरओबी बनाए जाने या फिर बागेश्वरी रेल फाटक के पास अंडरग्राउंड रास्ता बनाने को लेकर स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी को एक ज्ञापन दिया था। यह मामला केंद्र सरकार तक पहुंच गया है।जबकि टीम में शामिल पुल निर्माण निगम के अभियंता ने बताया कि अंडरग्राउंड बनाए जाने की मांग की जहां तक बात है तो यह तकनीकी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। जहां तक मालगोदाम-बैरागी-जनता कॉलोनी से होकर आरओबी बनाने की मांग की गई है तो इसमें इधर(पॉवरगंज-बागेश्वरी) मोहल्ले वालों से कहीं अधिक लोगों को नुकसान होगा।

**लोगों ने कहा-दोहरे मापदंड अपनाने वालों की है पहचान**

जब ये बात लोगों को बताई गई तो पॉवरगंज मोहल्ले के प्रभावित लोगों ने कहा कि जो लोग इसका आज विरोध कर रहे हैं उन्हीं में से कुछ लोग बागेश्वरी गुमटी के पास आरओबी बनाने की मांग करते हुए आए हैं। लोगों ने अधिकारियों से कहा-ऐसे दोहरे मापदंड को अपनाने वाले लोगों को अच्छी तरह जानते हैं।

**जल्द ही लगेगा शिविर, लोग रख सकते हैं अपनी बात**

यहां रही टीम के लोगों ने बताया कि जल्द ही इस क्षेत्र में शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें लोग अपनी अपनी बातें खुलकर अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं। इस बात पर यहां मौजूद लोगों ने एकस्वर में कहा कि पुल तो यहीं पर बनना चाहिए। ये बात शिविर में रखेंगे। लोगों ने कहा आरओबी का जो संरेखण स्वीकृत किया गया है उसी अनुरूप पुल बनना चाहिए। एक रैयत(दुकानदार) ने अधिकारियों को बताया कि उनके हिस्से में मिली जमीन 12 फीट अधिग्रहण की जा रही है तो उन्हें इस बात का गम नहीं। पुल यहीं से बनना चाहिए। कई और लोगों ने भी टीम के सामने दुकानदार की बातों का समर्थन किया है।

**मुख्यमंत्री ने की थी आरओबी बनाए जाने की घोषणा**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब प्रगति यात्रा के क्रम में गया जी आए थे उन्होंने लोगों की मांग एवं आमजनमानस की परेशानियों को देखते हुए बागेश्वरी गुमटी पर आरओबी निर्माण कराए जाने की घोषणा के साथ करीब एक सौ करोड़ रुपए की राशि की भी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

**जाम की समस्या से मिलेगी लोगों को मुक्ति**

बागेश्वरी गुमटी के पास आरओबी के बन जाने से गया जी शहर की बहुत बड़ी जाम की समस्या से लोगों को सदा सदा के लिए मुक्ति मिल जाएगी। आज गया-मानपुर रेलखंड पर 24 घंटे में 35 से 40 जोड़ी पैसेंजर ट्रेन एवं मालगाड़ी ट्रेनें चलाई जाती है। जीसके कारण यह रेल फाटक अधिकांश समय बंद रहता है। जिससे आए दिन लाखों लोग और बड़ी आबादी इससे प्रभावित है।

# एक मामले की सुनवाई के दौरान जज ने कहा अरेस्ट मेमो का प्रयोग अनिवार्य

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज द्वितीय विश्व विभूति गुप्ता ने आज एक केस के सुनवाई के दौरान देव थाना के आई ओ को कहा कि किसी भी अभियुक्त को गिरफ्तारी के दौरान अरेस्ट मेमो का प्रयोग आवश्यक है नहीं तो गिरफ्तारी अवैध हो सकता है अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने अरेस्ट मेमो के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तारी के समय गिरफ्तारी के कारण का जानकारी देना आवश्यक है यह जानकारी उसके परिवार को भी देना आवश्यक है।

अरेस्ट मेमो में व्यक्ति का नाम,पता,गिरफ्तारी के समय, दिनांक, गिरफ्तारी के कारण, गवाहों का हस्ताक्षर, बरामदगी और गिरफ्तार व्यक्ति का हस्ताक्षर होता है, और गिरफ्तार व्यक्ति को उसके अधिकार बताया जाता है।

इसका उद्देश्य गिरफ्तारी को वैध बनाना और मनमानी गिरफ्तारी, हिरासत रोकना है, केस के आई. ओ. को इसकी जिक्र केस डायरी में करना है और साक्ष्य में उपयोग में लाना है।

आपको मालूम कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरबिंद केजरीवाल को ई डी ने गिरफ्तारी के समय अरेस्ट मेमो पढ़कर सुनाया था इसका पालन सभी जगह करना चाहिए इसका जिक्र हमें सी. आर. पी. सी. की धारा -41 बी और बी. एन. एस. एस की धारा -47 में मिलता है।

# चोरी के बाइक के साथ एक को भेजा जेल

शेरघाटी। पुलिस ने वाहन जांच के दौरान चोरी के बाइक के साथ एक युवक को पकड़ा जिससे छानबीन की गई तो गाड़ी का कोई कागजात सही नहीं पाया गया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है,थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के पहचान थाना क्षेत्र के झोर गांव के रहने वाले सिकंदर प्रजापति के रूप में किया गया है, जिसके पास से चोरी का बाइक बरामद किया गया है।

# जनता के संघर्ष और जन आंदोलन के रास्ते अरवल को रेलवे से जोड़ने के लिए एकमात्र माध्यम:मनोज

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। जिला मुख्यालय स्थित डॉक्टर बी आर अंबेडकर बचनालय में रेलवे संघर्ष समिति बिहटा अरवल औरंगाबाद रेलवे लाइन में जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया चालू करने के लिए विशेष हस्ताक्षर एवं पोस्टकार्ड भेजो अभियान जो देश के प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री को अनुरोध पत्र के रूप में रेलवे लाइन से अरवल जिला मुख्यालय को जोड़ने के लिए चलाया जा रहा है। उसके समीक्षा बैठक रेलवे संघर्ष समिति के मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव के अध्यक्षता किया जा रहा है।

मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव के नेतृत्व में लगातार जन आंदोलन एवं हस्ताक्षर अभियान पोस्टकार्ड भेजो अभियान चलाए जा रहा है उसकी समीक्षा की गई समीक्षा बैठक में धनंजय कुमार रजनीश कुमार मंटू यादव नरेश सिंह यादव श्याम सिंह यादव उमाशंकर सिंह शंकर पासवान रोहित कुमार रविदास अखिलेश कुमार दिलीप कुमार चितरंजन कुमार राजू कुमार एवं सैकड़ो लोग उपस्थित हुए रेलवे संघर्ष समिति को हस्ताक्षर अभियान एवं पोस्टकार्ड भेजो गांव में चलने का निर्णय लिया गया।

जिसे देश के प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को भेजा जाएगा साथ ही जमीन अधिग्रहण अति शीघ्र करने के लिए सभी जिला मुख्यालय पर जन प्रदर्शन भी किया जाएगा मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव ने बताया यह रेल आंदोलन लगातार जारी है और जब तक रेलवे लाइन बनेगा नहीं जन आंदोलन एवं संघर्ष जारी रहेगा

# समकालीन जवाबदेही निबंध विशेषांक के रूप में प्रकाशित की जायेगी

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के महाराजगंज रोड के समीप होटल जेड स्क्वायर के सभागार में समकालीन जवाबदेही परिवार की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।आर एन पी ग्रुप के प्रबंध निदेशक शंभूनाथ पांडेय एवं जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के जिलाध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह के संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ कुमार वीरेंद्र ने निबंध पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।राष्ट्रीय स्तर के निबंधकार विद्या निवास मिश्र, हजारी प्रसाद द्विवेदी, महावीर प्रसाद द्विवेदी रामचंद्र शुक्ल,नामवर सिंह सरीखे निबंधकारों के निबंध का दृष्टांत दिया गया। समकालीन जवाबदेही का अगला अंक निबंध विशेषांक के रूप में इस वर्ष प्रकाशित किया जाएगा।

समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने निबंध विशेषांक के संदर्भ में बताया कि पत्रिका के उत्कृष्ट स्तर को कायम रखने के लिए निबंध विशेषांक निकालने का निर्णय लिया गया है।

बैठक में मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी,दोमुहान मंदिर के अध्यक्ष सिंहेश सिंह,लालदेव प्रसाद,वरीय अधिवक्ता सिद्धेश्वर विद्यार्थी,सूर्यपत सिंह,रामभजन सिंह,राम सुरेश सिंह,रामकिशोर सिंह, डॉ रामाधार सिंह,लवकुश प्रसाद सिंह, ओमप्रकाश पाठक,अम्बुज पाण्डेय, विनय मामूली बुद्धि, नारायण मिश्र,उदय प्रताप सिंह,ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह,अशोक कुमार सिंह,डॉशिवपूजन सिंह,महामंत्री धनंजय जयपुरी, कविता प्रेमी चंदन पाठक,उज्वल रंजन, पुरुषोत्तम पाठक,सुनील कुमार,डॉ संजीव रंजन,अनुज बेचैन,धर्मेंद्र सिंह, नारायण सिंह सहित अन्य साहित्यसेवियों ने कहा कि पत्रिका का यह निबंध विशेषांक पिछले विशेषांकों की तुलना में उत्कृष्ट होगी।

विदित हो कि लगभग एक दशक से समकालीन जवाबदेही पत्रिका अपने सफर को तय करते हुए आज इस मुकाम पर पहुंच गई है कि उसके विशेषांक राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो चुके हैं।पिछले संस्मरण विशेषांक, लोक संस्कृति विशेषांक, मगध विशेषांक राष्ट्रीय स्तर के कई विश्वविद्यालयों की शोभा बढ़ा चुकी है।आज के परिप्रेक्ष्य में समकालीन जवाबदेही के पाठकों की कमी नहीं है।साथ ही साथ समीक्षकों की राय में इस पत्रिका ने विशिष्ट पहचान बनाई है।

## पुलिस ने एससी एसटी एक्ट मामले में भेजा जेल

शेरघाटी।पुलिस ने एससी एसटी एक्ट मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया. थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि 12 मई 2025 को थाने में बार भरारी गांव के रहने वाले शंकर साह के खिलाफ घर पर चढ़कर गाली गलौज एवं जाति सूचक शब्द का प्रयोग करने लगे मना करने पर मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज किया गया. पुलिस ने पीड़ित के शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू किया. मामले का जांच पदाधिकारी संतोष कुमार को बनाया गया जांच के उपरांत पीड़ित के द्वारा लगाया गया आरोप सही प्रतीत हुआ. इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया.

## शेरघाटी ने अनुसचिविय संघ ने आठ सूत्री मांगों को लेकर लगाया काला पट्टी

शेरघाटी।बिहार अनुसचिविय कर्मचारी संघ के बैनर तले शेरघाटी प्रखंड कार्यालय में बुधवार को 8 सूत्री मांग को लेकर समान प्रशासन विभाग के तहत प्रधान सहायक लिपिको ने अपने हाथ में काला पट्टी बांधकर सरकार के खिलाफ जताया विरोध उक्त दौरान जानकारी करते हुए सहायक सादाब हसन ने बताया कि हमसब लोगों का मांग है, ट्रांसफर राज्य स्तरीय नही करे जिला वार रखे। और वेतन वृद्धि हो इसके साथ-साथ पे स्केल भी बढ़ाया जाए,

इसी आठ उद्देश्य के साथ बिहार अनुसचिविय कर्मचारी संघ के लोगो ने नाराजगी जताते हुए काला पट्टी बांधकर विरोध जता रहे है। उक्त दौरान मौजूद विजय दास, चंद्रशेखर चंद्र वर्मा राजीव रंजन, विकास कुमार, पिंटू कुमार, प्रेमचंद कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

## तीन दशक पुरानी अपराध में सजा का एलान

औरंगाबाद।व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे तीन अन्नदिता सिंह ने दाउदनगर थाना कांड संख्या -155/94,एस टी आर -513/97,569/24 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए जीवित बचे दो अभियुक्तों को सजा सुनाई है, एपीपी परशुराम सिंह ने कहा कि अभियुक्त दिपन यादव 75 वर्ष,जीतन यादव 73 वर्ष महारानी बिगहा दाउदनगर को भादंवि धारा -307/149 में पांच साल की सजा,बीस हजार रुपए जुमार्ना, जुमार्ना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी, और भादंवि धारा -324/149 में दो साल की सजा सुनाई गई है दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी,अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियुक्तों को शिवदेनी यादव महारानी बिगहा को हत्या के प्रयास के आरोप में बीस जून को दोषी ठहराया गया था ,दो अन्य आरोप गठित अभियुक्त नन्हकू यादव और सोमर यादव की अभियोजन काल में मृत्यु हो गई है, प्राथमिकी सूचक पांचू यादव महारानी बिगहा ने 29/10/94 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि मेरे जमीन के सामने सरकारी जमीन में अभियुक्तगण मकान बना रहे थे मेरे पिता शिवदेनी यादव के मना करने पर जान मारने के नियत से धड़ पकड़ कर लाठी से मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया था, अभियुक्तों पर आरोप गठन 20/03/2001 को हुई थी।

## पुलिस में इस्तेहार वारंटी को भेजा जेल

शेरघाटी।पुलिस ने थाना क्षेत्र के नेम बीघा गांव से इश्तिहार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि शराब के मामले में फरार चल रहे देव लखन मांझी के खिलाफ कोर्ट से इश्तिहार वारंट जारी किया गया था। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कोर्ट में पेसी के बाद बुधवार को जेल भेज दिया गया है।

## कोर्ट परिसर से बाइक हुआ चोरी जांच में जुटी पुलिस

शेरघाटी। कोर्ट परिसर में आया युवक का बाइक हुआ चोरी बताते चले कि बुधवार को आमस थाना क्षेत्र के बालासोत गांव के रहने वाला ह्रदय यादव नामक व्यक्ति अपने बाइक से शेरघाटी कोर्ट परिसर में किसी आवश्यक कार्य के लिए आया था। तभी उसकी 4246 स्प्लेंडर बाइक चोरी हो गई बातचीत के दौरान कहा कि बाइक लगाकर किसी आवश्यक काम के लिए और कार्यालय में गया था। कुछ देर बाद बाहर आया तो मेरा बाइक गायब था। उसने कहा कि हालांकि काफी खोजबीन किया लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया। मामले के बाद पीड़ित ने आमस थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज करवाया है।

## एनएच 2 पर काम कर रहे मजदूरों के साथ मारपीट मुकदमा दर्ज

शेरघाटी। नेशनल हाईवे 2 पर हो रहे निर्माण कार्य के दौरान शरारती तत्व के लोगों के द्वारा सामान चोरी करने पर विरोध करने के दौरान काम कर रहे मजदूरों के साथ किया मारपीट उक्त मामले में अधिकारियों ने शेरघाटी थाने में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि दिए गए आवेदन के आलोक में काली मियां एवं एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें कहा गया है कि वह सामान का चोरी कर रहा था तभी इसका विरोध करने पर मजदूरों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया इसी।

मारपीट के दौरान मजदूरों की चोट आई है,इधर पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### बिक्रम में वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत तीन घायल

बिक्रम। थाना क्षेत्र के गिरवरी टोला गांव में बुधवार के शाम वज्रपात की चपेट में आने से 50 वर्षीय सुदामा प्रसाद की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य लोग जख्मी हो गए । जख्मी लोगों की पहचान स्व सुदेश राय की पत्नि पतिया देवी, विश्वनाथ राय का पुत्र राजकिशोर एवं सुधीर कुमार का पुत्र साहिल कुमार के रूप में हुई हैं परिजनों ने बताया कि मृतक सुदामा राय खेत में मवेशी चरा रहे थे ।इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आ गए । आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।उसकी मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि सुदामा अपने परिवार का एकमात्र सहारा थे । मौके पर पहुंची स्थानीय थाना की पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

### लनामिवि में फॉरेंसिक साइंस में पढ़ाई की राह हुई आसान

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में फॉरेंसिक विज्ञान शिक्षण की राह हुई आसान। इसी पहल के तहत कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के एडवांस्ड रिसर्च सेंटर एवं आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में अनलॉकिंग दि फ्यूचर: फिजिबिलिटी ऑफ फॉरेंसिक साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च विषय पर कार्यशाला का सफल आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय जन्तुविज्ञान विभाग के सम्मेलन हॉल में आयोजित इस कार्यशाला में संबद्ध विषय के स्वरूप एवं शिक्षण संस्थान में क्रियान्वयन के पक्षों पर गहनता से मंथन किया गया। इस कार्यशाला में डॉ. केशव कुमार, समीर दत्त, धर्मेश भाई वंद्रा और रंजीत सिंह ने अपने विचार रखें। आमंत्रित विद्वानों और विषय मर्मज्ञों ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और संरचनात्मक परिसर को फॉरेंसिक विज्ञान शिक्षा के लिए उपयुक्त पाया। कुलपति ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में वक्ताओं को मूल्यवान जानकारी प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुशोवन बनिक ने किया वहीं सभी के प्रति सहृदय धन्यवाद ज्ञापित विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो दिलीप चौधरी ने किया। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो हरे कृष्ण सिंह, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. मो ज्या हैदर और एआरसी निदेशक डॉ. नौशाद आलम की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### डायन बताकर महिला को बेहरमी से पीटा, जलाने की कोशिश

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र के सोनकुकरा मुहल्ले में सामाजिक कुरीति का एक शर्मनाक मामला सामने आया है.जहां एक महिला को डायन बताकर बेरहमी से पीटा गया.पीड़िता गायत्री देवी ने थाना में पांच लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है ।घटना रविवार की आठ बजे रात्रि की है. जानकारी के अनुसार गांव के ही डब्लू पासवान रंजन पासवान इन सभी लोग घर पर चढ़कर गाली गलौज व मारपीट करते हुए हाथ पकड़कर घसीटते हुए भगत के पास झाड़ फुक करने के लिए ले गया और डायन बताकर पेट्रोल छिड़कर जलाने की कोशिश करने लगा किसी जान बचाकर भाग कर आई और गांव के लोगों जुटे तो वो लोग भाग गए। पीड़ित महिला के दिए गए आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### अज्ञात अपराधियों ने वार्ड सदस्य को गोली मारकर की हत्या, मौत

मुंगेर। बिजयनगर गांव के नल जल योजना की टंकी का मोटर चालू कर पैदल ही घर जा रहे वार्ड सदस्य की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी गई । बरियारपुर थाना सूत्र ने बताया कि बरियारपुर थाना क्षेत्र के ईटहरी पंचायत के विजयनगर गांव में मंगलवार की रात इटहरी पंचायत के वार्ड संख्या 17 के सदस्य परमजीत कुमार (32) की गोली मार दी गई। परिवार वाले आनन- फानन में लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चचेरे भाई जयप्रकाश ने बताया कि उसके भाई की किसी से दुश्मनी नहीं था। भाई ने बताया कि मंगलवार की रात काली स्थान के पास लगे नल जल योजना की टंकी का मोटर चालू कर पैदल ही घर आ रहा हूँ। इस बीच नकाबपोश बदमाशों ने पीछे से सिर में गोली मार दी। भाई ने बताया कि जहां पर हत्या हुई है, वहां पर साप्ताहिक हटिया भी लगता है भीड़ का फायदा उठाकर बदमाश भाग निकले। परमजीत की शादी दो माह पहले घोघा में हुई थी। पत्नी और परिवार वाले का रो-रोकर के बुरा हाल है। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ अभिषेक आनंद, थानाध्यक्ष वीरभद्र कुमार घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच की। घटना की वजह का पता नहीं लग सका है ।एसडीपीओ ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है। परिवार वालों से पूछताछ की जा रही है। घटना में शामिल बदमाशों को किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## डीएम ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना द्वारा फुलवारीशरीफ प्रखण्ड परिसर अवस्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के अनुसार यह त्रैमासिक निरीक्षण था। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे। जिलाधिकारी द्वारा वेयरहाउस में संधारित ईवीएम एवं वीवीपैट कक्षों का निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। सुरक्षा व्यवस्था भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार सुदृढ़ है। सीसीटीवी से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सदर; अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, फुलवारीशरीफ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी, पटना को ईवीएम वेयरहाउस के संचालन में भारत निर्वाचन आयोग के मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। विदित हो कि वेयर हाउस में इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल), हैदराबाद द्वारा निर्मित ट3 ईवीएम एवं वीवीपैट संधारित है। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के अनुसार जिलाधिकारी द्वारा इसका नियमित निरीक्षण किया जाता है। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सदर; अपर जिला दंडाधिकारी (सामान्य); उप निर्वाचन पदाधिकारी, पटना; प्रखंड विकास पदाधिकारी, फुलवारीशरीफ, अंचल अधिकारी, फुलवारीशरीफ एवं अन्य भी उपस्थित थे।

## राजद कार्यालय में मनी पूर्व पीएम वी पी सिंह की जयंती

प्रात: किरण संवाददाता

आरक्षण व्यवस्था की मजबूती के लिए राजद संकल्पित : तेजस्वी

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व विश्वनाथ प्रताप सिंह की जयंती प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव की उपस्थिति में मनायी गई। इस अवसर पर नेताओं एवं कार्यकताओं ने स्व विश्वनाथ प्रताप सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि स्व वी पी सिंह एक ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ नेता थे। वे सात दलों को मिलाकर राष्ट्रीय मोर्चा का गठन किया था। वे 2 दिसम्बर 1989 को भारत के आठवें प्रधानमंत्री बने थे। वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, केन्दीय वाणिज्य मंत्री तथा केन्द्रीय वित्त मंत्री भी बने थे। उन्होंने पिछड़ो को आरक्षण दिया तथा सामाजिक न्याय की धारा को मजबूत किया। स्व वी पी सिंह जी ने जो मंडल आयोग की सिफारिश लागू की थी उसमें बहुत सारी अनुशंसायें अभी तक लागू नहीं हो सकी है। राष्ट्रीय जनता दल तमाम सिफारिशों को लागू कराने के लिए कृत संकल्पित है और इसके लिए आन्दोलन करेगी। इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में लोकसभा में संसदीय दल के नेता अभय कुशवाहा, राज्यसभा सांसद संजय यादव, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश कुमार, प्रधान महासचिव रणविजय साहू, पूर्व सांसद विजय कृष्ण, विधायक बागी कुमार वर्मा, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, चितरंजन गगन, मृत्युंजय तिवारी सहित दर्जनों नेताओं एवं कार्यकत्ताओं ने स्व वीपी सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## डीएम ने बाल पर्यवेक्षण गृह का किया निरीक्षण विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश



छपरा। जिलाधिकारी सारण अमन समीर द्वारा बुधवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा सारण जिले में संचालित बाल पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उक्त भवन के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया गया। कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, छपरा 1 को सुरक्षा के दृष्टिकोण से उक्त भवन के जीर्णोद्धार कार्य में तेजी लाते हुए गुणवत्तापूर्ण सामग्रियों का उपयोग कर एक सप्ताह के अंदर सभी मरम्मति कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई को विद्युत कार्य प्रमंडल से समन्वय स्थापित कर पूरे भवन परिसर में विद्युत वायरिंग के मरम्मति हेतु प्राक्कलन तैयार कराने का भी निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में बाल संरक्षण पदाधिकारी, सहायक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन छपरा आदि उपस्थित रहे।

## फर्जी पुलिस बन शराब सप्लाई करने निकला तस्कर शराब की खेप के साथ गिरफ्तार

### गुप्त सूचना के आधार पर मद्य निषेध की टीम ने की छापेमारी, 199 लीटर शराब बरामद

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। गोपाल विद्यार्थी मद्य निषेध की टीम ने बुधवार के सुबह गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर नकली दारोगा को शराब की बड़ी खेप के साथ गिरफ्तार किया है। उत्पाद व मद्य निषेध विभाग की टीम ने जिले के अगमकुंआ थाना क्षेत्र के पुरानी बाइपास रोड मे नालंदा मेडिकल कॉलेज के पास पुलिस की नकली वर्दी पहने तस्कर को पकड़ लिया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जब संदिग्ध कार की तलाशी ली तो कार से 199 लीटर शराब बरामद किया गया। वहीं जिस कार में जिस तस्कर को पकड़ा वो दारोगा की फर्जी वर्दी पहनकर बैठा था. गिरफ्तार तस्कर की पहचान छपरा निवासी रवि किशन और चालक मनेर निवासी रौशन कुमार के रूप में की गयी है. मिली जानकारी के अनुसार, वाहन पर पुलिस का स्टिकर लगा था. जब्त शराब की मात्रा 199 लीटर है. जिसकी अनुमानित कीमत एक लाख 75 हजार रुपए है. सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि वर्दी पहने पकड़ा गया नकली दारोगा भोजपुर से भी वर्दी के साथ शराब तस्करी में जेल जा चुका है. पुलिस जांच कर रही है कि रवि के संपर्क में और कौन- कौन लोग शामिल हैं.

## बच्चों पर पुष्पवर्षा कर किया गया स्वागत



प्रात: किरण संवाददाता

पानापुर(सारण)ग्रीष्मावकाश के करीब तीन सप्ताह बाद विद्यालय खुलने के तीसरे दिन प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरहा में बुधवार को विद्यालय पहुँचे छात्र छात्राओं पर पुष्पवर्षा कर शिक्षकों ने उनका स्वागत किया |विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक नवल किशोर राय ने बताया कि विद्यालय में 27 जून तक स्वागत सप्ताह मनाया जाएगा प्रतिदिन अलग अलग स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ताकि बच्चों के लिए एक आनंददायक एवं प्रेरणादायक वातावरण बनाया जा सके इस स्वागत कार्यक्रम में अभिमन्यु सिंह ,शुभम राय ,शारिक खान ,शानू शुभांगी ,अंकिता कुमारी ,अंजू यादव ,कंचन कुमारी ,अर्चना कुमारी , प्रवीण ओझा , कृष्णा यादव आदि शिक्षक शामिल थे।

## कथावाचक को जाति पूछ कर प्रताड़ित करने की घटना का किया घोर निंदा

### उच्च स्तरीय जांच कर दोषी पर कड़ी कार्रवाई किया जाय : किरण देव यादव

प्रात: किरण संवाददाता




खगड़िया। देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष सह मिशन सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह बिहार प्रभारी किरण देव यादव ने उत्तर प्रदेश के इटावा में यादव कथावाचक मुकुट मनि सिंह एवं श्याम कठेरिया को मनुवादी दबंग ब्राह्मणों द्वारा जाति पूछ कर, चोटी काटने, ब्राह्मण यजमान महिला के मूत्र का छिड़काव करने, महिला यजमान के पैर पर नाक रगड़वाने जैसी घटना की घोर निंदा किया है। समाजसेवी श्री यादव ने घटना का उच्च स्तरीय जांच करने एवं दोषी पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग यूपी डीजीपी से किया है। उन्होंने सपा सांसद जितेंद्र दोहरे को साधुवाद धन्यवाद आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐन वक्त पर कथा वाचक को न्याय दिलाने हेतु एसपी से मिलकर आवेदन समर्पित कर कार्रवाई करने की मांग किया। श्री यादव ने कहा कि मोदी एवं योगी सरकार का हिंदू राष्ट्र बनाने का मानसिकता मनुवादी ब्राह्मण राज्य स्थापित करना है। एससी एसटी ओबीसी एवं माइनॉरिटी को देश की हालत एवं सरकार की दोहरी नीति के खिलाफ जागरूक होने की जरूरत है तथा मोदी योगी की सरकार को उखाड़ फेंकने का अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कथा प्रवचन पूजा पाठ करना , मंदिर भगवान पर क्या ब्राह्मणों को ही अधिकार है ? जो ज्ञानी है शिक्षित है वहीं पंडित है। ब्राह्मणों को लगता है कि हमारे कार्य क्षेत्र में अतिक्रमण करने से हमारे व्यवसाय अतिक्रमित प्रभावित होगा। लेकिन ये सभी के कार्य क्षेत्र में अतिक्रमण करेंगे। यह दोहरी, विकृत, मनुवादी, अधिनायक वादी मानसिकता का परिचायक है। मिशन सुरक्षा परिषद के युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रहास यादव, बिहार एमएसपी के प्रदेश सचिव मुरली रविदास एवं महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ललिता देवी ने घटना की घोर निंदा किया।

## डीएम ने फुलवारीशरीफ-जानीपुर रोड का किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। जिलाधिकारी, पटना द्वारा फुलवारीशरीफ-जानीपुर रोड का निरीक्षण किया गया तथा पदाधिकारियों को तेजी से आवश्यक कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 21 फरवरी, 2025 को पटना जिला में प्रगति यात्रा के दौरान एम्स गोलम्बर-जानीपुर-पईनापुर-नेवापथ का चौड़ीकरण करने की घोषणा की गई थी। नौबतपुर लख के पास नए पुल का निर्माण किए जाने की भी घोषणा की गई थी। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा 25 फरवरी को ही इन योजनाओं की स्वीकृति दे दी गई है। पथ निर्माण विभाग द्वारा इन योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। एम्स गोलम्बर-जानीपुर-पईनापुर-नेवा (पटना रिंग रोड तक) लगभग 10.5 किलोमीटर लंबाई में पथ का 2-लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाना है। इसके लिए कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पटना पश्चिम को निदेशित किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि पटना रिंग रोड से सम्पर्कता हो जाने के कारण फुलवारीशरीफ, एम्स,दानापुर, नौबतपुर सहित पटना पश्चिमी क्षेत्र के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। ट्रैफिक जाम की समस्या भी समाप्त हो जाएगी।

## पानापुर में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद



पानापुर(सारण)गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय थाने की पुलिस ने बेतौरा गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है ।बताया जाता है कि डायल 112 पुलिस को सूचना मिली कि बेतौरा गांव निवासी अंकित सिंह के करकटनुमा गोदाम में भारी मात्रा में बिक्री के लिए शराब छुपाकर रखा गया है ।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार ,अपर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार तिवारी ,एएसआई राजकुमार सिंह ,उपेंद्र कुमार एवं पीएसआई गुंजन कुमार के नेतृत्व में स्थानीय थाने की पुलिस ने छापेमारी कर गोदाम एवं गोदाम के बाहर खड़े एक चारपहिया वाहन से 85 कार्टून फ्रूटी पैक अंग्रेजी शराब जिसका वजन लगभग 725 लीटर बताया जाता है उसे बरामद किया ।वही पुलिसिया कार्रवाई की भनक लगते ही धंधेबाज मौके से फरार हो गये ।पिछले पांच वर्षों में थाना क्षेत्र में पहली बार इतनी भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की बरामदगी हुई है ।थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर फरार धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## गरीबों को सम्मान दिलाना हमारी प्राथमिकता: अजीत

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर । राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार बुधवार को कांटी क्षेत्र के कई गांव में जन संवाद कार्यक्रम चलाकर लोगों की समस्याएं सुनी एवं मौके पर उसके निदान के लिए पहल किया। क्षेत्र के छपरा रविदास टोला, बहुआरा एवं सिरसिया पासवान टोला में जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से गरीबों बस्ती के ज्वलंत समस्याओं से रूबरू हुए। जन संवाद कार्यक्रम में लोगों ने गांव के जर्जर सड़क, पेयजल की समस्या, विद्युत विभाग की मनमानी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित लोगों को पेंशन की सुविधा दिलाने, मतदाता सूची मे नाम दर्ज करने में बीएलओ द्वारा की जा रही मनमानी सहित कई अन्य मुद्दा को गंभीरता से उठाया। लोगों ने स्थानीय विधायक द्वारा चुनाव जीतने के बाद एक दिन भी गरीब बस्ती का सुधि नहीं लिए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। लोगों के समस्या सुनने के उपरांत पूर्व मंत्री ने पीएचईडी, विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं स्थानीय बी डी ओ, सी ओ से बात कर कई समस्याओं का मौके पर निदान कराया। उन्होंने जर्जर सड़को का जीर्णोद्धार नहीं होने के लिए स्थानीय विधायक को जिम्मेवार बताते हुए कहा की विधायक के उदासीनता के कारण कांटी क्षेत्र के कई प्रमुख सड़क जर्जर हालत में है । वैसे मैं गरीब बस्ती के सभी के प्रमुख सड़कों के जीर्णोद्धार के लिए अपने स्तर से पहल किया हूं , चुनाव से पहले सभी जर्जर प्रमुख सड़कों का हर हालत में जीर्णोद्धार कार्य शुरू कराएंगे। उन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का अनुरोध किया। जन संवाद कार्यक्रम में मुखिया इंद्र मोहन झा , वार्ड पार्षद विजय राम ,वकील राम, उमेश निराला, संजय छायाकार, प्रमोद शाह, बबलू साह, राजू राम ,गुड्डु पासवान ,मनोज साह सुरेंद्र पटेल, विष्णु देव भगत, सुबोध रजक आदि शामिल थे।

## शिव सुदर्शन विष्णु महायज्ञ के लिए की गयी जलभरी



पानापुर(सारण)प्रखंड के रसौली दक्षिण टोला स्थित मां दक्षिणेश्वर काली मंदिर परिसर में आयोजित ग्यारह दिवसीय शिव सुदर्शन विष्णु महायज्ञ के लिए बुधवार को जलभरी की गयी ।कलशयात्रा में शामिल होने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु सुबह में ही मंदिर प्रांगण में एकत्रित हो गए थे ।रंग बिरंगे परिधानों में सजे श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ पानापुर ,तुर्की ,महम्मदपुर ,भोरहा होते लगभग दस किलोमीटर की दूरी तय कर सारंगपुर डाकबंगला घाट पहुँचे जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंडक नदी से जलभरी की गयी ।वही जिलापार्षद रत्नेश कुमार भाष्कर द्वारा महम्मदपुर रामविनोद चौक पर कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए शरबत एवं शीतल जल की व्यवस्था की गयी थी ।महायज्ञ के आयोजक श्री श्री 1008 संत बाबा जयराम दास जी महाराज उर्फ बेलपतिया बाबा ने बताया कि बुधवार को वेदी पूजन के साथ ही महायज्ञ की शुरूआत होगी ।कलशयात्रा में सुरेंद्र पंडित, मेघनाथ कुशवाहा, रविन्द्र कुमार साह, मुन्ना बाबा, सुरेन्द्र साह ,जुगेश साह,अजय चौरसिया,रवि गुप्ता सहित अन्य श्रद्धालु शामिल थे।

## पटना में आगाज ट्रेड मीट 2025 का हुआ आयोजन

### अगरबत्ती और सुगंध उद्योग भारत की सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान का अहम हिस्सा है : नंद किशोर यादव




प्रात: किरण संवाददाता

पटना। बिहार की राजधानी पटना में स्थित एक निजी होटल में आगाज ट्रेड मीट 2025 का सफल आयोजन हुआ, जिसमें देशभर के अगरबत्ती और परफ्यूमरी उद्योग से जुड़े अग्रणी व्यवसायियों, उद्यमियों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव उपस्थित रहे। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि अगरबत्ती और सुगंध उद्योग भारत की सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान का अहम हिस्सा है। उन्होंने स्थानीय निर्माण, रोजगार सृजन और महिला सशक्तिकरण की दिशा में इस उद्योग की भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे अक्षत जैन, प्रबंध निदेशक, ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि ह्लअँह्व का उद्देश्य सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि स्थायी विकास, नवाचार और नेटवर्किंग के नए द्वार खोलना है। वहीं, महावीर इंडस्ट्रीज के संस्थापक श्री विरेंद्र जयसवाल ने कहा कि बिहार अब तेजी से खुशबू और अगरबत्ती निर्माण के क्षेत्र में राष्ट्रीय मानचित्र पर उभर रहा है, और ऐसे आयोजनों से उद्योग को नई दिशा मिलती है। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहेः उद्योग प्रदर्शनीः नवीन अगरबत्ती उत्पाद, परफ्यूमरी नवाचार, और इको-फ्रेंडली उत्पादन मॉडल पैनल चर्चाः टरटए विस्तार, सरकारी योजनाएं, और अंतरराष्ट्रीय व्यापार संभावनाएं इ2इ नेटवर्किंग जोनः उद्योग प्रतिनिधियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद व व्यापारिक समझौते यह आयोजन न केवल बिहार के व्यापारिक वातावरण को मजबूती प्रदान करता है, बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर भारतीय अगरबत्ती और परफ्यूमरी उद्योग की नई पहचान भी स्थापित करता है।

## मिशन सुरक्षा परिषद का 29 जून को राज्य सम्मेलन सह सम्मान समारोह का समस्तीपुर में होगा भव्य आयोजन, तैयारी जोरों पर

प्रात: किरण संवाददाता




खगड़िया। मिशन सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह बिहार प्रभारी किरण देव यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मिशन सुरक्षा परिषद का राज्य कार्यकारिणी कमेटी का पटना में हुई बैठक में 29 जून 2025 को 11:00 बजे दिन से कुशवाहा कंपलेक्स, मगरदही, समस्तीपुर में मिशन सुरक्षा परिषद का राज्य सम्मेलन सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन करने का निर्णय लिया गया। श्री यादव ने बताया कि मिशन सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाराम अंबेडकर, युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रहास यादव सहित किसान मजदूर , महिला, छात्र, एससी, एसटी, माइनॉरिटी, ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष गण भाग लेंगे। श्री यादव ने कहा कि एसपी का राज्य सम्मेलन आगामी विधानसभा चुनाव हेतु मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सम्मेलन में पूरे बिहार के 500 प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन में बिहार के ज्वलंत मुद्दे पर गंभीर चर्चा किया जाएगा। तथा आगामी रणनीति बनाई जाएगी। एवं बिहार प्रदेश कमेटी का पुनर्गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की तैयारी युद्ध स्तर पर जोरों पर है। बैनर पोस्टर दीवाल लेखन एवं श्रृंखलाबद्ध बैठक के माध्यम से कार्यकताओं में जागरूकता फैलाई जा रही है। कार्यकताओं में सम्मेलन के मद्देनजर उत्साह व्याप्त है। तथा तरणोद्वार गेट का निर्माण किया जा रहा है। कुशवाहा कंपलेक्स के सभागार को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि मिशन सुरक्षा परिषद के सिद्धांत उद्देश्य विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने एवं सामाजिक जन सरोकार से जुड़े मुद्दे को लेकर संघर्षरत एवं उत्कृष्ट योगदान देने वाले कार्यकर्ता को सम्मानित किया जाएगा। श्री यादव ने बिहार के सभी सक्रिय कार्यकर्ता से अधिक संख्या में राज्य सम्मेलन में भाग लेने का अपील किया है। बैठक में चंद्रहास यादव, ललिता कुमारी, दिलीप राज कुशवाहा, शत्रुघ्न पासवान, अमित कुशवाहा, विनोद यादव, अविनाश प्रताप, महेश राय, मुरली रविदास, जयराम यादव, किरण देवी, संगीता पासवान, कौशलेंद्र यादव, संतोष यादव, बिमल राम, राज कुमार राय, लक्ष्मण पासवान, पवन यादव, सहित दर्जनों प्रदेश कमेटी के नेताओं ने भाग लिया।

# लीड्स टेस्ट में भारत की हार के 5 कारण

**दोनों पारियों में मिडिल ऑर्डर के बैटर्स फेल, जडेजा-ठाकुर 3 विकेट ही ले सके**



**लीड्स (एजेंसी)।** शुभमन गिल का कप्तानी सफर हार के साथ शुरू हुआ। भारत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पहला मैच 5 विकेट से हार गया है। लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को इंग्लैंड ने 371 रन का टारगेट 5 विकेट खोकर हासिल किया। यह मैच शुरुआती 4 दिनों तक बराबरी पर था, आखिरी दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 350 बनाने थे। टीम ने घरेलू परिस्थितियों में बेहतरीन बैटिंग करके जीत हासिल की। बेन डकेट (149 रन) और जैक क्रॉली (65 रन) ने 188 रन की रिकॉर्ड ओपनिंग पार्टनरशिप की।

1. **मिडिल-लोअर ऑर्डर का फेल होना** - भारतीय टीम का मिडिल ऑर्डर और लोअर मिडिल ऑर्डर दोनों पारियों में कोलैप्स कर गया। भारतीय टीम ने पहले पारी में आखिरी 6 विकेट मात्र 41 रन पर गंवा दिए। वहीं, दूसरी पारी में आखिरी 5 बैटर्स 31 रन के अंदर पवेलियन लौट गए। पहली पारी में करुण नायर शून्य, रवींद्र जडेजा 11 और शार्दूल ठाकुर एक रन बनाकर आउट हुए। इससे भारत पहली पारी में 500 के पार नहीं जा सका। दूसरी पारी में करुण नायर 20, रवींद्र जडेजा 25 और शार्दूल ठाकुर 4 रन बनाकर आउट हो गए। इस बार टीम इंग्लैंड को 400 पार का टारगेट नहीं दे सकी। जबकि, टीम ने दूसरी पारी में 5 विकेट पर 333 रन बना लिए थे।
2. **तीन गेंदबाजों का कमजोर प्रदर्शन** - लीड्स की पिच पर इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान भारत की गेंदबाजी यूनिट खास प्रदर्शन नहीं कर सकी। साथ ही मुकाबले में चौथे-पांचवें गेंदबाज का प्रदर्शन कमजोर रहा। बुमराह-प्रसिद्ध के अलावा, कोई भी गेंदबाज इंग्लिश बैटर्स को परेशान नहीं कर सका। मोहम्मद सिराज और शार्दूल ठाकुर ने 2-2 और रवींद्र जडेजा ने एक विकेट लिया।
3. **खराब फील्डिंग, 9 कैच ड्रॉप किए** - भारत की हार की मुख्य वजह खराब फील्डिंग रही। टीम ने अहम मौकों पर 9 कैच छोड़े। इनमें से 6 कैच पहली पारी में छूटे, जबकि 3 कैच दूसरी पारी में ड्रॉप हुए। मैच में सेंचुरी लगाने वाले ओली पोप और बेन डकेट को 2-2 जीवनदान मिले। भारत की ग्राउंड फील्डिंग भी खराब रही।
4. **पांचवें दिन भी पिच का फ्लैट रहना** - आम तौर पर किसी टेस्ट मैच में पांचवें दिन बल्लेबाजी करना मुश्किल होता है। तब तक पिच काफी हद तक टूट जाती है, लेकिन हेडिंग्ले में ऐसा नहीं हुआ। पांचवें दिन भी पिच में गेंदबाजों के लिए कोई मदद मौजूद नहीं थी।
5. **क्रॉली-डकेट की रिकॉर्ड साझेदारी** - इंग्लिश टीम के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम से बेन डकेट और ओली पोप ने शतक लगाए। हैरी ब्रूक ने 99 रन बनाए। दूसरी इनिंग में इंग्लिश ओपनर्स जैक क्रॉली और बेन डकेट ने 188 रन जोड़े। यह निर्णायक साझेदारी साबित हुई। दोनों ने इंग्लैंड के लिए चौथी पारी में अब तक की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप की।

# गंभीर बोले- सिर्फ शतक नहीं, जीत जरूरी

**बुमराह 3 ही टेस्ट खेलेंगे, गिल की कप्तानी सटीक**

**लीड्स (एजेंसी)।** लीड्स टेस्ट में 5 विकेट की हार के बाद भारतीय कोच गौतम गंभीर ने कहा, सिर्फ शतक नहीं, जीत मायने रखती है। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए आए गंभीर ने बुमराह और कप्तान शुभमन गिल की तारीफ की। उन्होंने तेज गेंदबाजों को लेकर कहा, भारत के युवा गेंदबाजों को समय देना होगा।

- **व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छा है लेकिन जीत सबसे बड़ी चीज** - ऋषभ पंत के दो शतकों पर जब सवाल पूछा गया, तब गंभीर ने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में तीन और शतक भी लगे हैं। वही भी बड़े पॉजिटिव हैं। लेकिन सिर्फ शतक नहीं, जीत ज्यादा मायने रखती है। यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल (कप्तान के रूप में पहला टेस्ट), केएल राहुल और पंत इन पांच बल्लेबाजों के शतक पॉजिटिव बात हैं।ऋषभ पंत ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाया था। उन्होंने पहली पारी में 134 और दूसरी पारी में 118 रन बनाए थे।





- **बुमराह 3 ही टेस्ट खेलेंगे** - जसप्रीत बुमराह के सवाल पर गौतम गंभीर ने साफ किया है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का पांच विकेट लेना शानदार था। हम अपनी योजना नहीं बदलेंगे। बुमराह के वर्कलोड को संभालना जरूरी है क्योंकि आगे और भी क्रिकेट है। बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में सिर्फ तीन टेस्ट ही खेलेंगे। अभी तय नहीं किया गया है कि वे अगले कौन-से दो टेस्ट खेलेंगे। गंभीर ने युवा गेंदबाजों पर भरोसा जताते हुए कहा, हमने जो टीम चुनी है, वो विश्वास के साथ चुनी है, न कि उम्मीद के भरोसे। हम मानते हैं कि ये गेंदबाज बेहतर करेंगे। इस टेस्ट में भी हम चार दिन तक अच्छी स्थिति में थे।

## टेस्ट में पहली बार 5 शतक के बावजूद हारी टीम यह बने रिकार्ड्स

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत पहली ऐसी टीम बनी जिसके प्लेयर्स ने 5 शतक लगाए इसके बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में भारत को 5 विकेट से हरा दिया। लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में इंग्लैंड ने 371 रन का टारगेट 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया।मंगलवार को मैच के आखिरी दिन मोहम्मद सिराज की इंग्लिश ओपनर्स बेन डकेट और जैक क्रॉली से बहस हो गई। बेन डकेट ने भारत के खिलाफ चौथी पारी में हाईएस्ट स्कोर बनाया। जसप्रीत बुमराह से क्रॉली का कैच छूटा।

हेडिंग्ले मैदान में 41 साल बाद चौथी पारी में किसी टीम की ओपनिंग साझेदारी 100 से ज्यादा की हुई। जैक क्रॉली और बेन डकेट ने मिलकर पहले विकेट के लिए 188 रन जोड़े। इससे पहले 1984 में वेस्टइंडीज के डेसमंड हेन्स और गॉर्डन ग्रीनिज ने 106 रन की साझेदारी की थी। 2010 के बाद पहली बार किसी इंग्लिश ओपनिंग बल्लेबाज ने चौथी इनिंग में सेंचुरी लगाई। बेन डकेट ने 149 रन की पारी खेली। 15 साल पहले एलिस्टेयर कुक ने बांग्लादेश के खिलाफ मीरपुर में नाबाद 109 रन बनाए थे।हैरी ब्रूक टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पहले ऐसे बल्लेबाज बने जो पहली पारी में 99 रन पर और दूसरी पारी में पहली ही गेंद पर (गोल्डन डक) आउट हुए।

इंग्लैंड ने हेडिंग्ले टेस्ट में अपना दूसरा सबसे बड़ा रन चेज किया। इससे पहले 2022 में भारत के खिलाफ में एजबेस्टन? में????? 378 रन का पीछा किया था। यह भारत के खिलाफ इंग्लैंड का दूसरा सबसे बड़ा रन चेज हैं।टेस्ट क्रिकेट के 148 साल के इतिहास में इंडिया पहली टीम बनी है, जिसके प्लेयर्स ने एक ही मैच में पांच शतक लगाए लेकिन फिर भी मैच हार गई। इससे पहले ऐसा 1928-29 की एशेज सीरीज में हुआ था, जब ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न टेस्ट में चार शतक लगाए थे। उसी मैच में डॉन ब्रैडमैन ने अपना पहला टेस्ट शतक (112 रन) भी बनाया था, लेकिन फिर भी ऑस्ट्रेलिया को हार मिली थी।

## हम खराब फील्डिंग की वजह से हारे- गिल, डकेट बोले- जडेजा को सामने खेलना मुश्किल

भारतीय टीम एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 5 विकेट से हार गई है। लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को मुकाबले के आखिरी दिन इंग्लैंड को 351 रन बनाने थे, जिसे टीम ने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। मैच के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा- हम खराब फील्डिंग की वजह से मैच हारे। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बेन डकेट को जीत का क्रेडिट दिया। वहीं प्लेयर ऑफ द मैच बेन डकेट बोले, जडेजा को सामने खेलना मुश्किल होता है।

- **ड्रॉप कैच से मैच हारे** - हार के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा यह एक शानदार टेस्ट मैच था और हमारे पास मौके थे। लेकिन ड्रॉप कैच, और लोअर ऑर्डर का योगदान न मिलना हमारे लिए नुकसानदायक रहा। कल तक हम सोच रहे थे कि टारगेट 430 तक ले जाएंगे, लेकिन आखिरी विकेट सिर्फ 31 रन पर गिर गए, जिससे बढ़त कम रह गई। आज भी जब पहली विकेट की शानदार साझेदारी हुई, तो लगा कि हम गेम में हैं, लेकिन कुछ मौके हाथ में नहीं आए। पहले सेशन में हमारी गेंदबाजी बेहतरीन रही। हमने रन नहीं लुटाए, लेकिन जब गेंद पुरानी हो गई, तो रन रोकना मुश्किल होता है। ऐसे में विकेट लेते रहना जरूरी होता है। जडेजा ने बहुत अच्छी गेंदबाजी की, मौके बनाए। बुमराह के अगला मैच खेलने को लेकर गिल ने कहा हर मैच के हिसाब से बुमराह का खेलना तय होता है। अब लंबा ब्रेक है, तो अगला मैच नजदीक आने पर देखेंगे कि वो खेलेंगे या नहीं।
- **जडेजा को सामने खेलना मुश्किल** - प्लेयर ऑफ द मैच बेन डकेट ने कहा, यह वाकई अविश्वसनीय मैच था। भारत ने शानदार खेल दिखाया। पांचवें दिन इस तरह मैच को खत्म करना हमारे लिए एक जबरदस्त अनुभव रहा।हमारी कोशिश थी कि चौथे दिन का अंत बिना विकेट गंवाए करें, जो हमने किया। आज सुबह हमारी सोच साफ थी। अगर हमने पूरे दिन बल्लेबाजी की, तो जीत मिल जाएगी।कई बार हम इस मैच में पीछे भी थे, लेकिन हमारे गेंदबाजों ने शानदार वापसी की, खासकर टेलएंडर्स को जल्दी आउट करना अहम रहा। अगर वो 50-60 रन और जोड़ देते, तो यह बिल्कुल अलग मैच होता।
- **बुमराह वर्ल्ड-क्लास गेंदबाज** - बुमराह वर्ल्ड-क्लास गेंदबाज हैं, उन्होंने पहली पारी में हमें काफी परेशान किया। आज हमने उन्हें अच्छी तरह खेला और उनका असर कम किया, जो जीत की एक बड़ी वजह रही। जडेजा के खिलाफ रिवर्स स्वीप खेलने पर डकेट ने कहा उनको सामने खेलना मुश्किल होता है, इसलिए रिवर्स मेरा भरोसेमंद शॉट है।

## शिवम दुबे ने मुंबई में खरीदे अपार्टमेंट, 27 करोड़ रुपए से ज्यादा है कीमत

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कथित तौर पर मुंबई में अपार्टमेंट खरीदे हैं। जानकारी के मुताबिक दुबे ने मुंबई के अंधेरी वेस्ट में दो अपार्टमेंट खरीदे हैं। ऑनलाइन प्रॉपर्टी पोर्टल स्क्वायर यार्ड्स द्वारा समीक्षा किए गए प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन दस्तावेजों के अनुसार, इन दोनों अपार्टमेंट की कीमत मिलाकर 27.50 करोड़ रुपए है। इस 31 वर्षीय क्रिकेटर ने इस महीने लेनदेन पंजीकृत किया है। अपार्टमेंट ओशिवारा में डीएलएच एन्क्लेव की बगल की मंजिलों पर हैं। रिपोर्ट के अनुसार अपार्टमेंट का कुल क्षेत्रफल 4200 वर्गफुट है। इस बीच 3800 वर्गफुट के कारपेट एरिया वाली एक छत भी है। दोनों अपार्टमेंट में तीन पार्किंग स्पेस हैं। कुल स्टांप




ड्यूटी 1.65 करोड़ रुपए और रजिस्ट्रेशन फीस 30,000 रुपए होने का अनुमान है।

**आईपीएल 2025 में दुबे का प्रदर्शन कैसा रहा** - पिछले दो सीजन में फ्रैंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के बाद दुबे को मेगा-नीलामी से पहले ष्टस्य ने 12 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। हालांकि टूर्नामेंट के 18वें संस्करण में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने 14 मैचों में 32.45 की औसत से 357 रन बनाए जिसमें उनका स्ट्राइक रेट केवल 132.22 रहा, जो 2021 के बाद से आईपीएल सीजन में उनका सबसे कम है। दुबे ने सीजन के दौरान अलग-अलग नम्बर पर बल्लेबाजी की क्योंकि सीएसके ने पांच बार के चैंपियन के लिए एक भूलने योग्य सीजन में आदर्श संयोजन खोज रहा था। सीएसके आईपीएल में पहली बार अंक तालिका में सबसे नीचे रहा।

## भारत के 9 वर्षीय खिलाड़ी ने विश्व नम्बर 1 मैग्नस कार्लसन को ड्रॉ पर रोका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के नौ वर्षीय आरित कपिल एक प्रमुख ऑनलाइन मंच पर आयोजित 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ पर संतोष करना पड़ा।





हाल ही में अंडर-9 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उप-विजेता रहे आरित ने पांच बार के विश्व चैम्पियन कार्लसन को हार के कगार पर पहुंचा दिया था लेकिन समय समाप्त होने और घड़ी में केवल कुछ सेकंड बचे होने के कारण यह युवा भारतीय खिलाड़ी अपनी बढ़त को भुनाने में असमर्थ रहा और उसे ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा।

आरित ने जॉर्जिया के अपने होटल से इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां वह वर्तमान में अंडर-10 विश्व चैंपियनशिप में खेल रहे हैं। इस बीच भारत के वी प्रणव ने 11 में से 10 अंक लेकर 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' का खिताब जीत लिया। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हैंस मोके नीमन और कार्लसन दोनों ने 9.5 अंक हासिल किए, लेकिन नीमन ने टाईब्रेक में दूसरा स्थान हासिल किया।

## तिलक वर्मा ने काउंटी चैम्पियनशिप के डेब्यू पर जड़ा शतक

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर पहले टेस्ट का अंतिम दिन जहां भारतीय गेंदबाजों को विकेट मिलने में मुश्किल हो रही है। वहीं दूसरी तरफ तिलक वर्मा ने यूके में हैम्पशायर के लिए खेलते हुए काउंटी चैम्पियनशिप में डेब्यू पर शतक लगा दिया है। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने 98 के स्कोर से आगे खेलते हुए चेम्सफोर्ड में एसेक्स के खिलाफ शतक लगाया।



वर्मा ने तीसरे दिन कुछ ही समय में अपना पहला काउंटी शतक बनाया, लेकिन शुरुआत को आगे नहीं बढ़ा सके। उन्होंने 241 गेंदों पर 100 रन बनाए। लेकिन वह साइमन हार्मर द्वारा आउट हो गए। वर्मा ने अपनी पारी के दौरान 11 चौके और तीन छक्के लगाए। वर्मा 2019 में अजिंक्य रहाणे के बाद हैम्पशायर के लिए शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। वर्मा ने दूसरे दिन के बाद कहा, मैं रहाणे से कह सकता हूं कि मैंने भी यहां शतक बनाया है।

आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले 22 वर्षीय रोमांचक खिलाड़ी सबसे बेहतरीन टी20 बल्लेबाजों में से एक हैं। नई आईसीसी रैंकिंग में वह दुनिया में नंबर 3 रैंक वाले टी20 बल्लेबाज है।

# नीरज चोपड़ा ने 4 दिन के अंदर दूसरा टूर्नामेंट जीता

**गोल्डन स्पाइक मीट में नंबर-1 रहे, 85.29मी. भाला फेंका**

**ओस्त्रावा (एजेंसी)।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने गोल्डन स्पाइक मीट में पहला स्थान हासिल किया है। वे लगातार दूसरे टूर्नामेंट में नंबर-1 पर रहे हैं। नीरज ने 4 दिन पहले 20 जून को पेरिस डायमंड लीग में पहला स्थान हासिल किया था। नीरज ने मंगलवार रात को चेक ?रिपब्लिक (ओस्त्रावा) में आयोजित इस टूर्नामेंट में 85.29 मीटर भाला फेंका और पहले स्थान पर रहे। द. अफ्रीका के डोव स्मित (84.12 मीटर) पर्सनल बेस्ट के साथ दूसरे और ग्रेनाडा के एंडरसन पेटर्स (86.63 मीटर) तीसरे नंबर पर रहे। नीरज इस समय वर्ल्ड एथलेटिक्स के कॉन्टीनेंटल टूर पर हैं। इस टूर्नामेंट में 9 प्लेयर्स ने हिस्सा लिया। उन्होंने को पेरिस डायमंड लीग भी जीती थी।



**तीसरे प्रयास में आया नीरज का बेस्ट थ्रो**

प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा का बेस्ट थ्रो तीसरे प्रयास में आया। उन्होंने फाउल से शुरुआत की। फिर 83.45 मीटर स्कोर किया। नीरज 85.29 मीटर के थ्रो के साथ वे टॉप पर आ गए। उन्होंने अगले 2 थ्रो में क्रमशः 82.17 मीटर और 81.01 मीटर स्कोर किया। आखिरी थ्रो फाउल रहा।

# शुभमन गिल की मैदान पर आभा रोहित और विराट जैसी प्रभावशाली नहीं : इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन

**लीड्स (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में पांच विकेट से शिकस्त मिलने के बाद भारत के नए कप्तान शुभमन गिल की रणनीति की आलोचना के बीच पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि 'मैदान पर उनमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसा आभा नहीं दिखी।% भारत को इस मैच में पांच शतकीय पारियों के बाद भी हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने मंगलवार को मैच के पांचवें दिन 371 रन का लक्ष्य पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। टीम ने इसके साथ ही श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली।

रोहित शर्मा के बाद कप्तान के रूप में अपने पहले टेस्ट में गिल को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और हुसैन ने कहा कि यह युवा खिलाड़ी कप्तान के तौर पर 'सक्रिय होने के बजाय प्रतिक्रिया दे रहा था। हुसैन ने कहा, 'मैंने देखा कि कोई तरीका ढूंढने की कोशिश कर रहा था। उसके (गिल) पास मैदान पर रोहित और (विराट कोहली) जैसी आभा नहीं दिखी। मुझे लगा कि वह सक्रिय होने के बजाय प्रतिक्रिया दे रहा था।

उन्होंने कहा, 'जब रोहित और कोहली टीम की कप्तानी कर रहे थे तब आपको देख कर ही समझ आ जाता था कि कौन नेतृत्व कर रहा है लेकिन इस मैच में मुझे लगा कि दो या तीन कप्तान है। ऐसा लगा जैसे एक समिति टीम का नेतृत्व कर रही है। हुसैन ने कहा कि भारत मैच इसलिए हार गया क्योंकि गिल दो चीजों (कैच छोड़ना और निचले क्रम के बल्लेबाजों का घुटने टेकना) को नियंत्रित नहीं कर सके।



उन्होंने कहा, 'टीम की यह स्थिति मुझे चिंतित करती है। भारत के पास लंबे समय से रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल जैसे शानदार स्पिन-गेंदबाजी हरफनमौला रहे हैं। वे हालांकि इंग्लैंड में अब भी एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर की तलाश कर रहे हैं जो बल्लेबाजी कर सके। इंग्लैंड के लिए 1990 से 2004 के बीच 96 टेस्ट खेलने वाले इस 57 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, 'भारतीय टीम अगर 31 रन पर छह विकेट और 41 रन पर सात विकेट गंवाते रही तो तो इस श्रृंखला का परिणाम जल्दी तय हो जाएगा।

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि गिल ने 'उनसे जितना अपेक्षित था, उससे कहीं अधिक किया है। शास्त्री ने कहा, 'इस परिणाम के बावजूद कोचिंग स्टाफ के लिए इस मैच में कई सकारात्मक पहलू है। गिल ने एक कप्तान के रूप में उससे कहीं अधिक किया है, जितना अपेक्षित था। शास्त्री ने कहा, '' उन्होंने अपने पहले टेस्ट में शतक बनाया। खिलाड़ियों का कैच छोड़ना उसके नियंत्रण में नहीं है।

गिल ने भारत की पहली पारी में 471 रन के कुल स्कोर में 147 रन बनाए। उन्होंने दूसरी पारी में आठ रन बनाए। शास्त्री ने कहा, 'भारत के लिए इस हार को पचा पाना मुश्किल होगा। आप अक्सर ऐसी स्थिति में नहीं आते और वहां से हार मान लेते हैं। उनके पास इंग्लैंड को मुकाबले से बाहर करने के कई मौके थे। शास्त्री ने कहा, 'उन्हें सीखना होगा और उन्हें निचले क्रम के बल्लेबाजों से अधिक सहयोग की जरूरत है। आपको अपने विकेट की कीमत को समझना होगा।

पूर्व भारतीय हरफनमौला ने यह भी कहा कि टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को दो जुलाई से बर्मिंघम में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में खेलना चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर वह आराम की सोच रहे थे तो आपको दो बार सोचना पड़ सकता है। बुमराह अगर उस मैच को नहीं खेलते हैं और आप 2-0 से पिछड़ जाते हैं तो वापसी करना काफी कठिन होगा। मैच की पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले बुमराह की योजना इस श्रृंखला में तीन मैच खेलने की है। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का भी मानना है कि भारत के पास टेस्ट जीतने के मौके थे लेकिन उन्होंने उन्हें गंवा दिया।

## संक्षिप्त समाचार



### बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट ने लगाई फटकार, 10 लाख का मुआवजा, अधिकारी से वसूले जाएंगे 2 लाख

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** उड़ीसा हाईकोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सरकार को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह मुआवजा एक सामुदायिक केंद्र की संपत्ति को गैरकानूनी ढंग से गिराए जाने के मामले में दिया गया है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिया कि इस मुआवजे में से 2 लाख रुपये संबंधित तहसीलदार की वेतन से वसूले जाएं जिन्होंने यह आदेश जारी किया था। हाईकोर्ट ने प्रशासनिक जवाबदेही तय करने के इरादे से तहसीलदार से वसूली का फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि यह कार्रवाई न्यायिक आदेशों की स्पष्ट अवहेलना थी और कार्यपालिका की शक्ति का दुरुपयोग दर्शाती है। कोर्ट ने इसे कार्यपालिका की मनमानी और कानून के शासन के खिलाफ बताया।

आपको बता दें कि बुलडोजर जस्टिस की व्यापक पैमाने पर शुरुआत उत्तर प्रदेश से हुई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने कई अपराधियों के घर पर बुलडोजर चलवाए। हालांकि उनकी सरकार को सुप्रीम कोर्ट से फटकार का सामना भी करना पड़ा, लेकिन आज भी उत्तर प्रदेश में यह ऐक्शन जारी है। उत्तर प्रदेश के बाद मध्य प्रदेश में भी बड़े पैमाने पर ऐसी कार्रवाई देखने को मिली थी। इसके बाद और भी कई राज्यों में संगान अपराध में नाम आने पर अपराधियों के घरों पर बुलडोजर चलाए गए।

### चंडीगढ़ महापौर चुनाव में नहीं होगा गुप्त मतदान, अब पार्षद ऐसे डालेंगे वोट

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** चंडीगढ़ नगर निगम के महापौर, वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के पदों के लिए चुनाव अब गुप्त मतदान के जरिये नहीं होगा बल्कि पार्षद हाथ उठाकर अपना मत पसंदीदा उम्मीदवार के पक्ष में देंगे। पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार को चंडीगढ़ नगर निगम (कार्य-प्रक्रिया एवं संचालन) विनियम, 1996 में संशोधन को मंजूरी दी।

यहां जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस संशोधन के साथ, महापौर, वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर का चुनाव अब पहले की गुप्त मतदान पद्धति के स्थान पर हाथ उठाकर किया जाएगा। कटारिया ने कहा कि नई प्रणाली से चुनाव प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता आएगी तथा निर्वाचित प्रतिनिधियों की भूमिका स्पष्ट होगी।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बदलाव से नगर निगम की कार्यप्रणाली और प्रशासन में सुधार आएगा तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में विश्वास और मजबूत होगा। पिछले साल चंडीगढ़ महापौर चुनाव के दौरान उस समय विवाद खड़ा हो गया था, जब तत्कालीन पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा आम आदमी पार्टी (आप)-कांग्रेस के पक्ष में पड़े आठ मतों को अमान्य करार दिए जाने का वीडिया वायरल हो गया। महापौर चुनाव को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई और उसने इस चुनाव को अमान्य करार दिया। न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार की जीत को रद्द करते हुए आप प्रत्याशी कुलदीप कुमार को विजयी घोषित किया।


### हिमाचल के स्कूलों में अब न्यूज की भी पढ़ाई, सीएम का आदेश, लगाने होंगे सत्र

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार सूबे के स्कूलों के लिए एक नया निर्देश जारी किया है। सूबे के शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी स्कूलों को सुबह की सभाओं में दैनिक समाचार वाचन सत्र को शामिल करने का निर्देश दिया है। शिक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि इस बारे में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। सीएम की ओर से आदेश जारी किए जाने के बाद सूबे के सरकारी स्कूलों में सुबह की सभाओं में दैनिक समाचार वाचन सत्र को शामिल किया जाना सुनिश्चित करने के लिए सभी उप निदेशकों को लिखित निर्देश जारी किए गए हैं। बताया जाता है कि यह फैसला कुल्लू जिले के बागा सराहन में सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मुख्यमंत्री के हाल के औचक दौरे के बाद लिया गया है।

# शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे: महाराष्ट्र में बनेगा देश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे, 8 घंटे और 800 किलोमीटर का सफर

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट मीटिंग के बाद शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे के निर्माण का ऐलान किया। कैबिनेट मीटिंग में इस एक्सप्रेसवे को मंजूरी दी गई और इसके लिए 20 हजार करोड़ से ज्यादा के फंड को मंजूरी दी गई। यह एक्सप्रेसवे बेहद खास है क्योंकि किसी एक राज्य के अंदर ही बनने वाला देश का यह सबसे लंबा एक्सप्रेसवे होगा। इससे पहले मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे और यूपी का प्रयाग एक्सप्रेसवे सबसे लंबे थे। इस एक्सप्रेसवे के माध्यम से नागपुर से सीधा गोवा पहुंचा जा सकेगा और यह कुल 805 किलोमीटर लंबा होगा। सरकार का प्लान है कि इस एक्सप्रेसवे का पूरा सफर 8 घंटे में तय हो सके। इस तरह लोग 8 घंटे में ही 800 किलोमीटर का रास्ता तय कर लेंगे।

पूर्वी महाराष्ट्र से कोंकण और सीधे गोवा पहुंचाने वाला यह एक्सप्रेसवे 12 जिलों को जोड़ेगा। इससे




महाराष्ट्र के विदर्भ समेत कई पिछड़े जिलों के विकास को गति मिलने की उम्मीद है। फिलहाल नागपुर से यदि सड़क मार्ग से आप गोवा जाना चाहते हैं तो 18 घंटे का वक्त लगता है, जो घटकर महज 8 घंटे रह जाएगा। इस तरह 10 घंटों का वक्त यह एक्सप्रेसवे बचाएगा। इस एक्सप्रेसवे का नाम शक्तिपीठ इसलिए रखा गया है क्योंकि यह महालक्ष्मी, तुलजाभवानी और पत्रादेवी शक्तिपीठ को जोड़ेगा। इसके अलावा पंढरपुर, नांदेड़ और सेवाग्राम जैसे स्थानों को भी इससे जोड़ा जा सकेगा। सिखों का पवित्र तीर्थ स्थल तख्त सचखंड साहिब नांदेड़ में ही स्थित है।

यह एक्सप्रेसवे वर्धा के पावनार से शुरू होगा और उत्तर गोवा के पत्रादेवी में समाप्त होगा। इस एक्सप्रेसवे के बनने से महाराष्ट्र के ही कई जिले आपस में जुड़ेंगे तो वहीं मध्य भारत से भी गोवा पहुंचना आसान होगा। महाराष्ट्र के औद्योगिक विकास के लिए भी इसे अहम माना जा रहा है। इस एक्सप्रेसवे का प्रस्ताव एकनाथ शिंदे सरकार के दौर में देवेंद्र फडणवीस ने ही रखा था, जो तब डिप्टी सीएम हुआ करते थे। अब उन्होंने इसके अमल को मंजूरी दे दी है। बता दें कि देश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे भी महाराष्ट्र को दिल्ली से जोड़ रहा है। इस तरह महाराष्ट्र में एक यह और बड़ा प्रोजेक्ट शुरू हो रहा है। दिल्ली से मुंबई को जोड़ने वाला एक्सप्रेसवे 1450 किलोमीटर लंबा है और इसके एक हिस्से में वाहन चलना शुरू भी हो गए हैं।

## अल्पसंख्यक कॉलेजों में नहीं मिलेगा आरक्षण का लाभ, महाराष्ट्र में जल्द जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार द्वारा सोमवार को एक सरकारी निर्णय जारी कर यह स्पष्ट कर दिया गया है कि एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण अल्पसंख्यक कॉलेजों पर लागू नहीं होगा। हालांकि, कई कॉलेज अब भी बदले हुए सीट मैट्रिक्स के अनुसार दाखिला ले रहे हैं। इससे 11वीं कक्षा की पहली मेरिट सूची गुरुवार को जारी होने पर संशय बन गया है। सूत्रों के अनुसार, सोमवार के आदेश के बाद कई अल्पसंख्यक कॉलेजों ने मंगलवार को छात्रों को दोबारा बुलाया और उनसे नए आवेदन भरवाए गए। उन पर ताजा तारीख (मंगलवार) लिखवाई गई और उनसे



शुक्रवार तक फीस जमा करने को कहा गया। इस साल 10वीं की परीक्षा जल्दी हुई और 13 मई को ही परिणाम घोषित कर दिए गए, जिससे छात्रों को पहले दाखिले की उम्मीद थी। लेकिन उसके बाद सरकार ने पहले नया केंद्रीकृत प्रवेश प्रणाली लागू करने की कोशिश की और फिर अल्पसंख्यक संस्थानों में आरक्षण लागू करने की योजना बनाई, जिससे पूरी प्रक्रिया में विलंब हो गया।

**मेरिट लिस्ट की तारीख पर स्थिति स्पष्ट नहीं:** एडमिशन सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हम देख रहे हैं कि क्या गुरुवार को पहली मेरिट सूची घोषित की जा सकती है। हम बुधवार को सभी जानकारियां एकत्र कर अंतिम निर्णय लेंगे कि सूची गुरुवार को जारी हो पाएगी या छात्रों को और समय देना पड़ेगा। बदले हुए नियमों और बार-बार की गई प्रक्रियागत फेरबदल ने छात्रों और अभिभावकों में भ्रम और चिंता पैदा कर दी है। कई अभिभावकों ने शिकायत की है कि अल्पसंख्यक कॉलेजों में अब भी पहले आरक्षण के आधार पर सीटें भरने की प्रक्रिया चल रही है, जो सोमवार के जीआर के अनुसार न्यायसंगत नहीं है।

# जस्टिस वर्मा पर क्यों नहीं हुई एफआईआर

### कोड ऑफ कंडक्ट का पालन नहीं कर रहे जज, सांसदों ने उठाए सवाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैश कांड में बुरे फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा पर संसदीय पैनल ने भी सवाल उठाए हैं और सरकार से पूछा है कि आखिर उनके खिलाफ अब तक कोई एफआईआर क्यों नहीं दर्ज हुई। मंगलवार को कानून एवं न्याय मामलों की संसदीय समिति की मीटिंग हुई, जिसमें सांसदों ने न्यायपालिका में भ्रष्ट आचरण को लेकर चिंता जताई। सांसदों ने कहा कि एक जज के यहां बड़े पैमाने पर कैश पाया जाना सोचने वाली बात है। इसके अलावा उन्होंने जजों के राजनीतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने और संपत्ति घोषित करने में देरी को लेकर भी सवाल उठाया।

सदस्यों का सीधा सवाल यही था कि दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर जब बड़े पैमाने पर कैश पाया गया तो इस मामले में एफआईआर क्यों नहीं हुई है। फिलहाल जस्टिस वर्मा इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज हैं और इस कांड के बाद उनका ट्रांसफर हो गया था। बंगाल के एक सांसद ने तो सीधा सवाल दागा कि जब अनियमितता के आरोपों में 25 हजार से ज्यादा अध्यापकों को नौकरी से हटा दिया गया तो फिर जज के खिलाफ कोई ऐक्शन क्यों नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इन अध्यापकों की तो जॉइनिंग भी 2016 में हुई थी। एक सांसद ने कहा कि आखिर यह क्या ऐक्शन हुआ कि गंभीर आरोपों में घिरे जज का सिर्फ एक हाई कोर्ट से दूसरे में ट्रांसफर कर दिया गया।

#### कोड ऑफ कंडक्ट का क्यों नहीं हो रहा पालन

कुछ सदस्यों ने जजों के लिए बने 16 पॉइंट के कोड ऑफ कंडक्ट का पालन न होने पर भी सवाल किया। यह कोड ऑफ कंडक्ट सुप्रीम कोर्ट ने ही 1997 में लागू किया था। सांसदों ने कहा कि जजों के लिए यह कोड ऑफ कंडक्ट सिर्फ कागजों में ही है। इसके 2023 में सिफारिश की गई थी कि जजों को अपनी संपत्ति घोषित करनी चाहिए, लेकिन इसका पालन भी अधूरा ही है।

#### संपत्ति घोषित करने में देरी पर भी उठे सवाल

उन्होंने कहा कि कई जज तो अब तक संपत्ति घोषित करने से बच रहे हैं। इसके अलावा जजों के राजनीतिक दलों या उनसे जुड़े संगठनों के आयोजनों में हिस्सा लेने पर भी सवाल खड़े किए गए। सदस्यों ने कहा कि चिंता की बात यह भी है कि कुछ जज रिटायरमेंट के बाद भी पद ले रहे हैं। इस मीटिंग में विपक्षी दलों से जुड़े सांसदों ने जस्टिस शेखर यादव का भी जिक्र किया। वह विश्व हिंदू परिषद के एक आयोजन में शामिल हुए थे और उनके कुछ बयानों पर विवाद खड़ा हो गया था।

## अजमेर हाईवे पर केमिकल टैंकर पलटा, आग में झुलसकर ड्राइवर की मौत

**अजमेर , एजेंसी।** अजमेर हाईवे बुधवार सुबह उस वक्त दहशत की जद में आ गया जब एनएच-48 पर मौखमपुरा के पास एक केमिकल टैंकर ने भीषण हादसे का रूप ले लिया। सुबह करीब 8:30 बजे का समय था, जब रोज की तरह लोग अपने-अपने गंतव्यों की ओर बढ़ रहे थे। तभी अचानक एक मेथेनॉल से भरा टैंकर बेकाबू होकर पलटा और पलटते ही आग का भीषण गोला बन गया।

कुछ ही सेकेंड में टैंकर धू-धू कर जलने लगा और देखते ही देखते पूरी सड़क आग की लपटों में घिर गई। हादसे में टैंकर का ड्राइवर राजेन्द्र जिंदा जल गया, उसका शव पूरी तरह से जलकर राख हो गया। मौके पर मौजूद लोग सिर्फ चीखते-चिल्लाते रह गए। जो जहां था, वहां से जान बचाकर भागा। हाईवे पर भगदड़ मच गई, लोग अपने वाहन सड़क किनारे छोड़ खेतों की ओर दौड़ पड़े। वहां मौजूद हर शख्स की आंखों के सामने जलती लपटों में एक जिंदगी खत्म हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टैंकर पलटते ही एक तेज धमाका हुआ और फिर चारों तरफ धुएं और आग का गुबार फैल गया। ट्रैफिक थम गया, लोग कांप उठे। विशाल नाम के युवक ने बताया कि वह जयपुर की ओर जा रहा था, तभी सामने से टैंकर पलटा और अगले ही पल आग का भयानक नजारा देखने को मिला। हम सब डर के मारे कार से उतर गए और जितनी तेजी से हो सका, पीछे की ओर भागे। आसपास की सभी गाड़ियां रुक गईं, हर कोई अपनी जान बचाने में लगा था।

सूचना मिलते ही मौखमपुरा थाना पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

## आसाराम की जमानत अवधि बढ़ाने की अर्जी, गुजरात हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात हाईकोर्ट ने मंगलवार को स्वयंभू संत आसाराम द्वारा अपनी अस्थायी जमानत की अवधि बढ़ाने के लिए दायर की गई याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगा। साल 2013 के एक दुष्कर्म मामले में आसाराम (86) को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। आसाराम फिलहाल मेडिकल ग्राउंड पर जमानत पर है।

जस्टिस इलेश वोरा और जस्टिस संदीप भट्ट की खंडपीठ ने सरकार को नोटिस जारी कर 27 जून तक जवाब मांगा है। उच्च न्यायालय ने 28 मार्च को आसाराम को तीन महीने की अस्थायी जमानत दी थी, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा उसे पूर्व में दी गई अंतरिम जमानत 31 मार्च को समाप्त हो रही थी। हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने एक विभाजित फैसला सुनाया था जिसके बाद एक तीसरे न्यायाधीश, जिनके पास मामला भेजा गया था। फिर अदालत ने आसाराम को तीन महीने की अस्थायी जमानत देने के पक्ष में फैसला सुनाया।

## इजरायल के खिलाफ सैन्य अभियान जारी रखेगा हूती समूह

### अल-बुखैती ने किया ऐलान



**अदन, एजेंसी।** यमन के हूती समूह ने घोषणा की है कि वह इजरायल के खिलाफ सैन्य अभियान को जारी रखेगा। हूती समूह का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष विराम की घोषणा के कुछ घंटों बाद आया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हूती राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य मोहम्मद अल-बुखैती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान में यह बात कही। अल-बुखैती ने लिखा, अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के साथ संघर्ष विराम स्वीकार करना यह साबित करता है कि सैन्य बल ही एकमात्र भाषा है, जो वे समझते हैं।

हूती अधिकारी ने जोर देकर कहा कि समूह के इजरायल के खिलाफ सैन्य अभियान तब तक जारी रहेंगे, जब तक गाजा पर हमला बंद नहीं होता और घेराबंदी नहीं हटाई जाती। 13 जून को इजरायल ने ईरान के विभिन्न क्षेत्रों पर बड़े हवाई हमले किए थे। ये हमले परमाणु और सैन्य ठिकानों पर किए गए थे, जिसमें वरिष्ठ कमांडर, परमाणु वैज्ञानिक और नागरिक मारे गए। इसके जवाब में ईरान ने इजरायल पर कई मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिससे कई लोग हताहत हुआ और भारी नुकसान हुआ।

शनिवार को अमेरिकी वायु सेना ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों फोर्डो, नतांज और इस्फाहान पर बमबारी की। जवाब में ईरान ने सोमवार को कतर में अमेरिकी अल उदेद एयर बेस पर मिसाइलों से हमला किया। ईरान के हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि दोनों पक्षों के बीच संघर्ष विराम मंगलवार को सुबह (स्थानीय समयानुसार 9:30) से शुरू होगा। ईरान और इजरायल दोनों ने बाद में संघर्ष विराम शुरू होने की पुष्टि की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 'सीजफायर लागू' होने की घोषणा और इसे न तोड़ने की अपील के बीच इजरायल ने युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया और कहा कि उसने ईरान के साथ अमेरिका के प्रस्तावित द्विपक्षीय युद्धविराम को स्वीकार कर लिया है। इजरायल ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा, वह ईरान के साथ द्विपक्षीय युद्धविराम के लिए अमेरिका के प्रस्ताव पर सहमत है और इसका उल्लंघन होने पर जोरदार जवाब देगा। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया, प्रधानमंत्री ने कैबिनेट, रक्षा मंत्री, सेना प्रमुख और मोसाद प्रमुख के साथ बैठक की। इजरायल ने 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के सभी लक्ष्य हासिल कर लिए हैं।

## ताहो झील में नाव पर जन्मदिन का जश्न मना रहा था परिवार

### अचानक आया तेज तूफान; आठ लोगों की मौत

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** कैलिफोर्निया की ताहो झील में बड़ा हादसा हुआ। अचानक आए तूफान ने एक परिवार की खुशियां काफूर कर दीं। तूफान के चलते झील में नाव पर जन्मदिन का जश्न मना रहे एक परिवार के चार लोगों समेत आठ की मौत हो गई। जबकि दो लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बचाया गया। उत्तरी कैलिफोर्निया के रेडवुड सिटी 73 वर्षीय टेरी पिक्ल्स ताहो झील में अपने बेटे सैन फ्रांसिस्को निवासी 37 वर्षीय जोश पिक्ल्स की नाव पर अपनी पत्नी 71 वर्षीय पाउला बोजिनोविच का जन्मदिन मना रहे थे। इस दौरान अचानक आए तेज तूफान में नाव पलट गई। हादसे में जोश पिक्ल्स, उनके पिता टेरी पिक्ल्स, मां पाउला बोजिनोविच और लिंकन निवासी उनके चाचा 72 वर्षीय पीटर बेयस की मौत हो गई।

जोश पिकल्स की पत्नी जॉर्डन सुगर-कार्ल्सगार्ड ने कहा कि हम उस दर्द और पीड़ा को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते हैं जो हमें यह जानकर महसूस हो रहा है कि झील पर आनंदमय समय बिताने के दौरान उनकी जान चली गई। हमारी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने दुखद रूप से अपनी जान गवां दी।

परिवार के प्रवक्ता सैम सिंगर ने बताया कि सभी लोग पाउला बोजिनोविच का जन्मदिन मना रहे थे। जबकि जोश पिक्ल्स की पत्नी अपनी सात महीने की बेटी की देखभाल के लिए घर पर ही रहीं। उन्होंने बताया कि जोश और जॉर्डन की शादी 2023 में हुई थी। उन्होंने सैन फ्रांसिस्को में कई टेक कंपनियों में काम किया। जोश डोरडैश में और जॉर्डन एयरबीएनबी में काम करते थे। वे अपना समय खाड़ी क्षेत्र और ताहो झील के पास बने घर में बिताते थे।

डोरडैश के मुख्य वित्तीय अधिकारी रवि इनुकोंडा ने कहा कि जोश लगभग सात साल से कंपनी में काम कर रहे थे। वह अपनी टीम से प्यार करते थे और उन सभी के लिए प्रेरणा थे जिन्हें उन्हें जाना। हमारी संवेदनाएं उनकी पत्नी, उनकी बेटी, उनके परिवार और उनके करीबी सभी लोगों के साथ हैं। अमेरिकी तटरक्षक अधिकारियों ने बताया कि 27 फुट (8 मीटर) लंबे क्रिस-क्राफ्ट नाव पर दस लोग सवार थे। शनिवार दोपहर को तूफान के कारण ऊंची लहरें उठीं और नाव झील के दक्षिण-पश्चिमी किनारे पर डीएल ब्लिस स्टेट पार्क के पास पलट गई।

# ग्रीस दौरे पर पहुंचे भारतीय वायुसेना प्रमुख एपी सिंह, रक्षा साझेदारी को मिलेगी नई रफ्तार

**एथेंस, एजेंसी।** भारत और ग्रीस के रक्षा संबंधों को और मजबूती देने के मकसद से भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह आधिकारिक दौरे पर ग्रीस पहुंचे हैं। इस दौरे के दौरान ग्रीस की वायुसेना की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दोनों देशों के बीच जारी सैन्य सहयोग को नई दिशा देने की उम्मीद इस दौरे से जताई जा रही है।

सोमवार को एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ग्रीस पहुंचे। वहां पापागु मिलिट्री बेस स्थित हेलेनिक एयर फोर्स जनरल स्टाफ में ग्रीस के वायुसेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल डिमोस्थेनिस ग्रिगोरियादिस ने उनका औपचारिक स्वागत किया। इस दौरान उन्हें ग्रीस की वायुसेना की संरचना, मिशन और संचालन गतिविधियों की जानकारी दी गई।

### लड़ाकू इकाइयों का किया दौरा

भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस दौरे का मुख्य उद्देश्य संचालन और प्रशिक्षण के क्षेत्र में दोनों देशों



के बीच सहयोग को और मजबूती देना है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने ग्रीस की लड़ाकू इकाइयों का दौरा किया और स्टाफ टॉक्स में हिस्सा लिया। दोनों देशों की वायुसेनाएं पहले भी संयुक्त सैन्य अभ्यास जैसे इनियोखोस-23, इनियोखोस-25 और तरंग शक्ति-24 में भाग ले चुकी हैं।

#### दोनों सेनाएं साथ करेंगी प्रशिक्षण

गौरतलब है कि इन सैन्य अभ्यासों के जरिए दोनों देशों की सेनाओं के बीच इंटरऑपरेबिलिटी यानी एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने की क्षमता में इजाफा हुआ है। इसके साथ ही रणनीतिक साझेदारी भी मजबूत हुई है, जो वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में बेहद अहम मानी जा रही है।

#### वायुसेना अकादमी का भी किया दौरा

दौरे के दौरान एयर चीफ मार्शल सिंह, ग्रीस की लड़ाकू इकाइयों के अलावा डेकलिया एयर बेस स्थित हेलेनिक वायुसेना अकादमी का भी दौरा करेंगे। इस दौरान दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच आपसी प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और संयुक्त सैन्य योजनाओं पर विस्तार से बातचीत होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि जब भूमध्य सागर और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियां बढ़ रही हैं, ऐसे समय में भारत और ग्रीस का सैन्य सहयोग दोनों देशों की सामरिक तैयारियों को मजबूती देगा। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह का यह दौरा न सिर्फ रक्षा साझेदारी को नई ऊंचाई देगा बल्कि भारत की वैश्विक सैन्य कूटनीति को भी मजबूत करेगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129